RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 93
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 8 फरवरी, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




देश के गन्ना किसानों का 99% भुगतान

राष्ट्रीय-10

# मोदी का कांग्रेस पर हमला जारी

## प्रधानमंत्री ने यूपीए सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन की आलोचना की, कहा- हम भारत को विकसित बनाएंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



संसद के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में बोलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और उसके नेतृत्व पर कुछ कटाक्षों के साथ अपना हमला जारी रखा, साथ ही उन्होंने अपने एनडीए की दो कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया, जिसने उनके तीसरे कार्यकाल के लिए रास्ता मजबूत किया है। आगामी लोकसभा चुनावों में भारी बहुमत हासिल करने के प्रति आश्वस्त मोदी ने अपने अगले पांच साल के कार्यकाल के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए कहा कि मोदी 3.0 सरकार 'विकसित भारत' या एक विकसित राष्ट्र की नींव को मजबूत करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगाएगी। अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन के लिए पिछली कांग्रेस नीत सरकारों पर हमला बोलते हुए मोदी ने राज्यसभा को बताया कि उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान भारत 'फ्रैजाइल फाइव' से बाहर निकलकर दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के 90 मिनट के अपने जोशीले जवाब में कहा, 'सबका साथ कोई नारा नहीं है, यह मोदी की गारंटी है।' प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार के 10 सालों के कार्यकाल को बड़े व निर्णायक फैसलों वाला करार देते हुए अगले पांच सालों में बुलेट ट्रेन के सपने को साकार करने से लेकर आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई ऊंचाई पर ले जाने का भरोसा दिलाया और दावा किया कि देश आगामी चुनाव में वारंटी खत्म हो जाने वालों पर नहीं बल्कि गारंटी पर विश्वास करने वालों पर भरोसा जताएगा।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को आउटडेटेड और आरक्षण का जन्मजात विरोधी बताया तथा उसके पतन के लिए संवेदनाएं प्रकट करते हुए प्रार्थना की कि वह अगले आम चुनाव में 40 सीट ही बचा ले। करीब डेढ़ घंटे के अपने संबोधन के दौरान उन्होंने भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और उन्हें कांग्रेस के युवराज के नाम से संबोधित करते हुए उन्हें ऐसा नॉन स्टार्टर बताया जो न तो लिफ्ट हो पा रहे हैं और ना ही लांच। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में भारत के आत्मविश्वास, उज्ज्वल भविष्य के प्रति उसके विश्वास और आमजन के सामर्थ्य को बहुत ही कम शब्दों में लेकिन बहुत ही शानदार तरीके से देश के सामने प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कह कि अगले पांच साल में देश बुलेट ट्रेन और वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार भी दिखेगा और अगले पांच साल में आत्मनिर्भर भारत का अभियान नई ऊंचाई पर होगा तथा देश हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर होता नजर आएगा।

उन्होंने कहा कि आने वाले पांच साल में मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर के मामले दुनिया में भारत की गूंज होगी और इस दौरान लाखों करोड़ रुपए का तेल आयत की अपनी उर्जा जरूरत के लिए उसे ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर बनने की दिशा में काम होगा। उन्होंने कहा कि भारत का जो स्वर्णिम काल था, देश को 2047 तक उस स्थिति में पहुंचाने के लिए वह जी-जान लगा देंगे। उन्होंने कहा, विकसित भारत कोई शब्दों का खेल नहीं है। यह हमारी प्रतिबद्धता है। हमारी हर सांस, हर सोच उसके लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि देश ने पिछले 10 सालों में एक-एक क्षेत्र में बदलाव का अनुभव किया है और आने वाले दिनों में यह तेज गति से उसे नई ताकत देगा। मोदी ने उन्हें भेजी गई एक कविता की दो पंक्तियां मोदी की गारंटी का दौर है, नए भारत की भोर। आउट ऑफ वारंटी चल रही दुकानें, खोजें अपनी ठौर को सुनाते हुए कहा, जिनकी वारंटी खत्म हो गई है देश उनकी बातें सुन नहीं सकता है। जिसकी गारंटी की ताकत देश ने देखी है उसके विचारों पर विश्वास करते हुए वह आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद में अपने संबोधन में समाज के चार सबसे बड़े वर्गों... गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं की समस्याएं हल करने की बात की। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने सत्ता के लिए लोकतंत्र का गला घोंट दिया और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकारों को बर्खास्त कर दिया। कांग्रेस दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के खिलाफ रही है और अगर बाबासाहेब अंबेडकर नहीं होते तो ( शेष पेज 9 )

# केजरीवाल 17 फरवरी को न्यायालय में होंगे पेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राउज़ एवेन्यू** कोर्ट ने बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी शुल्क नीति से जुड़े एक मामले में समन न लेने के लिए प्रवर्तन निदेशालय की शिकायत पर 17 फरवरी को पेश होने के लिए कहा और कहा कि प्रथम दृष्टया आप प्रमुख 'कानूनी रूप से पालन करने के लिए बाध्य थे।' अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ??ने कहा कि केजरीवाल जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश होने में 'कथित रूप से विफल' रहे और उन्हें आईपीसी की धारा 174 (लोक सेवक के आदेश का पालन करने में गैर-उपस्थिति) के तहत अपराध के लिए बुलाया गया। अपनी शिकायत में ईडी ने आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री जानबूझकर समन का पालन नहीं करना चाहते थे और 'उल्टे सीधे बहाने' देते रहे। एजेंसी ने कहा, अगर उनके जैसा उच्च पदस्थ सार्वजनिक पदाधिकारी कानून की अवज्ञा करता है तो यह 'सामान्य आदमी यानी आम आदमी के लिए एक गलत उदाहरण स्थापित करेगा।'

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने कहा, 'शिकायत पर संज्ञान ले लिया गया है और उन्हें 17 फरवरी को तलब होने के लिए आदेश जारी किया जा रहा है।' न्यायमूर्ति ने ईडी द्वारा मामले में दलीलें पूरी करने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ समन का पालन न करने पर तीन फरवरी को एक नया शिकायती मामला दर्ज कराया था। मुख्यमंत्री पिछले शुक्रवार को ईडी के पांचवें समन पर भी पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए जो उन्हें बुधवार को जारी किया गया था। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक केजरीवाल ने पूर्व में ईडी को पत्र लिखकर समन को 'अवैध और राजनीति से प्रेरित' बताया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनका उद्देश्य उन्हें चुनाव प्रचार करने से रोकना है। इस बीच, आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को कहा कि वह दिल्ली की अदालत के आदेश का अध्ययन कर रही है। आप ने कहा कि केजरीवाल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कई नोटिस 'अवैध' थे और वह अदालत को अपने रुख से अवगत कराएगी। आप नेता जैस्मीन शाह ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हम अदालत के आदेश का अध्ययन कर रहे हैं और उसके अनुसार आवश्यक कानूनी कदम उठाएंगे।'

## क्विक न्यूज

### कोर्ट ने हेमंत सोरेन की ईडी हिरासत पांच दिन बढ़ाई

**रांची।** रांची की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) हिरासत बुधवार को पांच दिन केलिए बढ़ा दी। यह जानकारी वकीलों ने दी। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन को दो फरवरी को विशेष पीएमएलए अदालत ने पांच दिन की ईडी हिरासत मे भेजा था।

### राकांपा के शरद पवार गुट को नाम आवंटित किया

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बुधवार को शरद पवार के नेतृत्व वाले समूह के लिए पार्टी का नाम राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार आवंटित किया। आयोग का यह आदेश अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का नाम और घड़ी चुनाव चिह्न देने के एक दिन बाद आया है। अजित पवार पिछले साल जुलाई मे राकांपा के अधिकतर विधायकों के साथ अलग हो गए थे।

### नक्सलियों से मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी बलिदान हुए

**चतरा।** झारखंड के चतरा जिले मे बुधवार को नक्सलियो और पुलिस के बीच मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी मारे गए। एक अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 200 किलोमीटर दूर सदर और बशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्रों के बीच बैरियो के जंगल मे हुई। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, घटना मे दो सुरक्षाकर्मी मारे गए है।

# कर्नाटक के मुख्यमंत्री तथा मंत्रियों का आर्थिक पक्षपात का आरोप, धरना दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार तथा कर्नाटक कांग्रेस के अन्य नेता। फोटोः रंजन डिमरी

**मुख्यमंत्री** सिद्धारमैया के नेतृत्व में कर्नाटक के कांग्रेस नेताओं ने करों के हस्तांतरण में राज्य के साथ 'अन्याय' का आरोप लगाते हुए केंद्र के खिलाफ बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं भाजपा और केंद्र सरकार ने दक्षिणी राज्यों द्वारा लगाए गए वित्तीय आरोपों का खंडन किया है। एक अन्य राज्य केरल सीपीआई (एम) के दिग्गज नेता और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के नेतृत्व में अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ बृहस्पतिवार को केंद्र के कथित दक्षिणी राज्य के प्रति लापरवाही.के खिलाफ दिल्ली में विरोध प्रदर्शन करेंगे। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कर्नाटक के इस दावे का खंडन किया कि केंद्र उसके हिस्से का धन रोक रहा है और इसे भ्रामक बताया। उन्होंने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस पर देश की एकता को तोड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कुछ बेहद कड़ी टिप्पणियाँ भी कीं। सीतारमण ने कहा, 'कांग्रेस अब अलगाववादियों के साथ है... दो साल पहले आपने राहुल गांधी को जेनयू (दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय) में देखा था। वह टुकड़े-टुकड़े गिरोह के साथ खड़े थे। आज वही नारे ( शेष पेज 9 )



नई दिल्ली में बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली मेट्रो में यात्रा की। राष्ट्रपति पद संभालने के बाद मुर्मू ने पहली बार मेट्रो ट्रेन में सफर किया। मुर्मू दिल्ली मेट्रो से यात्रा करने वाली भारत की दूसरी सेवारत राष्ट्रपति हैं। यात्रा के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद भी किया। वर्ष 2012 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने भी मेट्रो में सफर किया था।

# कश्मीर घाटी में एक बार फिर आरंभ हुईं लक्षित हत्याएं

**मोहित कंडारी।** जम्मू

**कुछ समय** की शांति के बाद बुधवार देर शाम 'अज्ञात' आतंकवादियों ने श्रीनगर के शहीद गुंज इलाके में एक गैर-स्थानीय निवासी की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि एक अन्य को घायल कर दिया। पुलिस ने मृतक व्यक्ति की पहचान पंजाब के अमृतसर शहर के रहने वाले अमृतपाल सिंह के रूप में की है। गोलीबारी की घटना की पुष्टि करते हुए, कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट किया, 'आतंकवादियों ने श्रीनगर के शहीद गंज में अमृतसर निवासी अमृतपाल सिंह नामक एक गैर-स्थानीय पर गोलीबारी की, जिसने चोटों के कारण दम तोड़ दिया। एक और व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है और चिकित्सा देखभाल के लिए खाली करा लिया गया है। क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई है। आगे की जानकारी दी जाएगी।' इससे पहले, 24 दिसंबर, 2023 को उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के शीरी इलाके के गंतमुल्ला इलाके में एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी की आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी, जब वह एक मस्जिद के अंदर से अजान दे रहे थे।



इसी तरह के एक हमले में, जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक साहसी अधिकारी इंस्पेक्टर मसरूर अहमद को 29 अक्टूबर, 2023 को श्रीनगर शहर के ईदगाह मैदान में आतंकवादियों द्वारा निशाना बनाया गया था, जब वह क्रिकेट खेल रहे थे। पुलिस अधिकारी ने 7 दिसंबर को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली में दम तोड़ दिया। इस बीच, जम्मू-कश्मीर में पहाड़ी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने वाले विधेयक के पारित होने के बाद जम्मू संभाग के पीर पंजाल क्षेत्र में स्थिति अस्थिर बनी हुई है। किसी भी अप्रिय सूचना को रोकने और अफवाहों के प्रसार को रोकने के लिए स्थानीय अधिकारियों ने पुंछ और राजौरी जिलों में इंटरनेट और भीड़ इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगा दिया है। संसद ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले पहाड़ी समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने को मंजूरी दे दी। जम्मू में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा ( शेष पेज 9 )

# उत्तराखंड विधानसभा में यूसीसी विधेयक ध्वनि मत से पारित

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून



**बहुचर्चित** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक उत्तराखंड 2024 बुधवार को विधानसभा में ध्वनि मत से पारित हो गया। विधेयक के पारित होने के दौरान सदन में जय श्रीराम और भारत माता की जय के जमकर नारे लगे। विधेयक पर दो दिनों तक लंबी चर्चा हुई। जिसमें सत्ता और विपक्ष के सदस्यों ने प्रावधानों को लेकर अपने-अपने सुझाव दिए। इस प्रकार उत्तराखंड विधानसभा आजाद भारत के इतिहास में समान नागरिक संहिता का विधेयक पारित करने वाली पहली विधानसभा बन गई है। इस विधेयक को पारित कराने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया। विधेयक पर चर्चा के आखिर में मुख्यमंत्री ने इस विधेयक को ऐतिहासिक बताते हुए सभी सदस्यों से इस मिलकर इसे पारित कराने का अनुरोध किया। विधेयक को ध्वनि मत से पारित किया गया। उत्तरखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, यह विधेयक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश को विकसित, संगठित, समरस और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए किए जा रहे यज्ञ में उत्तराखंड द्वारा अर्पित की गई एक आहुति मात्र है। यूसीसी विधेयक के तहत जाति,धर्म,क्षेत्र व लिंग के आधार पर भेद करने वाले व्यक्तिगत नागरिक मामलों से संबंधित सभी कानूनों में एकरूपता लाने का प्रयास किया गया है। अब अन्य सभी विधिक प्रक्रिया और औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी जिसके बाद उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने बताया कि यह विधेयक अब राज्यपाल के जरिए राष्ट्रपति के पास उनकी मंजूरी के लिए भेजा जाएगा जिसके बाद ही यह कानून बनेगा। विधेयक में प्रदेश में रहने वाले सभी धर्म-समुदायों के नागरिकों के लिए विवाह, संपत्ति, गुजारा भत्ता और विरासत के लिए एक समान कानून का प्रावधान है। हालांकि, अनुसूचित जनजातियों को इस विधेयक की परिधि से बाहर रखा गया है। यूसीसी विधेयक में महिलाओं और बच्चों के अधिकारों को संरक्षित करते हुए बाल विवाह, बहु विवाह, हलाला, इद्दत जैसी सामाजिक ( शेष पेज 9 )

# आरएलडी इंडिया गुट छोड़ने की तैयारी में, एआईएडीएमके सदस्य भाजपा में शामिल

**राजेश कुमार/बिस्वजीत बनर्जी।** नई दिल्ली/चेन्नई/लखनऊ

**लोकसभा** चुनाव से पहले केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को उस समय नई ऊर्जा मिली जब दो क्षेत्रीय दिग्गज पार्टियां, दक्षिण भारत से एआईडीएमके, जबकि उत्तर भारत एक अन्य पार्टी आरएलडी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को छोड़ने के बाद एनडीए का हिस्सा बनने में रुचि जताई है। अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के 15 पूर्व विधायकों और एक पूर्व सांसद का एक समूह बुधवार को भगवा पार्टी में शामिल हो गया। इन नेताओं का पदभार ग्रहण समारोह नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, एल मुरुगन और राज्य भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई की उपस्थिति में हुआ।

चन्द्रशेखर ने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर शामिल होना तमिलनाडु जैसे राज्य में मोदी की लोकप्रियता को दर्शाता है, जहां परंपरागत रूप से भाजपा बड़ी ताकत नहीं रही है। उनका स्वागत करते हुए, अन्नामलाई ने कहा कि वे भाजपा में अनुभव का भंडार लेकर आए हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना चाहते हैं क्योंकि वह लगातार तीसरी बार सत्ता में वापस आ रहे हैं। अन्नामलाई ने कहा, 'उनमें से कुछ पिछले 50 वर्षों से राजनीति में हैं; कुछ लोग राजनीतिक दलों में थे जब उनकी स्थापना तमिलनाडु में हुई थी। आज ये सभी भाजपा में शामिल होने और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का



आशीर्वाद लेने के लिए नई दिल्ली स्थित मुख्यालय आए हैं। तमिलनाडु में यह पहली बार है कि एक साथ 16 लोग पार्टी में शामिल हुए हैं। दो पूर्व विधायक पहले ही 'एन मन एन मक्कल' यात्रा के दौरान पार्टी में शामिल हो चुके हैं।' युवा नेता ने दावा किया, 'तमिलनाडु भाजपा के रास्ते पर जा रहा है,' द्रविड़ राज्य में अपनी पार्टी के वैचारिक रुख पर उनकी मजबूत स्थिति और मजबूत पार्टियों की तीखी आलोचना ने उन्हें प्रशंसकों और विरोधियों में से एक बना दिया है।

भाजपा में शामिल होने वाले पूर्व अन्नाद्रमुक विधायकों में के वदिवेल (करूर), चैलेंजर दुरईसामी (कोयंबटूर), पी एस कंधासामी (अरावकुरिची), एम वी रथिनम (पोल्लाची), आर चिन्नासामी (सिंगनल्लूर), वी आर जयारमन (थेनी), एस एम वासन (वेदासंथुर) शामिल हैं। पी एस अरुल (भुवनगिरी), आर राजेंद्रन (कातुमन्नारकोइल), सेल्वी मुरुगेसन (कांगेयम) और ए रोकिनी (कोलाथुर), तीन बार की विधायक और पूर्व अन्नाद्रमुक मंत्री गोमती श्रीनिवासन भी भाजपा में शामिल हो गईं। इसके अलावा, लोकसभा चुनाव से पहले, विपक्षी गठबंधन एक और झटके के कगार पर है क्योंकि ऐसी अटकलें हैं कि राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) प्रमुख चौधरी जयंत चौधरी पाला बदल सकते हैं और एनडीए में शामिल हो सकते हैं। अटकलों के जोर पकड़ने पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इन दावों का खंडन करते हुए कहा कि रालोद अभी भी इंडिया गुट के साथ है। उन्होंने कहा, 'जयंत चौधरी एक अनुभवी राजनेता हैं और उन लोगों के साथ जुड़ जाएंगे जो किसानों के समर्थक हैं।' उन्होंने अफवाह फैलाने के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। हालाँकि, सूत्र बताते हैं कि आरएलडी और भाजपा के बीच तीन संसदीय सीटों पर एक अस्थायी समझौता हो गया है, जिससे राजनीतिक परिदृश्य में जटिलता की एक नई परत जुड़ गई है। कथित तौर पर, आरएलडी ने शुरुआत में भाजपा से कैराना, अमरोहा, बागपत, मथुरा और मुजफ्फरनगर सीटें मांगी थीं। इनमें से भाजपा कैराना, अमरोहा और बागपत सीटें देने को तैयार दिख रही है, जबकि मथुरा और मुजफ्फरनगर को लेकर विचार-विमर्श जारी है। इसके अतिरिक्त सूत्रों का कहना है, आरएलडी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) गठबंधन के भीतर एक मंत्री पद मांगा। ( शेष पेज 9 )

# नई आबकारी नीति पर सरकार दे रही झूठे बयान : एलजी

## कंफर्म, नॉन कंफर्म एरिया से संबंधित रिपोर्ट को 1.5 साल लंबित रखने पर जताया ऐतराज

● कहा- लगभग डेढ़ साल तक प्रस्ताव में बिना कोई बदलाव किए यह फाइल एक जगह से दूसरे जगह घूमती रही


उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

रद्द हो चुकी नई शराब नीति मामले में आम आदमी पार्टी की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने नई आबकारी नीति 2021-22, जो अब रद्द की जा चुकी है, के लागू होने के संबंध में कमेटी की एक रिपोर्ट पर, दिल्ली सरकार द्वारा उच्च न्यायालय में झूठे और भ्रामक बयान देने पर ऐतराज जताया है।

एलजी ने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कंफर्म, नॉन कंफर्म एरिया से संबंधित रिपोर्ट को, दिल्ली सरकार द्वारा एक साल 5 महीने तक लंबित रखा गया। इस आशय से संबंधित फाइल, जिसमें आबकारी आयुक्त के 18 अगस्त 2022 के समान प्रस्ताव था, आखिरकार 16 जनवरी 2024 को उपराज्यपाल सचिवालय को प्राप्त हुई। हालांकि, इस मुद्दे पर एलजी के पास फाइल बढ़ाने का निर्णय 18 अगस्त 2022 को लिया गया था और 16 जनवरी 2024 तक लगभग डेढ़ साल तक प्रस्ताव में बिना कोई बदलाव किए यह फाइल एक जगह से दूसरे जगह घूमती रही। सितंबर 2022 से सरकारी वकील उच्च न्यायालय को गुमराह करते रहे कि फाइल उपराज्यपाल की मंजूरी के लिए लंबित है।

उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने बतायाा कि न्यायालय को, सरकार द्वारा गुमराह किए जाने की वजह से कई बार उपराज्यपाल से इस संबंध में शीघ्र निर्णय लेने का अनुरोध करना पड़ा, इस तथ्य के बावजूद कि फाइल कभी उपराज्यपाल के पास लाई ही नहीं गई और सरकार के पास लंबित पड़ी रही। सरकारी वकीलों द्वारा जिस तरह से मामले में झूठे तथ्य प्रस्तुत किए गए, वह अदालत की अवमानना के बराबर है।

उपराज्यपाल ने कहा कि यह मामला सरकार के उस पहलू को दर्शाता है, जिसमें राज्य सरकार के वकीलों ने उपराज्यपाल और उनके कार्यालय की छवि को धूमिल करने के लिए न्यायालय के समक्ष झूठे और भ्रामक बयान दिए। स्वार्थ हेतु जानबूझकर न्यायालय को गुमराह करने के लिए किए गए ये प्रयास, उपराज्यपाल के संवैधानिक कार्यालय को बदनाम करने के समान हैं। एलजी ने कहा कि उन्होंने इस मामले पर लचीला रुख अपनाया है और वह चाहेंगे कि राज्य सरकार अपने हलफनामे में इस पूरे तथ्य का खुलासा करे कि फाइल के प्रस्तुतिकरण में देरी के लिए राज्य सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है। साथ ही सरकारी वकील द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करना, अदालत की अवमानना के अलावा इस पद की गरिमा को कम करने के समान है, जिसके लिए वकीलों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि ये कार्रवाई लंबित रहने तक, उपरोक्त अधिवक्ताओं को तत्काल प्रभाव से सरकार की ओर से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने से रोका जाना चाहिए। फाइल का निपटारा करते हुए, उपराज्यपाल ने कहा कि विभाग में समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने के समय, आबकारी नीति 2021-22 प्रचलन में थी, और उस समय के प्रावधानों के अनुसार मामले को समय पर प्रोसेस किया जाता तो उस पर कोई उचित निर्णय लिया जा सकता था।

पूर्ववर्ती 3 एमसीडी के अब एकीकृत होने से वार्डों की संख्या के साथ-साथ उनकी सीमाएं भी बदल गई हैं। क्योंकि, कमेटी का गठन उस समय प्रचलित नई आबकारी नीति 2021-22 के संदर्भ में किया गया था, इसलिए यह माना जाता है कि समिति की रिपोर्ट का वर्तमान आबकारी नीति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इस तथ्य को देखते हुए कि आबकारी नीति 2021-22 के कार्यान्वयन के उद्देश्य से कंफर्म/नॉन कंफर्म वार्डों की पहचान का मुद्दा भी अभी न्यायालय में लंबित है, उपराज्यपाल ने कहा कि आबकारी विभाग को कमेटी की रिपोर्ट उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करनी चाहिए और उच्च न्यायालय के 29 मार्च 2022 और उसके बाद के दिए आदेश के अनुसार उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

उपराज्यपाल की कड़ी टिप्पणी तब आई है जबकि उच्च न्यायालय के 29 मार्च 2022 के आदेशानुसार, तत्कालीन उपराज्यपाल द्वारा 5 अप्रैल 2022 को गठित कमेटी द्वारा अनुशंसित 76 कंफर्म और नॉन कंफर्म वार्ड की सूची की मंजूरी के प्रस्ताव पर आबकारी आयुक्त द्वारा 18 अगस्त 2022 को मंजूरी मांगी थी।

उपराज्यपाल ने कहा कि 9 जनवरी 2024 को वित्त मंत्री और 16 जनवरी 2024 को मुख्यमंत्री की सिफारिश और अनुमोदन के बाद 16 जनवरी 2024 को फाइल मंजूरी के लिए उनके सचिवालय में उनको प्राप्त हुई थी।

# एचएसआरपी, कलर-कोडेड स्टीकर जल्द लगाएं : गहलोत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत।

● परिवहन मंत्री ने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने में तेजी लाने के लिए समीक्षा बैठक की

आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली वालों से वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट जल्द लगवाने का अनुरोध किया है। वाहन मालिक https://www.siam.in या https://www.bookmyhsrp.com/ पर लॉग इन करके एचएसआरपी और कलर कोडेड स्टिकर दोनों के लिए एकल विंडो के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बुधवार को वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) और कलर कोडेड स्टिकर लगाने की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अनिवार्य आवश्यकताओं का पालन करके, हम सामूहिक रूप से राजधानी में सुरक्षित और अधिक संगठित वाहन व्यवस्था को बढ़ावा देने में योगदान कर सकते हैं। साथ ही परिवहन मंत्री ने सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) और उसके निर्दिष्ट विक्रेताओं को शहर में एचएसआरपी लगाने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। दिल्ली में अब तक 13 लाख से अधिक वाहनों में एचएसआरपी लग चुकी है।

कैलाश गहलोत ने कहा कि इससे पहले, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने दिसंबर 2018 में, केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के तहत मोटर वाहनों पर पंजीकरण चिह्न प्रदर्शित करने के तरीके को अधिसूचित किया था। यूनिक हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट पंजीकरण और वाहनों पर लगने के बाद, इलेक्ट्रॉनिक रूप से जुड़ जाता है। डीजल वाहनों के लिए कलर-कोडेड स्टिकर की पृष्ठभूमि नारंगी, पेट्रोल और सीएनजी वाहनों के लिए हल्का नीला और अन्य सभी वाहनों के लिए ग्रे है। किसी भी शिकायत या सवालों के लिए, उपयोगकर्ता 1800 1200 201 पर कॉल कर सकते हैं तथा hsrpquery@siam.in या grievance@bookmyhsrp.com पर ईमेल कर सकते हैं । सेवा की होम डिलीवरी सम्बंधित शिकायत के लिए उपभोक्ता homegrievance@bookmyhsrp.com पर ईमेल कर सकते हैं।

# आतिशी ने प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ हल्ला बोला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


संवाददाता सम्मेलन में ईडी का पंचनामा दिखाते हुए मंत्री आतिशी।

● कहा, अधिकारी सीएम के पीएस और सांसद गुप्ता से न पूछताछ की, न तलाशी ली और न पंचनामे में बताया कि किस केस की कर रहे जांच

दिल्ली जल बोर्ड में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर प्रर्वतन निदेशालय ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी के कई नेताओं के यहां छापेमारी की थी आ आम आदमी पार्टी के नेताओं के यहां छापेमारी को लेकर पार्टी लगातार केंद्रीय जांच एजेंसी पर हमलावर है।

मंत्री आतिशी ने दावा किया कि ईडी के अधिकारियों ने 16 घंटे की छापेमारी के दौरान घर के लिविंग रूम में बैठे रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के पीएस और सांसद एनडी गुप्ता से न पूछताछ की, न तलाशी ली और न तो पंचनामे में बताया कि किस केस की जांच कर रहे हैं। आतिशी के दावों पर ईडी से कोई अभी प्रतिक्रिया नहीं मिली है। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में बुधवार को कहा, ईडी के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ होगा कि इस तरह की छापेमारी की गई। सबको सनकर हैरानी होगी कि छापेमारी करने आए प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने कोई तलाशी नहीं ली। उन्होंने कोई कागज नहीं ढूंढा और जिस मामले की जांच के संबंध में वे आए थे उसके बारे में कोई फाइल या कोइ कागज नहीं मांगा। आतिशी ने दावा किया कि नियमानुसार ईडी जब भी छापा मारने आती है, तो कुछ सर्च और सीजर होते हैं। सर्च और सीजर के डॉक्यूमेंट पर यह स्पष्ट लिखा होता है कि कौन सा केस है या फिर ईसीआईआर (ईडी की भाषा में एफआईआर) नंबर क्या है। आतिशी ने मीडिया के सामने पंचनामा दिखाते हुए कहा कि संभवत: ईडी के इतिहास का यह ऐतिहासिक पंचनामा है, क्योंकि इस पंचनामे में कहीं भी नहीं लिखा है कि वो किस केस की जांच करने आए हैं।

पंचनामा दस्तावेज यह दर्शाता है कि ईडी की टीम कुमार के घर से दो जीमेल खातों के कुछ डाउनलोड और परिवार के तीन फोन अपने साथ ले गई। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी की छापेमारी और कुछ नहीं बल्कि केजरीवाल को दबाने के लिए उन पर किया गया एक हमला है क्योंकि एक वही हैं, जिन्होंने खुलकर भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती दी है।

# भ्रष्टाचार की रकम आम आदमी पार्टी के चुनावी कोष में गई : ईडी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को आरोप लगाया कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में निविदा के जरिए भ्रष्टाचार से मिली रिश्वत की रकम चुनावी कोष के तौर पर आम आदमी पार्टी को दी गई।

संघीय एजेंसी ने कहा कि डीजेबी से जुड़े कथित धन शोधन मामले में मंगलवार की छापेमारी के बाद 1.97 करोड़ रुपए मूल्य का सामान और चार लाख रुपए की विदेशी मुद्रा जब्त की गई। साथ ही छापेमारी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य भी जब्त किए गए।

ईडर ने सीएम केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार, आप के राज्यसभा सदस्य एन.डी. गुप्ता और अन्य लोगों के परिसरों की मंगलवार को तलाशी ली थी। एजेंसी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए डीजेबी के पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा ने एनकेजी इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी को डीजेबी का ठेका देने के बाद रिश्वत की रकम नकद और बैंक खातों में प्राप्त की थी और उन्होंने इस पैसे को डीजेबी से जुड़े विभिन्न लोगों व आप से जुड़े लोगों को भी दिया।

# संजय सिंह की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह को जमानत देने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने आदेश सुनाते हुए कहा, इस स्तर पर आरोपी को जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता है।

ईडी द्वारा 4 अक्टूबर, 2023 को गिरफ्तार किए गए सिंह ने इस आधार पर जमानत का अनुरोध किया था कि वह तीन महीने से अधिक समय से हिरासत में हैं और इस अपराध में उनकी कोई भूमिका नहीं दिखाई गई है। जांच एजेंसी ने जमानत याचिका का विरोध किया और दलील दी कि सिंह 2021-22 की नीति अवधि से संबंधित दिल्ली शराब घोटाले से उत्पन्न अपराध की आय को प्राप्त करने, रखने, छिपाने और उपयोग करने में शामिल थे। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति को तैयार करने और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है, जिसे बाद में रद्द कर दिया गया था।

# दिल्ली वाले आप के छलावे में नहीं आएंगे : वीरेंद्र सचदेवा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भ्रष्टाचार के मामले में मंत्री आतिशी को घेरा है। सचदेवा ने कहा कि आतिशी जितना समय रोजाना सरकार के भ्रष्टाचार की लीपापोती पर लगाती हैं अगर उतना समय अपने विभागों पर दें तो जल आपूर्ति एवं मल निकासी व्यवस्था तो सुधरेंगी। साथ सड़कों पर विकास भी दिखेगा।

सचदेवा ने कहा कि सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया एवं संजय सिंह के यहाँ पड़े छापों के बाद भी कहते थे की छापों में कुछ नही मिला पर तीनों नेता लम्बे समय से जमानत मिलने का इंतजार कर रहे हैं। छापों में क्या मिला या नहीं यह ईडी बतायेगी। आतिशी समझ लें कि दिल्ली वाले अब आप के छलावे में नहीं आयेगी।

# उपराज्यपाल ने डीडीए के वार्षिक बजट को दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● केंद्र सरकार के अनुरूप इसमें वार्षिक आवंटन का 61 फीसदी पूंजीगत व्यय शामिल है

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली विकास प्राधिकरण को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8811 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ डीडीए के वार्षिक बजट को मंजूरी दे दी है।

केंद्र सरकार के अनुरूप इसमें वार्षिक आवंटन का लगभग 61 फीसदी पूंजीगत व्यय शामिल है। प्राधिकरण की बेहतर रणनीतियों के कारण, डीडीए की कुल प्राप्तियाँ पिछले वर्ष के 4392 करोड़ रुपये की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में 75 प्रतिशत के उछाल के साथ 7696 करोड़ रुपये हो गईं। अगले वर्ष के अनुमानों में, डीडीए ने अपना राजस्व लक्ष्य 9182 करोड़ रुपये आंका है, जो चालू वर्ष से लगभग 19 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। इसी प्रकार, डीडीए ने चालू वित्तीय वर्ष में बड़े पैमाने पर विकासात्मक गतिविधियों के कारण 8804 करोड़ रुपये की राशि व्यय की, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 69 फीसदी की वृद्धि है, जबकि व्यय 5189 करोड़ रुपये था। अगले वर्ष, डीडीए ने व्यय को चालू वर्ष के समान स्तर पर रखने का लक्ष्य रखा है। नागरिक बुनियादी ढांचे पर रख-रखाव व्यय के आवंटन में भी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

दिवाली विशेष आवास योजना की सफलता डीडीए के सामान्य विकास खाते के बजट में दिखाई देती है, जो संशोधित अनुमान 2023-24 के अनुसार 262 करोड़ रुपये और बजट अनुमान 2024-25 में 2145 करोड़ रुपये अधिशेष होने का अनुमान है। दस वर्ष बाद ऐसा पहली बार है जब डीडीए का जीडीए अधिशेष में होगा।

दिल्ली नगर निगम
भूमि एवं सम्पदा विभाग
7वां तल, सिविक सेन्टर, मिन्टो रोड, नई दिल्ली-110002
निविदा सूचना
आयुक्त, दि.न.नि. की ओर से ई-निविदा सूचना सं. एओ/एल एंड ई/एमसीडी/निविदा/2024/डी-2585 दिनांक 05.02.2024 के माध्यम से **दिल्ली नगर निगम के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत भूमि एवं सम्पदा विभाग की खाली दुकानों/कियोस्क/स्टाल/सम्पत्तियों का लाइसेंस शुल्क आधार पर** दस वर्ष की अवधि, जो दि.न.नि. की संतुष्टि पर 5 वर्ष की अवधि हेतु आगे बढ़ायी जा सकती है, के लिए **आवंटन हेतु** निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा दस्तावेज, ऑनलाइन पंजीकरण हेतु मानदण्ड, अन्य आवश्यक विवरण निगम की वेबसाइट www.mcdonline.nic.in तथा www.etenders.gov.in पर 05.02.2024 से उपलब्ध होगा। **पूर्व-बोली बैठक की तिथि** 12.02.2024 को 15:00 बजे है, **ऑनलाइन निविदाएँ जमा करने की अंतिम तिथि** 26.02.2024 को 15:00 बजे तक है। हस्ता./-
आर.ओ. नं. 80/डीपीआई/दि.न.नि./2023-24 प्रशासनिक अधिकारी, भूमि एवं सम्पदा (दि.न.नि.)

### गृह मंत्रालय में घुसने की कोशिश में युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** संसद के बाद अब गृह मंत्रालय की सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंत्रालय में अधिकारी बता घुसने की कोशिश कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आदित्य प्रताप सिंह के रूप में हुई है। आरोपी से सुरक्षा एजेंसियों तथा दिल्ली पुलिस आतंकवाद निरोधक इकाई एवं विशेष प्रकोष्ठ के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं।

# आप विधायक ने ईडी के समन के खिलाफ याचिका वापस ली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आप विधायक अमानतुल्लाह खान को दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाईकोर्ट से झटका लगा है। हाईकोर्ट ने मामले में प्रर्वतनत निदेशालय के समन के खिलाफ अमानतुल्लाह खान की याचिका खारिज कर दी है। खान ने ईडी द्वारा उन्हें व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए जारी समन को चुनौती दी थी।

न्यायमूर्ति रेखा पल्ली और न्यायमूति रजनीश भटनागर की पीठ ने याचिका वापस लिए जाने पर इसे खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता के खिलाफ धन शोधन की जांच दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़ी है।

# कॉरपोरेट घरानों को लड़कियों की शिक्षा में योगदान देना चाहिए : उपराष्ट्रपति


इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय के शताब्दी समारोह को उपराष्ट्रपति धनखड़ व अन्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में महिलाएं सबसे बड़ी हितधारक हैं और उन्होंने कॉरपोरेट घरानों से लड़कियों की शिक्षा में योगदान देने को कहा।

दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैम्पस में इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय के शताब्दी समारोह को उपराष्ट्रपति धनखड़ संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमारे उद्योगपति विदेशी गैर-लाभकारी संगठनों को काफी दान देते हैं। कॉरपोरेट घरानों को आगे आना चाहिए और अपनी कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) निधि का इस्तेमाल लड़कियों की शिक्षा में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक लड़की को शिक्षित करने से पूरी पीढ़ी बदल सकती है और एक क्रांति आ सकती है। कॉलेज की छात्राओं को नए संसद भवन का दौरा करने का निमंत्रण देते हुए उन्होंने उन्हें सैनिक बताया जो अमृत काल के अगले 25 वर्षों में स्वर्णिम काल की शुरुआत करेंगी।

इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय ने बुधवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मौजूदगी में अपना शताब्दी समारोह बुधवार को मनाया। इस अवसर पर भारत के उपराष्ट्रपति बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सौ साल की यात्रा कभी भी आसान नहीं होती। शिक्षा और सामाजिक प्रगति में इसके स्थायी योगदान पर जोर देते हुए, इंद्रप्रस्थ महाविद्यालय की स्मारकीय विरासत की सराहना की।

दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि पिछले साल दिल्ली विश्वविद्यालय के 100 साल पूरे होने और इस वर्ष आईपी कॉलेज के 100 वें वर्ष तथा विभिन्न क्षेत्रों में इसकी अभूतपूर्व वृद्धि पर अपने विचार साझा किए।




31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही और नौमाही के वित्तीय परिणामों का उद्धरण (₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त नौमाही | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | समाप्त नौमाही | | समाप्त वर्ष |
| | | 31.12.2023 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2022 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2023 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2022 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2023 (लेखापरीक्षित) | 31.12.2023 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2022 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2023 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2022 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2023 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | प्रचालन से कुल आय | 11,467.61 | 11,280.96 | 33,561.65 | 33,130.17 | 45,227.52 | 11,819.70 | 11,530.22 | 34,607.73 | 34,048.20 | 46,605.64 |
| 2 | जारी प्रचालन से कर पूर्व निवल लाभ (विनियामक स्थगन खाता शेष सहित (निवल कर)) | 4,629.76 | 3,935.50 | 12,975.66 | 12,126.38 | 17,243.38 | 4,815.77 | 3,975.34 | 13,389.15 | 12,366.32 | 17,701.62 |
| 3 | जारी प्रचालन से कर पश्चात् निवल लाभ | 3,970.23 | 3,643.80 | 11,249.71 | 10,957.77 | 15,124.54 | 4,028.25 | 3,645.29 | 11,406.83 | 11,096.87 | 15,419.74 |
| 4 | बंद प्रचालन से कर पश्चात् निवल लाभ | – | 57.85 | 97.13 | 160.96 | 211.00 | – | – | – | – | – |
| 5 | अवधि हेतु कर पश्चात् निवल लाभ | 3,970.23 | 3,701.65 | 11,346.84 | 11,118.73 | 15,335.54 | 4,028.25 | 3,645.29 | 11,406.83 | 11,096.87 | 15,419.74 |
| 6 | कर के बाद निवल लाभ और अन्य व्यापक आय को मिलाकर कुल व्यापक आय | 3,971.76 | 3,552.58 | 11,141.74 | 11,048.71 | 15,228.84 | 4,029.66 | 3,496.27 | 11,201.34 | 11,027.13 | 15,315.24 |
| 7 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (शेयर का अंकित मूल्य : ₹ 10/– प्रत्येक) | 9,300.60 | 6,975.45 | 9,300.60 | 6,975.45 | 6,975.45 | 9,300.60 | 6,975.45 | 9,300.60 | 6,975.45 | 6,975.45 |
| 8 | आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) तुलनपत्र में दर्शाए गए रूप में | 77,651.74 | 75,176.32 | 77,651.74 | 75,176.32 | 75,868.73 | 77,893.44 | 75,250.45 | 77,893.44 | 75,250.45 | 76,050.84 |
| 9 | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | 5,509.28 | 7,834.43 | 5,509.28 | 7,834.43 | 7,834.43 | 5,509.28 | 7,834.43 | 5,509.28 | 7,834.43 | 7,834.43 |
| 10 | निवल मूल्य | 86,952.34 | 82,151.77 | 86,952.34 | 82,151.77 | 82,844.18 | 87,194.04 | 82,225.90 | 87,194.04 | 82,225.90 | 83,026.29 |
| 11 | कुल ऋण | 119,326.51 | 128,658.12 | 119,326.51 | 128,658.12 | 126,594.90 | 119,326.51 | 128,658.12 | 119,326.51 | 128,658.12 | 126,594.90 |
| 12 | ऋण इक्विटी अनुपात | 1.37 | 1.57 | 1.37 | 1.57 | 1.53 | 1.37 | 1.56 | 1.37 | 1.56 | 1.52 |
| 13 | जारी और बंद प्रचालन से प्रति इक्विटी शेयर अर्जन विनियामक की स्थगन खाता शेष में संचलन सहित (प्रति शेयर अंकित मूल्य : ₹ 10/–) : मूल और तनुकृत (₹) | 4.27 | 3.98 | 12.20 | 11.95 | 16.49 | 4.33 | 3.92 | 12.26 | 11.93 | 16.58 |
| 14 | जारी और बंद प्रचालन से प्रति इक्विटी शेयर अर्जन विनियामक की स्थगन खाता शेष में संचलन छोड़कर (प्रति शेयर अंकित मूल्य : ₹ 10/–) : मूल और तनुकृत (₹) | 4.15 | 3.72 | 12.62 | 11.65 | 16.21 | 4.21 | 3.67 | 12.69 | 11.64 | 16.31 |
| 15 | बॉन्ड शोधन आरक्षित | 3,035.87 | 4,684.26 | 3,035.87 | 4,684.26 | 4,168.17 | 3,035.87 | 4,684.26 | 3,035.87 | 4,684.26 | 4,168.17 |
| 16 | ऋण सेवा व्याप्ति अनुपात | 1.71 | 1.81 | 1.52 | 1.97 | 1.52 | 1.76 | 1.82 | 1.54 | 1.99 | 1.54 |
| 17 | ब्याज सेवा व्याप्ति अनुपात | 3.84 | 3.31 | 3.96 | 3.97 | 3.93 | 4.00 | 3.34 | 4.11 | 4.03 | 4.02 |

टिप्पणियाँ :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 और 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में जमा किए गए समेकित एवं एकल वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का उद्धरण है। समेकित एवं एकल वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप हमारी वेबसाइट https://www.powergrid.in के निवेशक खण्ड में तथा बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट https://www.bseindia.com और https://www.nseindia.com के कॉर्पोरेट खण्ड में उपलब्ध है।
2. जहां आवश्यक है, वहां पूर्ववर्ती अवधि के आंकड़ों को पुनर्वर्गीकृत/पुनर्व्यवस्थित किया गया है।

स्थान : गुरुग्राम
दिनांक : 07 फरवरी, 2024

कृते और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की ओर से
हस्ता./–
जी रविशंकर
निदेशक (वित्त)

पावरग्रिड POWERGRID
पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
केन्द्रीय कार्यालय: "सौदामिनी", प्लॉट सं.-2, सेक्टर-29, गुरुग्राम, हरियाणा-122001
सीआईएन: L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू
हमें फॉलो करें :
www.powergrid.in

# भाजपा के गांव चलो अभियान को लेकर जाटौली मंडी में हुआ प्रशिक्षण शिविर

**पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को अभियान की विस्तार से दी गई जानकारी**

**सह-संयोजक के रूप में सरपंच सुंदर लाल यादव ने दी जानकारी**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी के गांव चलो अभियान को लेकर कुलाना रोड जाटौली मंडी स्थित रोशन पैलेस में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में गांव चलो अभियान के जिला सह-संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव ने शिरकत की। हेली मंडी मंडल के सभी मंडल टीम मोर्चे के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्य वक्ता के रूप में जिला सचिव सुनील राव, विस्तारक पवन जांघू, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र, मंडल अध्यक्ष अभय चौहान, महामंत्री मनबीर सिंह सहित मण्डल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य वक्ता जिला सचिव सुनील राव ने बताया कि आगामी 9 व 10 फरवरी को गांव चलो अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नौ फरवरी को सुबह बूथ समिति की बैठक होगी। बैठक में पन्ना प्रमुखों का सत्यापन, बूथ समिति का गठन, वाट्सअप ग्रुप निरीक्षण एवं निर्माण-2 ग्रुप, बूथ पर रहने वाले पदाधिकारी, बूथ समिति व पन्ना प्रमुख, 30 प्रतिशत मतदाता, नमो ऐप एवं सरल ऐप डाउनलोड, विकसित भारत ब्रांड एम्बेसडर बनाना, लाभार्थी सूची देना, बूथ ग्रेडेशन समीक्षा व मजबूती के लिए चर्चा की जाएगी। इसके अलावा नए मतदाता बनाने के लिए कार्य आवंटित किया जाएगा। वॉल पेंटिंग के काम को भी विस्तार दिया जाएगा। इसके बाद संबंधित बूथ पर अध्यापक व विद्यार्थियों की बैठक होगी।

चलो गांव अभियान के जिला सह-संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि हम सब एक ऐसे राजनीतिक दल के कार्यकर्ता हैं, जो दुनिया का सबसे बड़ा दल है। यह सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही हो पाया है। उन्होंने कहा कि इसे और अधिक मजबूती देने के लिए संगठन की ओर से जो भी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, उनका हमें पूरी निष्ठा से पालन करते हुए सहयोग करना है।



गुरुग्राम के जाटौली मंडी में गांव चलो अभियान को लेकर बैठक में मौजूद कार्यकर्ता।

उन्होंने कहा कि चलो गांव अभियान के तहत आंगनबाड़ी जाकर बच्चों व गर्भवती बहनों से बातचीत की जाएगी। हेल्थ सेंटर, पीएचसी, सीएचसी भी जाएंगे। दोपहर को स्वच्छता अभियान, धार्मिक स्थल दर्शन, किसी शहीद सैनी या स्वतंत्रता सेनानी के स्मारक पर श्रद्धांजलि दी जाएगी। सरपंच, पंच, ब्लॉक पार्षद, हारे हुए सरपंच, पंच, पूर्व पंच, सरपंच, जनसंघकालीन भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, विचार परिवार एवं पार्टी में शामिल नए लोगों से मुलाकात भी की जाएगी। एनजीओ से भी संपर्क किया जाएगा।

सरपंच सुंदर लाल यादव ने बताया कि दोपहर 2 बजे के बाद एससी, बीसी के घर भोजन करेंगे। सेल्फ हेल्प ग्रुप व आशा वर्कर की बैठक करेंगे। दलित बस्ती में सम्पर्क करेंगे। किसी भी समाज का प्रमुख व्यक्ति, की-वोटर से मिलना होगा। विपक्षी पार्टियों के कार्यकर्ताओं से भी मिलना होगा। एनजीओ प्रमुख, रिटायर अधिकारी, प्रिंसिपल, अध्यापक या सेना अधिकारी, शहीद सैनिक परिवार, खिलाड़ी, पटवारी, पोस्टमैन, अखाड़े, कीर्तन मंडलियों से संपर्क किया जाएगा। इसके साथ ही लाभार्थियों से भी मुलाकात की जाएगी। 10 फरवरी को फाइनल रिपोर्ट के नोट्स बनाकर, फोटो सरल व नमो ऐप पर अपलोड किए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जनसमस्याओं को प्राथमिकता देते हुए समय पर होगा समाधान



**सोहना।** सोहना के नवनियुक्त एसडीएम सोनू भट ने कहा कि जनसमस्याओं को प्राथमिकता देते हुए समय पर समाधान किया जाएगा। शहर और क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं अधिक से अधिक आम लोगों को लाभ दिलाने का प्रयास रहेगा। बुधवार को सोहना के नवनियुक्त आईएएस एसडीएम सोनू भट ने कार्यभार संभाल लिया। अपने पहले ही दिन नवनियुक्त एसडीएम ने बताया कि आम लोगों प्रशासन से अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद सर्व प्रथम होती है। दूसरा सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाकर उन्हे लाभाविन्त करना प्रशासनिक अधिकारियों का दायित्व होता है। प्रशासन का कार्य सरकार और आम लोगों के बीच विकास को पूरा कराने और जनसमस्याओं को समय पर समाधान कराने का दायित्व होता है। एसडीएम सोनू भट ने कहा कि उन्हे क्षेत्र की जनसमस्याओं को समझने में 10 से 15 दिन का समय लगेगा। जनसमस्याओं के साथ-साथ शिक्षा, आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान दिया जाएगा। क्षेत्र का विकास और सरकार की योजनाओं को अमलीजामा पहनाना प्राथमिकता का आधार रहेगा। अतिक्रमण, जलभराव और शहर का सौंदर्यीकरण पर विशेष रुप से ध्यान दिया जाएगा। सरकार और प्रशासन की तरफ से चल रही योजनाओं को भी जल्द से जल्द पूरा कराने का प्रयास रहेगा।

### एचसीएस व अन्य एलाइड सर्विस परीक्षाओं को लेकर धारा 144 लागू

**गुरुग्राम।** हरियाणा लोक सेवा आयोग पंचकूला द्वारा हरियाणा सिविल सेवा व अन्य एलाइड सर्विस की 11 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा को नकल रहित व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिलाधीश निशांत कुमार यादव ने परीक्षा केंद्र व उसके आसपास की 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लगाने के निर्देश दिए हैं। आगामी रविवार को होने वाले यह परीक्षा 2 सत्रों में करवाई जाएगी। पहले सत्र के लिए सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे व दूसरे सत्र के लिए दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे का समय निर्धारित किया गया है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों में परीक्षा केन्द्रों के चारों ओर की 100 मीटर की परिधि में 4 या इससे अधिक व्यक्तियों के इकट्ठे होने पर पूर्ण पाबंदी लगाई गई है। इसके साथ साथ कोई भी व्यक्ति अपने साथ घातक हथियार जैसे शस्त्र, तलवार, लाठी, बरछा, कुलहाड़ी, जेली, गंडासी, चाकू इत्यादि हथियार लेकर जाने पर सख्त पाबंदी रहेगी। इसके अलावा परीक्षा केन्द्रों के नजदीक 200 मीटर क्षेत्र में फोटोस्टेट की सभी दुकानें भी 11 फरवरी रविवार को सुबह 9 से शाम 6 बजे तक बंद रखने के भी आदेश जारी किए गए हैं।



सोहना में सड़क के बीचों-बीच आपस में लड़ते आवारा पशु।

# एक दूसरे के पूरक हैं प्रभु श्री राम और हनुमान : बोधराज सीकरी

**हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम का आंकड़ा हुआ पांच लाख 49 हजार पार**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आरडब्ल्यूए** सेक्टर-45 की टीम ने स्टेडियम में बनें मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया। ओपी यादव प्रधान, पुनीत पाहवा महासचिव, निवर्तमान पार्षद अनिल आरती यादव ने भी हनुमान चालीसा पाठ में शिरकत की। इस अवसर पर गजेंद्र गोसाई ने सुर, लय और ताल के साथ 21 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। अंत के दो चौपाइयों का नृत्य के साथ पाठ करवाया। इस अवसर पर बोधराज सीकरी ने अपने वक्तव्य में चित्रकूट का वर्णन किया। उन्होंने भरत का प्रेम, मां कौशल्या का प्रेम, ऋषि वशिष्ठ का आग्रह और उनके मन की स्थिति के बारे में बड़ी विस्तृत विवेचना की। इस आयोजन में पंडित भीम दत्त ने पूजा करवायी। सुरेंद्र खुल्लर प्रधान केंद्रीय श्री सनातन धर्म सभा, धर्मेन्द्र बजाज, रमेश कामरा, राजेन्द्र बजाज, किशोरी लाल डुडेजा, ओम प्रकाश कालरा, महिला वर्ग में ज्योत्सना बजाज, रचना बजाज, सिमरन बजाज, पुष्पा नासा उपस्थित रहे। सेक्टर-45 के प्राचीन राम मंदिर में 100 साधकों ने 21-21 बार पाठ किया। विजय टन्डन, रणधीर टन्डन की फैक्टरी वीके रब प्लास्ट के 70 कर्मचारियों ने 2-2 बार पाठ किया। पंजाबी बिरादरी महा संगठन की महिला प्रकोष्ठ की संयोजिकाज्योत्सना बजाज के सहयोग से जूम के माध्यम से लगभग 27 महिलाओं ने 11-11 बार पाठ किया। इससे पहले 207 स्थानों पर हनुमान चालीसा के 546,161 पाठ 39,486 साधकों ने किए थे।



गुरुग्राम में हनुमान चालीसा पाठ में भाग लेते बोधराज सीकरी।

# नप ने मार्केट कमेटी को पत्र लिख नाले की सफाई कराने की मांग की

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद ने मार्केट कमेटी को पत्र लिखते हुए अनाज मंडी में से जा रहा गंदा पानी के नाले की सफाई कराने की की मांग की है। ताक शहर के नागरिक अस्तपाल मार्ग पर नाले का जमा गंदा पानी की सही से निकासी हो सके। आम लोगों को जमा गंदे पानी से हो रही परेशानी का समाधान हो सके।

पिछले करीब एक सप्ताह से शहर के मुख्य नागरिक अस्तपाल मार्ग पर नाला का गंदा पानी जमा परेशानी का सबब बना हुआ है। यह गंदा पानी सायं 7 बजे के बाद से जमा होना शुरु होता है। अगले दिन सुबह 11 बजे तक निकलता है। जिसका कारण सुबह और शाम घरों में होने वाले घरेलू कामकाज में पानी का अधिक उपयोग होने पर नाले का जल स्तर बढ़ जाता है। नाले का पानी की सही निकासी होने से सड़क पर जमा हो रहा है।





**नाले पर अवैध कब्जा :** शहर से आने वाला नाले के माध्यम से गंदा पानी अनाज मंडी परिसर में से जा रहा नाले में कचरा भरा हुआ है। जिससे नाले के पानी की सही निकासी नहीं हो रही है। अनाज मंडी में नाले पर अवैध कब्जा होने से स्थानीय लोगों ने कंकरीट की प्लेट व फर्श डाल दी है। जिससे नाले में जमा कूड़ा-कचरा की सफाई न होने से पानी की निकासी नहीं हो रही है।

**परिषद ने मार्केट कमेटी को लिखा**

> “ **शहर** के सभी नालों की समय-समय पर सफाई होती रहती है। लेकिन नागरिक अस्पताल मार्ग पर जमा गंदा पानी मार्केट कमेटी के नाले में जमा कचरा की सफाई न होने से आ रही है। मार्केट कमेटी जिस दिन नाले की सफाई करा देगी। उसी समय पानी की निकासी हो जाएगी।
> **( सुमन लता-कार्यकारी अधिकारी नप )**

**पत्र :** अस्पताल मार्ग पर जमा गंदे पानी की निकासी के लिए नगर परिषद की कार्यकारी अधिकारी सुमन लता ने मार्केट कमेटी सचिव को पत्र लिखते हुए नाले की सफाई कराने की मांग की है। परिषद की तरफ से लिखा पत्र में मंडी परिसर में से जा रहा गंदे पानी के नाले की सफाई जल्द से सफाई कराने की मांग की है। ताकि शहर में आ रही मार्ग पर गंदा पानी की समस्या का समाधान हो सके।

# लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया का देश में बड़ा योगदान : जितेंद्र भारद्वाज



गुरुग्राम में प्रेस क्लब परिसर में पहुंचे हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज पत्रकारों के साथ।

**जितेंद्र भारद्वाज ने जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम के निर्माणाधीन प्रेस क्लब का किया दौरा**

**प्रेस क्लब भवन निर्माण के लिए पांच लाख रुपये देने की घोषणा**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज ने बुधवार को यहां सिविल लाइन में जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन गुरुग्राम की ओर से निर्माणाधीन प्रेस क्लब परिसर का दौरा किया। उन्होंने निर्माण कार्य के लिए एसोसिएशन को 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। इससे पूर्व एसोसिएशन के प्रधान संजय यादव समेत समस्त कार्यकारिणी, सदस्यों ने जितेंद्र भारद्वाज का क्लब परिसर में स्वागत किया।

अपने संबोधन में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है। अपनी शुरुआती जीवन में वे स्वयं भी पत्रकार रहे हैं। उन्होंने गुरुग्राम, दिल्ली में पत्रकारिता की है। उन्होंने कहा कि एक पत्रकार हमेशा निष्पक्ष पत्रकारिता करके, समाज उससे यही उम्मीद करता है। समाज में बदलाव के लिए पत्रकारिता बड़ा माध्यम है। जितेंद्र भारद्वाज ने कहा कि समाज को जागृत करने के लिए, समाज के हर वर्ग की आवाज को बुलंद करने के लिए मीडिया सदा अहम भूमिका निभाता है। मीडिया के माध्यम से ही हम सब अपनी बातों को जनता तक पहुंचाने में कामयाब होते हैं। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ मीडिया हर वर्ग की आवाज उठाकर न्याय दिलाने का काम करता है। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि गुरुग्राम में पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब का निर्माण हो रहा है। भविष्य में क्लब का मंच सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन संबंधी जानकारियां जनता तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा।

उन्होंने एसोसिएशन के सभी सदस्यों से परिचित होते हुए कहा कि मीडिया के माध्यम से आजादी के आंदोलन को मजबूती मिली। आंदोलन तेज हुआ। कलम की ताकत से उस समय के पत्रकारों ने मुकाबला किया। पत्रकारिता के उस समय पुरोधा रहे पत्रकारों ने कभी हार नहीं मानी। स्वयं यातनाएं झेलकर भी अपनी कलम की ताकत को बनाए रखा। इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज ने एसोसिएशन के प्रेस क्लब भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। साथ ही कहा कि भविष्य में भी अगर उनकी जरूरत पड़ी तो वे एसोसिएशन के लिए तत्पर रहेंगे। एसोसिएशन के प्रधान संजय यादव ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज का सभी पदाधिकारियों, सदस्यों की तरफ से आभार जताया।

# कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता घर-घर कांग्रेस और हर घर कांग्रेस अभियान को सफल बनाएगा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**कांग्रेस** पार्टी की तरफ से विधानसभा स्तर पर घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस ऐप का लांच किया गया। इस ऐप के माध्यम से पार्टी का कार्यकर्ता घर-घर जाकर कांग्रेस की लोकसभा चुनाव जितने के बाद अपनाई जाने वाली योजनाओं के विषय में जागरुक करेंगे। बुधवार को शहर की लोहिया धर्मशाला में कांग्रेस पार्टी की विधानसभा स्तर पर ऐप लांच की गई।

इस अवसर पर पार्टी के लोग सभा प्रभारी अतिम पुनिया, जिला प्रभारी दीपक भारद्वाज, प्रदेश स्तर के पदाधिकारियां ेमें जितेन्द्र राणा व सुधीर चौधरी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज भारद्वाज करते हुए इस अवसर पर मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं को पार्टी द्वारा जारी की गई ऐप की जानकारी दी। भारद्वाज ने बताया कि ऐप से जुड़ने वाले कार्यकर्ता के घर-घर जाने का हर एक दिन का अपने आप रिकार्ड दर्ज होगा।



सोहना में बुधवार को कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं की विधानसभा स्तर पर की गई ऐप लांच के अवसर पर संबोधन करते हुए पार्टी पदाधिकारी।

पार्टी कार्यकर्ता के हर दिन का डाटा ऐप में दर्शाया गया डाटा पार्टी प्रत्येक राष्ट्रीय स्तर तक रिपोर्ट जाएगी। जिसमें राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी भी जुड़ें है। इस ऐप के माध्यम से कार्यकर्ता लोक सभा जितने के बाद पार्टी द्वारा कराएं जाने वाले विकास कार्य से लेकर देश तरक्की के लिए तैयार की गई योजनाओं की जानकारी घर-घर जाकर देंगे। पार्टी की लोक सभा चुनाव को लेकर तैयारियों की जानकारी ऐप के माध्यम से आम लोगों को बताने का काम करें।

# सोहना में आवारा सांडों की लड़ाई में बाल-बाल बचे स्कूली बच्चे

**सोहना।** शहर में आवारा घूमने वाले सांडों का आए सार्वजनिक स्थानों लेकर आम रास्ते, गली और मौहल्लों में तांडव से स्थानीय नागरिक आतंकित हो रहे है। बुधवार की सुबह स्कूल जा रहे बच्चों दो सांडों के झगड़े बाल-बाल बचे। सांडों की इस झगड़े में गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई।

शहर में आवारा घूमने वालो सांडों पर नगर परिषद प्रशासन धड़पकड़ में पूरी लापरवाही बरते हुए है। शहर के आबादी वाले गली मौहल्लों से लेकर आम रास्ता, सड़क, बाजार और चौक-चौराहों पर आए दिन सांडों के झगड़ें हो रहे है। शहरवासियों को जहां भी सांड़ नजर आ जाते है। वहा से अपनी जान हथेली पर रखकर ही निकलते हुए है। लेकिन इन सांडों के आसपास से निकलना किसी जान लेवा खतरे से कम नहीं होता है। बुधवार की सुबह घर से स्कूल पैदल जा रहे दो से तीन बच्चें सांड़ों के बीच अचानक से हुआ झगड़े की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक पर गाय व तीन सांड घूम रहे थे। अचानक से तीनों सांडों में झगड़ा हो गया। उनके पास से स्कूल जा रहे राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने भागकर अपनी जान बचाई।

**गाड़ी हुई क्षतिग्रस्त :** दो सांड़ों के बीच करीब 15 मिनट तक चला इस झगड़ें में एक गाड़ी उस समय क्षतिग्रस्त हो गई। जब गाड़ी मालिक सुबह अपनी ड्यूटी में जा रहा था। सामने सांडों को लड़ता देख वह सड़क पर रुक गया। दोनों सांड लड़ते हुए उसकी गाड़ी के निकट आ गए। एक सांड ने दूसरे सांड को उसकी गाड़ी के बोनट पर फेंक दिया।

> “ **सांडों** को शहर में से पकड़ा जाएगा। जिसके लिए ठेका छोड़ने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। जहा गऊशाला में छोड़ा जाएगा। वहा पर चारा व रखरखाव के लिए विचार विर्मश चल रहा है। जल्द ही सहमति बनने पर गया और सांड़ों को शहर में से पकड़ गऊशाला में छोड़ने का कार्य शुरु हो जाएगा।
> **( सुमन लता-कार्यकारी अधिकारी नप )**

**शहीद चौक बना सांडों का अखाड़ा :** शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक सांड़ों के लिए अखाड़ा बना हुआ है। यहा बैठे दुकानदार प्रवीण जैन ने बताया कि हर रोज सांडों के बीच इस चौक पर झगड़ें होते है। जिससे दुकानदारों को सामन का तो भारी नुकसान होता है। सड़क व चौक पर खडें वाहनों भी नुकसान होता है। उन्होने बताया कि परिषद प्रशासन आवारा घूमने वाले सांडों को पकड़ने में पहल नहीं कर रहा है। शायद परिषद प्रशासन सांडों से किसी जान लेवा हादसा का इंतजार कर रहे है।

# डिजिटल संचार में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कर्नाटक सरकार के साथ मिलकर काम करेगा ट्रूकॉलर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**पूरी** दुनिया में संचार और कॉलर आईडी के सबसे बड़े प्लेटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने साइबर अपराध, दूसरों के नाम से लोगों को झांसा देने और धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं का मुकाबला करने और डिजिटल संचार में यूजर्स की सुरक्षा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कर्नाटक सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (DeIT) के साथ साझेदारी की है। सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर राज्य के माननीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी तथा ग्रामीण विकास और पंचायत राज मंत्री, श्री प्रियांक खड़गे की उपस्थिति में इस पहल की शुरुआत की गई, जिसका उद्देश्य साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता और कौशल के साथ नागरिकों को सशक्त बनाना है। इस साझेदारी के तहत, ट्रूकॉलर पूरे राज्य में नागरिकों के बीच जागरूकता फैलाने और उन्हें सक्षम बनाने के लिए कई पहलों की शुरुआत करेगा, ताकि वे इंटरनेट का सुरक्षित तरीके से उपयोग कर सकें, साथ ही खुद को ऑनलाइन नुकसान, खास तौर पर फोन के जरिए होने वाली धोखाधड़ी और ठगी से बचा सकें।

इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए, माननीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी और ग्रामीण विकास और पंचायत राज मंत्री, श्री प्रियांक खड़गे ने कहा, “इस साझेदारी से यह बात जाहिर होती है कि, कर्नाटक सरकार डिजिटल इकोसिस्टम में अपने नागरिकों की सुरक्षा को सबसे ज्यादा अहमियत देने के संकल्प पर कायम है। टेक्नोलॉजी के विकास के साथ डिजिटल संचार में साइबर अपराध और धोखाधड़ी के मामले तेजी से बढ़ रही है, जिससे नागरिकों के असुरक्षित वर्ग के लिए खतरा बढ़ गया है। डिजिटल संचार में जागरूकता बढ़ाने और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार सक्रिय कदम उठा रही है। बेंगलुरु आज के दौर में इनोवेशन का दूसरा नाम बन चुका है, जिसे उन्नतिशील तकनीकी केंद्र के रूप में जाना जाता है। हमें गर्व है कि हमने इस साझेदारी के जरिए प्रदेश के नागरिकों की ऑनलाइन सुरक्षा बढ़ाने की पहल शुरू की है।” इस पहल के बारे में अपनी राय जाहिर करते हुए, श्री ऋषित झुनझुनवाला, चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, भारत, ने कहा, “हमें संचार में डिजिटल सुरक्षा को बढ़ाने, और नागरिकों को डिजिटल दुनिया में उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने में सक्षम बनाने के लिए कर्नाटक सरकार के साथ साझेदारी करते हुए बेहद खुशी हो रही है।




# अपग्रेड खोलेगा 100 करोड़ रुपये की लागत से पूरे भारत में 100 एक्सपीरियंस एवं लर्निंग सेंटर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एशिया** की इंटिग्रेटेड लर्निंग स्किलिंग एवं वर्कफोर्स डेवलपमेंट कंपनी अपग्रेड ने अपने ऑनलाइन ग्रोथ को बढ़ाने के लिए भारत में 100 ऑफलाइन कनेक्ट और काउंसलिंग टचप्वाइंट एवं लर्निंग सेंटर खोलने की घोषणा की है। ऐसे पहले दो काउंसलिंग सेंटर्स का उद्घाटन मुंबई और दिल्ली में और पहले दो लर्निंग सेंटर्स का उद्घाटन इंदौर और पुणे में किया जा चुका है।

इन सेंटर्स के प्रारंभिक प्रतिसाद काफी सशक्त रहा है क्योंकि पहले 30 दिनों में यहां 500 से अधिक कैरियर परामर्श प्राप्त हुए हैं। अपग्रैड का लक्ष्य इन 100 सेंटर्स में पांच लाख से अधिक लोगों को उनके करियर के बारे में काउंसलिंग करना और लर्निंग सेंटर में 10,000 से अधिक लर्नर्स को नामांकित करना है। कंपनी ने गैर-महानगरों और छोटे शहरों में इसे आगे बढ़ाने और अगले 12 महीनों के दौरान इसके परिचालन में तेजी लाने के लिए 100 करोड़ रुपये निवेश का प्रारंभिक कोष रखा है। इस पहल से 50 से अधिक फ्रेंचाइजी और 150 चैनल भागीदारों के साथ अपग्रैड की मौजूदा ऑफलाइन उपस्थिति और मजबूत होगी।



अपग्रैड के सह-संस्थापक एवं एमडी मयंक कुमार ने अपनी विस्तार योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा, “भारत की वैश्विक प्रतिभा बाजारों में स्थिति काफी मजबूत है। इसलिए, चालू वित्त वर्ष में, हम हर आयु वर्ग को सही करियर मार्गदर्शन और उच्च गुणवत्ता वाले लर्निंग और ट्रेनिंग दोनों के लांग एवं शार्ट फॉर्मेट कोसेर्स को हमने अत्यंत सशक्त और एकीकृत किया है। हमने उच्च-मांग वाले भौगोलिक क्षेत्रों की पहचान की है जो महानगरों से परे प्रतिभाओं को उनकी आजीवन सीखने की यात्रा में सहायक और मददगार साबित होगा।

हमारे सेंटर्स को शिक्षार्थियों के अनुकूल डिजाइन किया गया है जिससे कि शिक्षार्थी इसमें प्रवेश करके अपने मौजूदा या संभावित, ब्रांड डीएनए और मिशन का मेल कर सकें और अपने निर्णय लेने की प्रक्रिया को तेज कर सकें। आज हम जिस प्रतिस्पर्धी युग में काम कर रहे हैं, उसमें समय पर कौशल उन्नयन एक सहयोगी राष्ट्र-निर्माण शक्ति के रूप में कार्य करेगा, जो वैश्विक मंच पर भारत की सर्वोच्चता को स्थापित करेगा।”

सेंटर्स उन लोगों के लिए कैरियर काउंसिलिंग हब होगा जो अपस्किल और रिस्किल करना चाहते हैं। वे अपग्रेड के सभी कोर्सेस और प्रोग्राम्स एक ही जगह प्राप्त कर सकते हैं।

# डीपीएस फरीदाबाद में धरा से धरोहर तक कार्यक्रम आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद





**अनुभवजन्य** शिक्षण के अंतर्गत दिल्ली पब्लिक स्कूल फरीदाबाद में हर वर्ष नवसृजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष इसके आठवें संस्करण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के अंतर्गत भारत के तीन राज्यों गुजरात, तमिलनाडू एवं बिहार पर शोध करते हुए अनेक क्रियात्मक कार्य आयोजित किए गए।

पिछले छह महीनों में विद्यार्थियों द्वारा किए गए शोध कार्य, प्रोजेक्ट कार्य और कार्यशालाओं की परिणति धरा से धरोहर तक के रूप में हुई। जिसका दो दिन का भव्य कार्यक्रम स्कूल में आयोजित किया गया। इस आयोजन में कक्षा छह से आठ तक के 983 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस वर्ष, नवसृजन के अंतर्गत गुजरात, तमिलनाडू, और बिहार की संस्कृति , वास्तुकला, व्यंजन, वेशभूषा और विकास की मोहक कहानियों को दिखाया गया। प्रत्येक राज्य में विद्यार्थियों ने राज्य की विशिष्ट परंपराओं के समृद्ध रंग नवसृजन के कैनवास में भरे। विद्यार्थियों ने रंगमंच पर अत्यंत कलात्मक और सृजनात्मक रूप में विभिन्न नृत्य, कविता, पहेलियां, वार्तालाप आदि प्रस्तुत कर दर्शकों का न केवल मन मोह लिया, बल्कि अपने शोध कार्य और ज्ञान से उन्हें अभिभूत भी कर दिया।

कार्यक्रम में पहले दिन विद्युत एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर मुख्य अतिथि तथा राजनीति विज्ञान विभाग, मोतीलाल नेहरू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर राधिका कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। दूसरे दिन डॉ. जोसेफ इमानुएल, अकादमिक निदेशक, सीबीएसई तथा डॉ. संजय कुमार मंजुल, अतिरिक्त महानिदेशक, भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण ने मुख्य अतिथियों के रूप में कार्यक्रम का अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त एडेला फ्रांतेसोवा लुट्ज जिमरमैन एवं एजनइव ने भी विशिष्ट अतिथियों के रूप में कार्यक्रम का आनंद लिया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया।

सभी अतिथियों ने दशावतार तथा अन्य प्रस्तुतियों में छात्रों के प्रदर्शन की प्रशंसा की तथा इस प्रकार के अनुभवजन्य कलात्मक शैक्षिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रधानाचार्य व स्टाफ को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में पहले दिन उपप्रधानाचार्या संगीता चक्रवर्ती एवं दूसरे दिन वरिष्ठ समन्वयक पल्लवी पिपलानी ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में सभी अतिथियों तथा अभिभावकों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आभार प्रकट किया।

## संक्षिप्त समाचार

### एलआर कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन हुआ



**फरीदाबाद।** पंडित एलआर कॉलेज आफ मैनेजमेंट कबूलपुर बांगर बल्लभगढ़ फरीदाबाद में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय रणनीतियां और प्रबंधन की तकनीकें पर रखा गया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता पंडित एलआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक प्रोफेसर आरपी आर्य ने की। पंडित एलआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन पंडित लखमीचंद भारद्वाज ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को संबोधित किया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर आरपी आर्य ने पंडित एलआर कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को नई प्रबंधकीय नीतियों, मैनेजमेंट और एडमिनिस्ट्रेटिव वर्क के बारे में विस्तार से बताया। वाइस चेयरमैन गौरव भारद्वाज और एकेडमिक डीन डॉ. भरत राज बुंदेल ने पाठशाला के विषय वस्तु, इस्ट्रेटेजी और तकनीक के बारे में बताया और प्रबंधन के मुख्य बिंदु पर प्रकाश डाला गया। एचओडी अमनदीप कोर, स्वाति गौड़, असिस्टेंट प्रोफेसर रक्षिता, धर्मेंद्र, रुकमणि, बबली, मनीष ने भी विद्यार्थियों को अलग-अलग विषयों पर संबोधित किया।

### केसीएम वर्ल्ड स्कूल में मनाया गया बैगलेस डे



**पलवल।** केसीएम वर्ल्ड स्कूल में कक्षा पांचवीं, छठी व आठवीं के विद्यार्थियों के लिए बैगलेस डे का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों का रोजाना की दिनचर्या से हटकर विभिन्न क्रियात्मक गतिविधियों द्वारा ज्ञानवर्धन करना तथा उन्हें तनाव मुक्त करना था। विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित किए गए, जिसका उन्होंने पूरा आनंद उठाया। शुरू में बच्चों ने एरोबिक्स किया तथा उसके बाद नृत्य एवं संगीत की विशेष कक्षाएं भी आयोजित की गईं। टीम बिल्डिंग एक्टिविटीज के आयोजन से बच्चों को टीम में काम करने का महत्व पता चला। सरकार द्वारा चलाए जा रहे एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत मणिपुर राज्य की संस्कृति से विद्यार्थियों को लगातार अवगत कराया जा रहा है। इसी श्रृंखला में विद्यार्थी मणिपुर के विभिन्न विशेष व्यंजन लेकर आए तथा उनके बारे में जानकारी को सभी से सांझा किया। साथ ही साथ विद्यार्थियों को एक प्रेरणादायक फिल्म दिखाकर उनका उत्साह बढ़ाया गया। सभी विद्यार्थी आयोजन से अत्यंत हर्षित थे। शिक्षकों का मानना है कि ऐसे आयोजनों की वजह से विद्यार्थी अपनी पढ़ाई में और अधिक रुचि दिखाते हैं। अत: विद्यालयों में बैगलेस डे का आयोजन जरूर होना चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज ने भी बच्चों के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी किए जाते रहने की उम्मीद जताई।

### युवा संसद प्रतियोगिता के लिए औरंगाबाद स्कूल का चयन



**पलवल।** मंडल स्तर पर आयोजित की गई युवा संसद प्रतियोगिता में पलवल जिले के गांव औरंगाबाद होडल स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल का चयन राज्य स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता के लिए किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल ने बताया कि युवा संसद प्रतियोगिता आयोजन मंडल स्तर पर 29 जनवरी से तीन फरवरी तक किया गया था। पलवल जिले के गांव औरंगाबाद स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल के परिसर में एससीईआर टी गुरुग्राम की देखरेख में युवा संसद प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें कक्षा नौवीं से 12वीं तक करीब 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने युवा संसद का बेहतर ढंग से संचालन किया और प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता का उद्देश्य लोकतंत्र के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। स्कूल की प्राधानाचार्य डॉ. रंजना गुप्ता ने बताया कि युवा संसद प्रतियोगिता में चयनित टीम राज्यस्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में भाग लेगी, जोकि आठ फरवरी से 17 फरवरी तक होगी।

### सूर्य नमस्कार बौद्धिक क्षमता वर्धक : डॉ. संजीव कुमार



**पलवल।** आयुष विभाग पलवल की तरफ से जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर संजीव कुमार और हरियाणा योग आयोग के नेतृत्व में आयोजित हर घर हर परिवार सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन जिले के सभी ब्लॉकों की सभी व्यायाम शालाओं एवं सरकारी विद्यालयों में आयोजित किया जा रहा है। हर घर हर परिवार सूर्य नमस्कार कार्यक्रम एक फरवरी से 20 फरवरी तक मनाया जाएगा। इस योग कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. रामजीत योगाचार्य को बनाया गया है। इस जीवन शैली जागरूकता कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति पलवल, भारत स्वाभिमान न्यास पलवल, जिले के सभी प्राकृतिक चिकित्सा एवं कायाकल्प केंद्रों के प्रभारी भी इस योग कार्यक्रम में भागीदारी कर रहे हैं। जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजीव तोमर की उपस्थिति में व्यायामशाला यादूपुर पर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आयुष योग सहायक ज्ञानचंद, धीरज, अभय रावत, कृष्ण भारद्वाज, रोहित, भगत, सतीश आर्य आदि सभी योगनिष्ठ की पावन उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन का आयोजन हुआ। जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजीव कुमार ने सभी लोगों से अनुरोध किया कि हर घर हर परिवार में सूर्य नमस्कार और योग क्रियाओं को अपना कर जीवनशैली को स्वस्थ रखा जा सकता है। सूर्य नमस्कार अपने आप में संपूर्ण योग अभ्यास है, जो बौद्धिक क्षमता, शारीरिक और मानसिक विकास को बेहतर करता है। डॉ संजीव कुमार ने बताया कि इस सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है। आयुष विभाग के सभी आयुष योग सहायक पूरे मनोयोग से इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रतिदिन व्यायामशालाओं और विद्यालयों में सूर्य नमस्कार करवा रहे है।

### 10 वर्ष पहले बने आधार कार्ड को अपडेट करवाएं



**पलवल।** जिला के सभी नागरिकों को पिछले 10 वर्ष पहले बने आधार कार्ड में डॉक्यूमेंट अपडेट करवाने होंगे। किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए नागरिक जल्द से जल्द अपने आधार कार्ड में दस्तावेज अपडेट करवाएं। उपायुक्त नेहा सिंह ने जिला के नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरणने आधार कार्ड में 14 मार्च तक मुफ्त ऑनलाइन आधार दस्तावेज अपडेशन की सुविधा मुहैया की है। आधार में पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण के ऑनलाइन अपडेशन होगा।

# बोलेरो ने कार व ऑटो को मारी टक्कर, युवक की मौत

### महिला सहित आठ घायल, नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**नेशनल** हाईवे पर कुसलीपुर फ्लाईओवर पर बोलेरो गाड़ी चालक ने सामने से आ रहे एक ऑटो व कार में टक्कर मार दी। जिससे इस दुर्घटना में बोलेरो कार में सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दोनों गाड़ियों और ऑटो में सवार एक महिला सहित आठ घायल हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

कैंप थाना प्रभारी कुलदीप सिंह के अनुसार, जिला मुजफ्फर नगर यूपी के नंगला मुबारिक निवासी आकाश ने दी शिकायत में कहा है कि छह फरवरी को देर शाम साढ़े सात बजे वह अपनी पत्नी श्वेता के साथ अपनी कार में बामनीखेड़ा ग्रीन पेट्रोल पंप पर जा रहा था। लेकिन जब वह कुसलीपुर फ्लाईओवर पर पहुंचा तो गलत साइड से सामने से आ रही बोलेरो चालक अपनी गाडी को लापरवाही से चलाता हुआ आया और पहले एक ऑटो में टक्कर मारी, फिर उसकी गाड़ी में टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी में सवार वह और उसकी पत्नी श्वेता एवं ऑटो में बैठी सवारी घायल हो गए। जबकि बोलेरो गाड़ी में सवार असावटा गांव निवासी सुंदर की दुर्घटना में लगी चोटों के कारण मौत हो गई व उसके दो अन्य साथी घायल हो गए।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों गाड़ियों व ऑटो में सवार घायलों को तुरंत एंबुलेंस का इंतजाम कर उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया। जबकि बोलेरो कार का मालिक राहुल वहां मौके पर नहीं मिला। जिला नागरिक अस्पताल पहुंचे घायलों में आकाश, श्वेता, दिनेश, सबरजीत, आकाश, मनीष व सुंदर शामिल थे, जबकि राहुल किसी अन्य अस्पताल में चला गया। घायलों में से चिकित्सकों ने असावटा गांव निवासी सुंदर को मृत घोषित कर दिया, जबकि श्वेता, आकाश व दिनेश की हालत नाजुक देखते हुए हॉयर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में बोलेरो गाड़ी के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि उन्होंने जब बोलेरो गाड़ी मालिक राहुल के बारे में पता किया तो वह उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल नहीं पहुंचा। बल्कि किसी निजी अस्पताल में उपचार करा रहा है। पुलिस ने मृतक सुंदर के शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

# बदमाशों ने पुलिस पर किया हमला

## दो बदमाश गोली चलाकर हुए फरार, एक आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**सीआईए** की टीम वारदात को अंजाम देने की फिराक में बैठे बदमाशों को पकड़ने पहुंची तो पुलिस को देखते ही बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी है। पुलिस कर्मियों ने जैसे-तैसे अपनी जान बचाते हुए एक आरोपी को मौके पर काबू कर लिया। दो बदमाश गोलियां चलाते हुए फरार हो गए। मुंडकटी थाना पुलिस ने सीआईए के हवलदार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मुंडकटी थाना प्रभारी धर्मेंद्र के अनुसार, सीआईए स्टाफ पलवल के हवलदार नरेंद्र ने दी शिकायत में कहा है कि उनकी टीम गश्त पर मानपुर गांव के निकट मौजूद थी। मुखबिर ने उन्हें सूचना दी कि मानपुर निवासी रवि पुत्र नाहर सिंह, तरुण पुत्र धर्मराज व रवि पुत्र रणपाल जो अपराधी किस्म के है। अपने पास अवैध असला रखते है और किसी वारदात को अंजाम देने के लिए ईख के खेत के पास छिपे हुए हैं।

सूचना पर सीआईए की टीम ने मौके पर दबिश दी तो वहां से तीन लड़के पुलिस को देखकर अपने हाथों में लिए हुए असलहा से पुलिस को जान से मारने की नीयत से सीधे फायर शुरू कर दिए। पुलिस कर्मियों ने एक साथ जमीन पर लेटकर अपनी जान बचाते हुए आरोपियों में से एक युवक को काबू में कर लिया, जबकि दो युवक मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार किए गए युवक का नाम रवि पुत्र नार सिंह बताया गया है। आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा बरामद हुआ है, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

मुंडकटी थाना पुलिस ने सीआईए के हवलादर नरेंद्र की शिकायत पर तीनों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर फरार हुए दोनों आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर दी है। पुलिस का कहना है कि फरार हुए दोनों आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कॉलेज गई छात्रा हुई लापता, केस दर्ज

### पुलिस व परिजन तलाश में जुटे

**पलवल।** घर से कॉलेज जाने के लिए निकली बीएक प्रथम वर्ष की 18 वर्षीय छात्रा संदिग्ध हालत में लापता हो गई। पुलिस ने छात्रा के पिता की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। छात्रा का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस का कहना है कि छात्रा की तलाश के लिए पुलिस टीम जुटी हुई है। जल्द ही तलाश कर लिया जाएगा।पलवल के शहर थाना प्रभारी राजेश के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर में कहा है कि उसकी 18 साल की बड़ी बेटी पलवल के कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। छात्रा पांच फरवरी की सुबह घर से पढ़ने के लिए तैयार होकर कॉलेज के लिए निकली थी, लेकिन देर शाम तक भी घर वापस नहीं पहुंची। परिजनों ने छात्रा को पलवल कॉलेज व अपनी रिश्तेदारियों में तलाश किया, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पिता ने बताया कि छात्रा के पास एक फोन है, लेकिन वह भी फिलहाल स्विच ऑफ आ रहा है। पुलिस का कहना है कि छात्रा की तलाश के टीम गठित कर दी गई है, जल्द ही छात्रा को तलाश कर उसके परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा।

## सरस्वती कॉलेज में कबड्डी स्पर्धा संपन्न

**पलवल।** सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल में इंटर क्लास कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी रहीं और प्राचार्या द्वारा ही प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कमेटी द्वारा मुख्य अतिथ को प्लांटर देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने छात्राओं को संबोधित करते हुए खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी टीमों से अवगत होते हुए उन्हें हाथ मिलाकर परिचय लिया। स्वयं प्राचार्या ने खिलाड़ी टीमों से अवगत होने के बाद टॉस द्वारा खेल को प्रारंभ कराया। इस प्रतियोगिता को प्रीति डागर कबड्डी कोच ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाया।

## मंदिर के दान पात्रों के ताले तोड़ नकदी चोरी

### फुटेज की सीडीआर भी गायब

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**जवाहर** नगर कैंप स्थित प्राचीन श्री सनातन धर्म मंदिर में मंगलवार रात चोरों ने दान पात्रों के ताले तोड़कर नकदी चुरा ली। इतना ही नहीं, चोर मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीडी भी ले गए। सूचना मिलने पर कैंप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चोरों की तलाश शुरू की।

कैंप थाना प्रभारी कुलदीप सिंह के अनुसार, श्री सनातन धर्म मंदिर के प्रधान उत्तम चंद नारंग ने शिकायत दी है कि मंदिर के पुजारी मंगलवार देर शाम पूजा-अर्चना कर ताले लगाकर घर चले गए। रात में किसी समय चोरों ने पहले मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़ा। फिर बरामदे और मंदिर के अंदर जाने के लिए ताले तोड़े। चोर तीन तालों को तोड़ने के बाद मंदिर में पहुंचे और अंदर रखे पांच दान पात्रों के ताले तोड़ कर दान की रकम ले गए। मंदिर प्रबंधन कमेटी ने सुरक्षा के लिए चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। चोर उनकी डीवीडी भी चोरी कर ले गए। बुधवार सुबह जब पुजारी मंदिर में आरती करने पहुंचे तो घटना की जानकारी मिली।

## मेले में दो हस्तशिल्पियों की तबीयत बिगड़ी

### एक को हायर सेंटर रेफर किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**37वें** अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प सूरजकुंड मेले में आए दो हस्तशिल्पियों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। दोनों हस्तशिल्पियों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालात में सुधार होने के बाद एक को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

आपको बता दें कि इन दिनों सूरजकुंड मेला चल रहा है। इस मेले में भारतभर से आए हस्तशिल्पी अपने अपने सामान की प्रदर्शनी लगाए हुए हैं। कश्मीर से यहां आए आसिफ मजीद खान की अचानक से तबीयत बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ने के चलते उन्हें बादशाह खान सिविल अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उनकी जांच की तो पता चला कि हाई ब्लड प्रेशर होने की वजह से उनकी हालत खराब हुई। प्राथमिक उपचार के बाद आसिफ को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बता दें कि आसिफ मजीद खान कश्मीर से आए हैं। उन्होंने बताया कि वह 10-12 सालों से लगातार सूरजकुंड मेले में आ रहे हैं, इससे पहले उन्हें मेले में कोई दिक्कत नहीं हुई थी।

वहीं, मेले में अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे 55 वर्षीय राममेहर जींद से पहली बार मेले में बीन बजाने के लिए आए थे। वह बीन बजाकर अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे। उन्हें भी सांस लेने में काफी दिक्कत महसूस हुई, जिसके बाद उन्हें भी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। उनकी जांच में पता चला कि उनका ऑक्सीजन लेवल काफी काम आ रहा था और उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

# अमृता अस्पताल फरीदाबाद और आईआईटी हैदराबाद आए साथ

### रेडिएशन थेरेपी में नई तकनीक विकसित करने को मिलाए हाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**अमृता** अस्पताल फरीदाबाद के रेडिएशन आंकोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. भास्कर विश्वनाथन को हाल ही में एक शोध अनुदान के लिए चुना गया है। जिसका उद्देश्य कैंसर के इलाज के लिए ट्यूमर मोशन और रेडिएशन हाइपरथर्मिया के लिए एक स्वदेशी रोबोटिक अल्ट्रासाउंड विकसित करना है। यह तकनीक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद के एरंकी लैब्स प्राइवेट लिमिटेड की मेडिकल अल्ट्रासाउंड रिसर्च लेबोरेटरी में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अविनाश एरांकी और अमृता सेंटर फॉर एडवांस्ड रोबोटिक्स के सहयोग से विकसित की जाएगी।

अमृता अस्पताल फरीदाबाद में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. भास्कर विश्वनाथन ने कहा, यह हमारे लिए बेहद खुशी और गर्व की बात है कि हमें इमेज-गाइडेड थेरेपी और कैंसर रोगियों के लिए हाइपरथर्मिया के लिए स्वदेशी रूप से रोबोट-सहायक अल्ट्रासाउंड सिस्टम विकसित करने के लिए इस अनुदान के लिए चुना गया है। यह एक नॉन-इनवेसिव तकनीक है, जो केंद्रित अल्ट्रासाउंड तरंगों का उपयोग करती है और इसमें ट्यूमर एब्लेशन, रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी के लिए हल्के हाइपरथर्मिया और रेडिएशन के दौरान गति प्रबंधन जैसे कैंसर के उपचारमें बड़ी क्षमता है।

डॉक्टर ने कहा, यह अत्याधुनिक तकनीक ट्यूमर के सटीक स्थानीयकरण की अनुमति देगी, थेरेपेटिक रेडिएशन के लक्षित औरप्रभावी डिलीवरी को सक्षम करेगी और आसपास के ऊतकों और अंगों को नुकसान से बचाएगी। रोबोटिक अल्ट्रासाउंड ट्यूमर का सटीक पता लगाकर और उपचार के दौरान उसकी गति की निगरानी करके हाइपर थर्मिया की डिलीवरी को निर्देशित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वास्तविक समय की ट्रैकिंग यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण हो सकती है कि हाइपरथर्मिया को इच्छित लक्ष्य तक सटीक रूप से पहुंचाया जाए। उन्होंने बताया कि शरीर में ट्यूमर सांस लेने और अंग की गति जैसे कारकों के कारण आगे बढ़ सकते हैं। रेडिएशन थेरेपी को सटीक रूप से प्रदानकरने के लिए ट्यूमर की गति पर नजर रखना महत्वपूर्ण है। रीयल टाइम में ट्यूमर की गतिविधि को ट्रैक करने के लिए रोबोटिक अल्ट्रासाउंड सिस्टमका उपयोग किया जा सकता है। वे उपचार के दौरान ट्यूमर की स्थिति की लगातार निगरानी करने के लिए अल्ट्रासाउंड ट्रांसड्यूसर से लैस रोबोटिक हथियारों का उपयोग करते हैं, जिससे लक्ष्यीकरण सटीकता में सुधार होता है।

हाइपरथर्मिया में कैंसर कोशिकाओं को रेडिएशन के प्रति अधिकसंवेदनशील बनाने के लिए ट्यूमर क्षेत्र का तापमान बढ़ाना शामिल है। यह ट्यूमर में रक्त के प्रवाह में भी सुधार करता है, ऑक्सीजन और कीमोथेरेपीकी डिलीवरी को बढ़ाता है। हाइपरथर्मिया को रेडिएशन थेरेपी के साथकरने से चिकित्सीय प्रभाव में काफी वृद्धि हो सकती है और सैद्धांतिक रूप से कम रेडिएशन डोज की अनुमति मिलती है, जिससे आसपास के स्वस्थ टिश्यू को नुकसान कम होता है। एरंकी लैब्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अविनाश एरंकी ने कहा, रेडिएशन और अल्ट्रासाउंड एनर्जी की स्थानिक रूप से सटीक और प्रभावकारी डिलीवरी की आवश्यकता संभवत: दुर्बल कैंसर रोग वाले रोगियों में बेहतर परिणामों की कुंजी है।

डॉ. विश्वनाथन ने कहा आईआईटी हैदराबाद और एरंकी लैब्स प्राइवेटलिमिटेड के साथ सहयोग मेडिकल और इंजीनियरिंग दोनों क्षेत्रों की विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए परियोजना के दायरे को बढ़ाता है। यह अंत:विषय साझेदारी कैंसर केयर में टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है, जो उपचार नवाचार के लिए समग्र दृष्टिकोण पर जोर देती है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 8 फरवरी, 2024



# धन्यवाद प्रस्ताव

## मोदी का आत्मविश्वास

**संसद में 'धन्यवाद प्रस्ताव'** पर भाषण में प्रधानमंत्री मोदी का आत्मविश्वास सामने आया। राष्ट्रपति के संबोधन पर 'धन्यवाद प्रस्ताव' पर हुई बहस का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोरदार जवाब दिया। अपने भाषण में उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं तथा भविष्य के लिए दृष्टिकोण रेखांकित किया। इस प्रक्रिया में उन्होंने राष्ट्र को आकर्षित करने वाली साहसी घोषणा कर डाली कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को 'कम से कम 370 सीटें' मिलने जा रही हैं। उनकी यह घोषणा समर्थकों और पार्टी सदस्यों के लिए मधुर संगीत की तरह है। मोदी ने अपनी यह प्रतिबद्धता पुनः दुहराई कि वे भारत को विश्व शक्ति बना देंगे। प्रतिबद्धता तथा आशावाद से भरे इस भाषण में राष्ट्र की पूरी क्षमतायें उजागर करने के प्रयास जारी रखने की आवश्यकता पर जोर दिया गया था। 'कम से कम 370 सीटों' पर प्रधानमंत्री का जोर देना प्रशासन में पार्टी का विश्वास तथा उसकी नीतियों का जनता द्वारा समर्थन प्रकट करता है। यह आंकड़ा मनमाना नहीं है, बल्कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त करने की ओर संकेत से इसका ऐतिहासिक महत्व है। यह रणनीतिक संदर्भ स्थापना के समय से ही अपने प्रमुख सिद्धान्तों के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता तथा नीतिगत एजेंडे का सफल क्रियान्वयन है। यह सच है कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा के पास एक अजेय चुनाव मशीनरी है जो एक के बाद दूसरे चुनाव में जीतती तथा विपक्ष को कमजोर करती जा रही है। भाजपा ने अपने दो मुख्य वादे– अनुच्छेद 370 की समाप्ति व अयोध्या में राम मंदिर निर्माण पूरे कर लिए हैं, जबकि समान नागरिक संहिता तथा 'एक देश एक चुनाव' की ओर



वह आगे बढ़ रही है। इसलिए वह तार्किक रूप से मतदाताओं के पास यह दावा करते हुए जा सकती है कि उसने अपने वादे पूरे किए हैं। इस प्रकार मोदी का आशावाद गलत नहीं कहा जा सकता है और सीटों की गिनती लफ्फाजी न होकर वास्तविक हो सकती है।

स्वाभाविक रूप से मोदी की इस घोषणा ने राजनेताओं में उथलपुथल पैदा कर दी है। विपक्षी नेताओं ने इतनी भारी विजय की संभावना पर सवाल उठाते हुए जोर दिया है कि शासन के मुद्दों पर ज्यादा गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। कांग्रेस और अन्य राजनीतिक पार्टियों ने अनेक मोर्चों पर भाजपा को चुनौती दी है जिनमें आर्थिक नीतियों से लेकर सामाजिक मुद्दे तक शामिल हैं। इसकी प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता के जनादेश और भाजपा नेतृत्व पर विश्वास प्रकट किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि उनकी पार्टी मतदाताओं से जुड़ने तथा उनके सरोकारों को प्रभावी रूप से संबोधित करने में सक्षम है। मोदी की साहसी घोषणा के पीछे सावधानी से बनाई गई चुनावी रणनीति है। भाजपा सचेतन रूप से अपनी जड़ें मजबूत करने पर काम कर रही है, उसने तकनीक का लाभ उठाया है तथा नौजवानों को अपने साथ जोड़ा है। हालिया विधानसभा चुनावों में पार्टी की सफलता ने उसका विश्वास बढ़ाया है। 370 सीटों के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के प्रति उसका विश्वास अपने एजेंडे के प्रति यह विश्वास है कि वह बहुसंख्य मतदाताओं की भावनायें अभिव्यक्त करता है। हालांकि, इस समय उसे दूसरे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी ध्यान देना चाहिए जिसमें समावेशी आर्थिक विकास व रोजगार सृजन को सर्वोच्च स्थान मिलना चाहिए। भारत की जनता ने राष्ट्र की बेहतरी के लिए भाजपा को अपना पूरा समर्थन तथा प्रबल जनादेश दिया है। ऐसे में भाजपा की जिम्मेदारी है कि वह इसका सम्मान करे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शब्दों से इसी जिम्मेदारी तथा जनादेश के प्रति प्रतिबद्धता की भावना प्रकट होती है।

# क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के दांवपेंच

क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों को अपनी कार्यविधि पूरी तरह पारदर्शी, विचार-विमर्श आधारित तथा वस्तुनिष्ठ बनानी चाहिए ताकि वे सटीक रूप से सही तस्वीर पेश कर सकें।



**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक, आर्थिक नीति विशेषज्ञ हैं)




पिछले 15 वर्षों में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है तथा इसी कालखंड में वह अन्य देशों की तुलना में दूसरी सबसे तेज वृद्धि दर प्राप्त कर सका है। लेकिन इसके बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था को सबसे निचला निवेश ग्रेड मिला है। अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों-सीआरए में से फिच व एसएंडपी ने उसे बीबीबी तथा मूडी ने बीएए3 रेटिंग दी है। निवेश ग्रेड का अर्थ कर्ज भुगतान पर कम जोखिम तथा कम रेटिंग का अर्थ अधिक जोखिम या 'स्पीकुलेटिव ग्रेड' है। भारत की उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति तथा इसके बढ़ते अंतरराष्ट्रीय सम्मान का सीआरए पर कोई असर नहीं पड़ा है।

मुख्य आर्थिक सलाहाकार द्वारा हाल ही में जारी संग्रह 'रि-इक्जामिनिंग नेरेटिव्स: अ कलेक्शन आफ एस्सेज़' के पहले निबंध में सीआरए को अपने भीतर सुधार की आवश्यकता जताई गई है। इसमें कहा गया है कि संप्रभु रेटिंग प्रक्रिया को ठीक से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का जोखिम परिभाषित करना चाहिए। इससे वे फंडिंग खर्च में अरबों डालर की बचत कर सकते हैं जो उनके विकास के लिए जरूरी है। सीआरए विश्व बैंक व आईएमएफ के ब्रेटन वुड्स संस्थानों के पहले से हैं। वे सरकारों को कर्ज देने की क्षमता का विश्लेषण कर उनकी 'सावरेन रेटिंग्स' निर्धारित करते हैं। इनसे दुनिया भर के निवेशकों को सरकारों द्वारा कर्ज लेने की 'इच्छा' तथा कर्ज अदा करने में उनकी 'सामर्थ्य' का पता चलता है। इसके आधार पर ही वैश्विक कर्जदाताओं से कर्ज लेने की उनकी क्षमता तथा ब्याज दरें निर्धारित होती हैं।

अच्छी रेटिंग से कर्ज सस्ता मिलता है तथा विदेशी निवेश आकर्षित होता है। संप्रभु क्रेडिट रेटिंग उपायों से न केवल किसी देश की समग्र आर्थिक स्थिति का पता चलता है, बल्कि इससे विदेशी, सार्वजनिक व निजी कर्ज की मात्रा, शेयर बाजारों में पारदर्शिता, आरक्षित मुद्रा भंडार तथा राजनीतिक स्थिरता व आर्थिक स्थायित्व का पता भी चलता है। यह राजनीतिक लेनदेन में भी महत्वपूर्ण है। लेकिन सीआरए के वस्तुनिष्ठ आंकलन तथा क्रियाविधियां पारदर्शी नहीं हैं।

सीआरए पश्चिमी सरकारी और गैर-सरकारी एजेंसियों की तरह हैं जिनमें से कुछ की विश्वसनीयता और क्षमता सवालों के घेरे में है। वे देशों की रैंकिंग ऐसे मुद्दों के आधार पर करती हैं जिनमें लोकतंत्र, प्रशासन, भ्रष्टाचार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, धार्मिक स्वतंत्रता, जेंडर समानता, मानवाधिकार, सरकारों का खुलापन, आदि शामिल हैं। इसके लिए वे बहुत छोटे नमूनों या 'विशेषज्ञों' की राय पर आधारित होती हैं जिनकी चयन प्रक्रिया पूरी तरह अपारदर्शी है। वे ऐसी प्रक्रियाओं का प्रयोग करती हैं जिनमें वस्तुनिष्ठता का अभाव होता है, उनकी क्रियाविधियों में पारदर्शिता की कमी होती है तथा वे देशों के ऐतिहासिक व सभ्यतामूलक चरित्र को अनदेखा करती हैं। वे अपनी प्रक्रियाओं के बारे में उन देशों से विचार-विमर्श तक नहीं करती हैं। इन एजेंसियों के माध्यम से कमजोर हो रहे पश्चिमी देश अपना 'सांस्कृतिक उपनिवेशवाद' चलाते हैं तथा पश्चिमी अवधारणाओं, पश्चिमी मूल्यों व पश्चिमी दृष्टिकोणों को विकसित देशों पर थोपने का प्रयास करते हैं। पश्चिमी देश अब भी विकासशील देशों को समान मानने के बजाय स्वयं को उनसे 'श्रेष्ठ' मानते हैं और इस प्रकार वे विकासशील देशों पर अपने मानक गलत तरीके से थोपने का प्रयास करते हैं। इन सबके साथ असली समस्या तब पैदा होती है जब अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान अक्सर अपने निर्णय इन रैंकिंगों के आधार पर करते हैं। अक्सर अंतरराष्ट्रीय तुलना अनुचित होती है और इन रैंकिंगों में संदिग्धता को कम से कम 'अवैज्ञानिक' जरूर कहा जा सकता है। हालांकि, चीन और भारत के उभार के बाद स्थितियां बदल रही हैं। चीन अब उनको पूरी घृणा के साथ देखता है, लेकिन वह अपनी तानाशाही व्यवस्था के प्रति खामोशी बरतता है। अब भारतीयों ने भी उनकी विधियों पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं तथा उनकी कमजोरियां, विरोधाभासों और बड़बोलेपन को उजागर कर रहे हैं। दूसरे देश भी देर-सवेर ऐसी ही रणनीति अपनाएंगे। वर्तमान समय में दुनिया बहु-ध्रुवीय तथा चेतना-संचालित है, ऐसे में उसे केवल पश्चिमी विमर्श स्वीकारने के बजाय अनेक विमर्शों को अपने भीतर समाहित करना चाहिए।

वैश्विक क्रेडिट रेटिंग उद्योग एक प्रकार का एकाधिकार है जिसमें केवल तीन प्रमुख एजेंसियां-मूडी, स्टैंडर्ड एंड पुअर्स तथा फिच शामिल हैं। सावरेन रेटिंग के लिए सीआरए विभिन्न मानकों का प्रयोग करती हैं जिनमें वृद्धि, मुद्रास्फीति, सरकारी कर्ज, अल्पकालीन बाहरी कर्ज तथा राजनीतिक स्थिरता शामिल हैं। गुणात्मक आयाम भी क्रेडिट रेंटिंग तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। सीईए रिपोर्ट के अनुसार, 'संस्थागत गुणवत्ता मुख्यतः विकासशील अर्थव्यवस्था की क्रेडिट रेटिंग तय करने में अपनी भूमिका अदा करती है जिसका निर्धारण विश्व बैंक के वैश्विक प्रशासनिक सूचकांक-डब्लूजीआई करते हैं। यह अपने आप में समस्या है क्योंकि ये आयाम गैर-पारदर्शी, दृष्टिकोण-आधारित तथा छोटे विशेषज्ञ समूहों द्वारा निर्धारित होते हैं। ये संप्रभु द्वारा भुगतान करने की इच्छा का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकते हैं।'

वित्तीय संकट तथा 2007-09 की महामंदी के बाद सीआरए और नियामक व्यवस्था आलोचना का शिकार हुए। तर्क दिया गया कि उन्होंने बंधक-आधारित सिक्यूरिटीज़ के बारे में गलत सूचनायें दी थीं और उनको सर्वोच्च एएए रेटिंग दी गई थी। इससे खराब निवेशों की मात्रा बहुत बढ़ गई थी। उन पर अपने मुनाफे बढ़ाने तथा शेयर बाजारों में गलत रेटिंग के कारण निवेशकों को आकर्षित करने के आरोप लगे जिससे सबप्राइम बंधक बाजार ध्वस्त हो गया और इसने वित्तीय संकट को और गहरा बना दिया। अमेरिका में क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों में सुधार के लिए कानून बनाया गया। इसी तरह अन्य देशों ने भी इन पर नियमन के प्रयास किए जिनमें यूरोपियन सिक्यूरिटीज़ एंड मार्केट्स अथारिटी तथा भारत की सेबी शामिल हैं। लेकिन रेटिंग एजेंसियों की क्रियाविधियों में कमियों के खुलासे के बावजूद उनकी पारदर्शिता या वस्तुनिष्ठता में कोई सुधार नहीं हुआ।

सुधार के ये प्रयास भी केवल 'प्रतीकात्मक' बने रहे क्योंकि इनके कारण रेटिंग एजेंसियों के कामकाज में अपारदर्शिता की एक और सतह जुड़ गई। अनेक तत्व अब भी गुणात्मक आंकलन पर आधारित हैं जिनके चलते सीआरए विभिन्न देशों के बारे में अपनी अवधारणायें बनाती हैं। इन तत्वों में राजनीतिक स्थिरता और क्षमता, वित्तीय क्षेत्र के जोखिम, मैक्रोआर्थिक नीति की विश्वसनीयता व लचीलापन, पांच सालों के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान, मैक्रोइकोनोमिक स्थायित्व, राजकोषीय वित्तीय लचीलापन, सार्वजनिक कर्ज का टिकाऊपन तथा राजकोषीय ढांचा शामिल हैं। रेटिंग एजेंसियों की क्रियाविधि अंतिम रेटिंग में इन गुणात्मक आयामों को दिए जाने वाले महत्व पर खामोश है। यहां तक कि डब्लूजीआई भी अनेक अन्य संकेतकों का प्रयोग करता है जिसमें वैश्विक प्रतियोगिता क्षमता, स्वतंत्रता, कानून का शासन, भ्रष्टाचार, नियमन की गुणवत्ता, आदि शामिल हैं। इनका निर्धारण भी अलग-अलग एजेंसियों द्वारा किया जाता है जो मोटे तौर से दृष्टिकोण-आधारित हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडी दो गुणात्मक मानकों-आर्थिक शक्ति व राजकोषीय शक्ति को दो गुणात्मक आयामों-संस्थागत व प्रशासनिक शक्ति तथा जोखिम के अवसर की संभावना से जोड़ देती है। इस प्रकार अंतिम रेटिंग तय करने में डब्लूजीआई आईएंडजीएस को 40 प्रतिशत महत्व देती है। एसएंडपी 'लचीलेपन व प्रदर्शन प्रोफाइल' को 'संस्थागत व आर्थिक प्रोफाइल' से जोड़ कर एक 'संकेतक रेटिंग स्तर' तय करती है। लेकिन इन मानकों को दिया जाने वाला स्थान न तो पूर्व निर्धारित है और न इसका कोई मानक है। वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के इन गलत आंकलनों का प्रभाव कर्ज लेने वाले देशों पर पड़ता है जिससे विकासशील देश सर्वाधिक प्रभावित होते हैं। समय आ गया है कि क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों को अपनी कार्यविधि पूरी तरह पारदर्शी, विचार-विमर्श आधारित तथा वस्तुनिष्ठ बनानी चाहिए ताकि वे सटीक रूप से भारत समेत अन्य विकासशील देशों की सही तस्वीर पेश कर सकें।

# विकास संकेतक सुधार में एनजीओ की भूमिका

**फौज़िया ख़ान**
(लेखिका, संसद सदस्य हैं)



गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) सामाजिक विकास के अभिन्न वास्तुकार बन गए हैं, जो प्रमुख विकास संकेतकों पर एक अमिट छाप छोड़ रहे हैं और सामुदायिक विकास को बढ़ावा दे रहे हैं। एनजीओ परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं, परिवर्तन में अंतराल को संबोधित करते हैं, हाशिए पर रहने वाले समूहों का समर्थन करते हैं, आवश्यक सेवाएं प्रदान करते हैं और बेहतर नीतिगत निर्णय लेते हैं। उनके कार्यों में एक व्यापक स्पेक्ट्रम शामिल है, जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल से लेकर महिला सशक्तिकरण और पर्यावरणीय स्थिरता तक शामिल है।

भारत में, गैर सरकारी संगठनों ने परिवर्तनकारी परियोजनाओं का नेतृत्व किया है, जिससे विकास संकेतकों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। शिक्षा-केंद्रित पहल साक्षरता दर बढ़ाने में योगदान करती हैं; स्वास्थ्य देखभाल परियोजनाओं से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम होती है; और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम लैंगिक समानता पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। सोसाइटी फॉर पार्टिसिपेटरी रिसर्च इन एशिया (पीआरआईए) द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, 2021 तक, 26.5 प्रतिशत एनजीओ धार्मिक गतिविधियों में लगे हुए हैं, जबकि 21.3 प्रतिशत सामुदायिक और/या सामाजिक सेवाओं में काम करते हैं। लगभग पांच में से एक एनजीओ शिक्षा के क्षेत्र में काम करता है, जबकि 17.9 प्रतिशत खेल और संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय हैं, और केवल 6.6 प्रतिशत स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करते हैं।

इसके अतिरिक्त, स्वच्छ जल, स्वच्छता और टिकाऊ पर्यावरणीय प्रथाओं तक पहुंच भी ऐसे क्षेत्र हैं जहां गैर सरकारी संगठन महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लगभग 80त्न गैर सरकारी संगठन मुख्य रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने, अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण सुनिश्चित करने और गरीबी उन्मूलन की दिशा में काम करने पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं।

इसके अलावा, भारतीय लोकतंत्र के जटिल परिदृश्य में, लगभग 3.4 मिलियन गैर सरकारी संगठन राज्य की पहलों द्वारा छोड़ी गई कमियों को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आपदा राहत से परे, गैर सरकारी संगठन मानवाधिकारों से लेकर पर्यावरण संरक्षण तक के मुद्दों को संबोधित करते हुए विविध गतिविधियों में संलग्न हैं। कोविड-19 संकट के दौरान, उन्होंने तत्काल जरूरतों को पूरा करने में अपनी चपलता का प्रदर्शन करते हुए, कमजोर आबादी को आवश्यक सहायता प्रदान की। समर्थक के रूप में कार्य करते हुए, गैर सरकारी संगठन स्वयं सहायता समूहों के साथ सहयोग करते हैं, जिससे जमीनी स्तर की पहल का प्रभाव बढ़ता है। वे हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाते हैं, उन्हें गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की मांग करने और शासन में जवाबदेही सुनिश्चित करने में सक्षम बनाते हैं।

गैर सरकारी संगठनों ने सहभागी शासन को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है, 1986 के पर्यावरण संरक्षण अधिनियम और 2009 के शिक्षा का अधिकार अधिनियम सहित ऐतिहासिक कानूनों के निर्माण में योगदान दिया है। सामाजिक मध्यस्थों के रूप में कार्य करते हुए, गैर सरकारी संगठन सामाजिक स्तरों पर हस्तक्षेप करते हैं, प्रचलित मानदंडों को चुनौती देते हैं और जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। अंधविश्वास, आस्था और रीति-रिवाज में डूबे समाज में, वे परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करते हैं, दृष्टिकोण और व्यवहार को आकार देते हैं। अपने महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद, एनजीओ सीमित फंडिंग, परिचालन बाधाओं और टिकाऊ मॉडल की आवश्यकता जैसी चुनौतियों से जूझते हैं। इन चुनौतियों पर काबू पाने के लिए लचीलेपन और नवीनता की आवश्यकता होती है क्योंकि गैर सरकारी संगठन उन समुदायों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए रचनात्मक समाधान तलाशते हैं जिनकी वे सेवा करते हैं।

एक अध्ययन से पता चलता है कि भारतीय गैर सरकारी संगठनों को अपनी प्रभावशीलता में बाधा डालने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ख़राब वित्तीय नियोजन सामुदायिक विकास कार्यक्रमों में बाधा डालता है, जिसके लिए मजबूत वित्तीय रणनीतियों की आवश्यकता होती है। मानकीकृत कानूनी मॉडल की अनुपस्थिति वित्तीय कमजोरी को बढ़ाती है, स्थिरता को खतरे में डालती है। मानव संसाधनों में अपर्याप्त निवेश, कर्मचारियों को बनाए रखने में लापरवाही के साथ, परियोजना प्रबंधन पर अल्पकालिक फोकस से उत्पन्न होता है। कर्मचारी प्रतिधारण चुनौतियाँ और प्रोत्साहन के लिए अपर्याप्त धन मनोबल पर प्रभाव डालते हैं। कमजोर मानव संसाधन प्रबंधन, संसाधन कुप्रबंधन और शासन सिद्धांतों की सीमित समझ गैर सरकारी संगठनों में और बाधा डालती है। इन्हें संबोधित करने के लिए, केंद्र सरकार को अनुदान नियमों को उदार बनाना चाहिए। गैर सरकारी संगठनों को मानव संसाधन दिशानिर्देश स्थापित करने चाहिए, धन के दुरुपयोग को रोकना चाहिए और राजनीतिक हस्तक्षेप से बचना चाहिए। समुदाय-निर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए नवाचार और प्रौद्योगिकी को अपनाने से भारत में एनजीओ का प्रभाव बढ़ सकता है। गैर सरकारी संगठनों के लिए अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए सहयोग महत्वपूर्ण है। सरकारी निकायों, कॉर्पोरेट संस्थाओं और अन्य गैर सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी पहल की पहुंच और प्रभावशीलता को बढ़ाती है। सफल सहयोग प्रत्येक भागीदार की ताकत का लाभ उठाते हैं, जिससे जटिल सामाजिक मुद्दों का व्यापक और टिकाऊ समाधान प्राप्त होता है। प्रौद्योगिकी को अपनाना, सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देना और क्षमता निर्माण में निवेश करना गैर सरकारी संगठनों द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं में से एक है। उदाहरण के लिए, ग्रो फंड ने चल रहे क्षमता-निर्माण और संगठनात्मक विकास सत्र शुरू किए हैं, जिससे एनजीओ को निगरानी, विक्रेताओं के साथ व्यवस्थित जुड़ाव और डेटा एनालिटिक्स के महत्व को समझने में सशक्त बनाया जा सके। इसने संगठनात्मक शक्तियों की समग्र समझ को बढ़ावा देने और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गैर सरकारी संगठनों के लिए तलाशने का एक अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र समुदाय-आधारित संस्थानों को विकसित करना और स्थानीय प्रशिक्षण प्रदान करना है। यह गैर सरकारी संगठनों को स्थानीय चुनौतियों के लिए नवीन समाधानों को बढ़ावा देने, विकासात्मक परियोजनाओं की प्रभावी ढंग से योजना बनाने, लागू करने और मूल्यांकन करने का अधिकार देता है। समुदाय-संचालित दृष्टिकोण अपनाकर, गैर सरकारी संगठन स्थानीय संसाधनों तक पहुंच सकते हैं और जिन लोगों की वे सेवा करते हैं, उनसे अधिक समर्थन प्राप्त कर सकते हैं।

## आप की बात

### योगी का आह्वान

**संत कबीरनगर** में कबीर मगहर महोत्सव में योगी आदित्यनाथ ने लोगों से भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के उच्च लक्ष्य प्राप्त कर रहा है तथा आत्मनिर्भर भारत व नए भारत की अवधारणा हर जगह नजर आ रही है। देश-प्रदेश में भयमुक्त माहौल से दुनिया भर के लोग यहां निवेश करने आ रहे हैं। समारोह में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कबीर के बिना मगहर बंजर जमीन व खारी पानी के कारण नरक था। लेकिन कबीर के आगमन ने क्षेत्र को स्वर्ग बना दिया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास के मार्ग में आने वाली बाधायें दूर कर, विकास व सर्वजन हिताय की भावना से अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाकर तथा लोगो को कोरोना महामारी के दौरान भी हर सम्भव मदद दे कर नई प्रगति का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि मोदी के विकास कार्यो की गूंज सारी दुनियां में सुनाई पड़ी तथा भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। मोदी आज दुनिया के सर्वश्रेष्ठ व लोकप्रिय नेताओं में एक हैं। योगी आदित्यनाथ के आह्वान का जनता ने स्वागत किया है। देखना होगा कि मोदी के शब्दों में आम चुनाव में भाजपा सचमुच 370 पार होगी या नहीं।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

### पटाखों पर लगाम

**हरदा** में अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद हड़कंप मच गया है। कहा जाता है कि अवैध फैक्ट्री में करीब 15 टन विस्फोटक रखा हुआ था जिसमें आग लगने से तेज धमाके होने लगे। हादसे में कई लोगों की जान गई तथा लगभग 60 घरों जल गए। राजधानी भोपाल के निकट स्थित शहर में भारी मात्रा में विस्फोटकों के साथ अवैध फैक्ट्री चलना कुछ भ्रष्ट प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत की ओर संकेत करता है। पहले भी प्रदेश के कई शहरों में पटाखों के कारण बड़े हादसे हुए हैं। वर्तमान भयानक विस्फोट से आशंका होती है कि कहीं पटाखों के नाम पर यहां अवैध बम तो नहीं बनाए जा रहे थे। पटाखों और आतिशबाजी के कारण अनेक अग्निकांड होते हैं, अनेक लोगों की जानें जाती हैं तथा पर्यावरण प्रदूषण भी होता है। पटाखों के नाम पर अवैध रूप से बम बनाने वालों या पटाखा बमों का आपराधिक प्रयोग करने वालों को मौका मिल जाता है। इसे देखते हुए पटाखों के निर्माण, व्यापार और प्रयोग पर लगाम लगानी चाहिए तथा कुछ त्योहारों, आदि के अवसर पर पर्यावरण प्रदूषण का ध्यान रखते हुए ही आतिशबाजी के उपयोग की अनुमति देनी चाहिए। इस व्यवसाय में लगे लोगों को वैकल्पिक रोजगार मिलने चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### जनसंख्या समस्या

**कुछ देश** आज बढ़ती आबादी के कारण परेशान हैं। इसके साथ ही कई देश अपने यहाँ लगातार घट रही जन्मदर से अस्तित्व के खतरे का सामना कर रहे हैं। कभी सर्वाधिक आबादी वाला चीन अब दूसरे नंबर पर आ गया है। जापान, इटली, ग्रीस, हंगरी, पोलैंड, पुर्तगाल, क्यूबा व दक्षिण कोरिया आदि घटती आबादी के कारण समस्याओं का सामना कर रहे हैं। दक्षिण कोरिया में कॉर्पोरेट सेक्टर जन्मदर बढ़ाने के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित कर रहा है। कहा जा रहा है कि अगर अगले 20 वर्षों तक जन्म दर ऐसे ही घटती रही तो दक्षिण कोरिया के लिए अस्तित्व का संकट पैदा हो जायेगा। दक्षिण कोरिया समेत पश्चिमी देशों में घटती जनसंख्या उन देशों के लिए चेतावनी है जो कठोर कानूनों के माध्यम से जनसंख्या नियंत्रण करना चाहते हैं। विज्ञान व तकनीक की प्रगति से सुख-सुविधायें बढ़ने के बावजूद अनेक समृद्ध युवा विवाह कर बच्चे नहीं पैदा करना चाहते हैं क्योंकि उनके पालन-पोषण का खर्च बहुत अधिक है तथा इसे वे अपनी स्वतंत्रता में बाधा भी मानते हैं। ऐसे में समाज को बच्चों के पालन-पोषण, शिक्षा व देखभाल की ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए जिससे नौजवान विवाह कर बच्चे पैदा करने को बोझ न समझें।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### ट्रैफिक जाम

**ट्रैफिक जाम** की समस्या अब पूरे देश में जैसे महामारी की तरह फैल रही है। महानगरों के बाद अब तो छोटे-छोटे कस्बों तक में ट्रैफिक जाम लगने लगे हैं। इस बढ़ती समस्या के अनेक कारण हैं। बढ़ती हुई आबादी की तरह ही साल दर साल सड़कों पर नए वाहनों की बड़ी खेप उतरती है जिनमें बड़ी-बड़ी चौपहिया कारों की संख्या भी कम नहीं है। इसके साथ ही अनेक दूकानदार सड़क तक अपना सामान फैलाने तथा आने वाले दोपहिया वाहनों के लिए भी स्थान न छोड़ने को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानने लगे हैं। इसके अलावा फुटपाथ पर व ठेलों पर सामान बेचने वाले सड़कों पर अतिक्रमण कर लेते हैं। इससे वाहन निकलना क्या, पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। प्रशासन को अब सभी अतिक्रमण पूरी तरह हटाकर और अधिक व्यस्त मार्गों को एकांकी करके यातायात को व्यवस्थित करना चाहिए। अत्यधिक भीड़ वाले क्षेत्रों में चौपहिया ले जाने पर रोक लगनी चाहिए। सार्वजनिक परिवहन में पर्याप्त वृद्धि कर भी सड़कों पर निजी वाहनों की संख्या नियंत्रित की जा सकती है। ठेलों-खोमचों को भी उचित स्थान मिलना चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

# राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान दिखा सपा का महिलाओं के प्रति वास्तविक चरित्रः योगी

**विधानसभा की कार्यवाही**

## ● सीएम योगी ने कहाः अगर आपको आपत्ति थी तो मत सुनिए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महिला** संबंधित अपराध के बारे में नेता प्रतिपक्ष की टिप्पणी पर सीएम योगी ने बुधवार को विधानसभा में करारा प्रहार करते हुए समूचे विपक्ष को नसीहत दे डाली। बुधवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर आभार ज्ञापन के दौरान सीएम योगी ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि महिला संबंधित अपराध के बारे में नेता प्रतिपक्ष ने टिप्पणी की थी। समाजवादी पार्टी का रवैया महिलाओं के प्रति क्या है उसका उदाहरण हमने सदन में महिला राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान दिखा। राज्यपाल एक संविधानिक प्रमुख हैं इतनी वरिष्ठ हैं। उनके एक घंटे से अधिक के उनके अभिभाषण के दौरान सपा का व्यवहार महिलाओं के प्रति उसके वास्तविक चरित्र को प्रदर्शित करता है। सपा समेत विपक्ष को आइना दिखाने के साथ ही सीएम योगी ने मिशन शक्ति, महिला स्वावलंबन तथा महिला सुरक्षा समेत कई अहम विषयों में उत्तर प्रदेश की प्रगति का खाका पेश किया।

विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के पर आभार ज्ञापन के दौरान सीएम योगी ने नेता प्रतिपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आपको विरोध करना ही था तो करते मगर कम से कम बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाए गये संविधान का तो पालन कर लेते। उन्होंने आगे कहा कि आपत्ति है तो मत सुनिए मगर जिस प्रकार विपक्ष ने अभद्र व्यवहार किया उससे मैं भौचक था। महिला सशक्तिकरण और मिशन शक्ति से जुड़ी उपलब्धियों की ओर भी सीएम योगी ने सदन का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले महिला वर्क फोर्स केवल 14 फीसदी थी जो अब 2023 में बढ़कर 32.1 प्रतिशत हो गया है। हमने महिला सुरक्षा, सम्मान स्वावलम्बन के लिए मिशन शक्ति अभियान चलाया है। इसके अतिरिक्त, सामाजिक सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के जरिए 17 लाख 82 हजार बालिकाएं लाभान्वित हुईं। निराश्रित महिला पेंशन से 31.50 लाख महिलाओं को लाभ मिला है। इसके साथ हीए प्रधानमंत्री मातृ वंदना जैसे प्रयास से 55 लाख लाभान्वित हुए जो इस बात को सुनिश्चित करता है कि बेटियां बोझ न बनें। महिला स्वावलम्बन के लिए बीसी सखी 57 हजार ग्राम पंचायतों में, स्वयं सहायता समूह 01 करोड़ महिलाएं जुड़ीं, पुलिस में 20 प्रतिशत पद आरक्षित जैसे प्रयास भी राज्य सरकार द्वारा किए गए जबकि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अब तक 3.10 लाख जोड़ों का विवाह भी संपन्न कराया गया है। सीएम योगी ने सदन में ईज ऑफ लिविंग, उत्तर प्रदेश दिवस के साथ ही विभिन्न योजनाओं में प्रदेश की स्थिति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहाए उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः! अर्थात कुछ भी हासिल करने के लिए मेहनत करनी पड़ती है, सिर्फ सोचने से कुछ नहीं होता।

**प्रदेश में तीन गुना बढ़ी है कृषि विकास दरः** मुख्यमंत्री ने कृषि विकास और किसानों के कल्याण के लिए उठाये गये सरकार के कदमों के बारे में सदन को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डबल इंजन सरकार ने सात साल में 23 लाख हैक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की क्षमता उपलब्ध कराई है। उन्होंने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से 2 करोड़ 62 लाख किसानों को लाभान्वित किया गया है। कृषि विकास दर भी 2016-17 में जहां 6.6 प्रतिशत थी, वह बढ़कर आज वह 18.2 प्रतिशत हो गई है, जो लगभग तीन गुना की बढ़ोतरी है।

### 17 लाख से ज्यादा पटरी व्यवसायियों को प्रदान किया 2317 करोड़ रुपए का ऋण

**लखनऊ।** सीएम योगी ने सदन में उत्तर प्रदेश में नगर विकास और चिकित्सा स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुई प्रगति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अयोध्या, मथुरा.वृंदावन एवं शाहजहांपुर में नए नगर निगम का गठन किया गया तो 113 नए नगर निकायों का गठन भी हुआ। 8 सेफ सिटी और 17 स्मार्ट सिटी पर कार्य हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत देश में सर्वाधिक 17 लाख 34 हजार पटरी व्यवसायियों को लगभग 2317 करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के प्रथम चरण में सभी जनपद खुले में शौच से मुक्त घोषित किए गए हैं। प्रदेश की सभी 58856 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण पूर्ण हो गया है। 100 प्रतिशत ग्राम ओडीएफप्लस घोषित किए जा चुके हैं। चिकित्सा-स्वास्थ्य पर सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 की तुलना में वर्ष 2023 तक एईएस रोगियों की मृत्यु में 98 प्रतिशत व जेई रोगियों की मृत्यु में 96 प्रतिशत की कमी आई है। एईएस रोगियों की संख्या में 76 प्रतिशत तथा जेई रोगियों की संख्या में 85 प्रतिशत की कमी आई है। एक जिला.एक मेडिकल कॉलेज के संकल्प को पूर्ण करने की ओर हम तेजी से बढ़ रहे हैं। अतिशीघ्र एक दर्जन जनपदों को मेडिकल कॉलेज की सुविधा मिलने जा रही है। आयुष्मान भारत योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान से 01 करोड़ 80 लाख परिवार आच्छादित हैं। 04 करोड़ 86 लाख लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। 19 जनवरी, 2024 तक 31 लाख 88 हजार लाभार्थियों द्वारा 4,677 करोड़ रुपए का निःशुल्क इलाज प्राप्त किया गया है। 14 जनवरी 2024 तक आयोजित 131 मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में कुल 12.48 करोड़ से अधिक रोगी लाभान्वित हुए हैं। 2014 में मातृ मृत्यु दर 285 प्रति लाख थी, जो वर्ष 2022 में कम होकर 167 प्रति लाख हो गई है। शिशु मृत्यु दर वर्ष 2014 में 48 प्रति हजार थीए जो 2020 में कम होकर 38 प्रति हजार हो गई है। 75 जनपदों में निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस बार केंद्रीय बजट में आयुष्मान भारत योजना में आंगनवाड़ी व आशा बहनों को शामिल किए जाने का निर्णय लिया गया है। उत्तर प्रदेश में शिक्षा को लेकर किए गए कार्यों और उपलब्धियों पर भी सीएम योगी ने तथ्यों के साथ प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ष्स्कूल चलो अभियान को व्यापक रूप से संचालित किया गयाए जिससे 06 वर्षों में बच्चों के नामांकन में लगभग 40 लाख से अधिक की वृद्धि के साथ नामांकन बढ़कर 1.92 करोड़ हो गया है। बेसिक शिक्षा के प्रत्येक विद्यालय में दो.दो टैबलेट की उपलब्धता एवं 18381 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की भी स्थापना की गई है।



## भव्य व दिव्य रूप से संपन्न कराएंगे 2025 महाकुंभः सीएम योगी

**लखनऊ।** सीएम योगी ने बुधवार को सदन में आश्वासन दिया कि 2025 के महाकुंभ को 2019 से भी अधिक भव्य और दिव्य रूप से संपन्न कराया जाएगा। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि हम 2025 के महाकुंभ को भव्य दिव्य रूप में संपन्न कराएंगे। 2019 में जब प्रयागराज कुंभ था, तब काशी, अयोध्या, चित्रकूट, नैमिषारण्य और विंध्यवासिनी का धाम इस रूप में नहीं था। हमारा अनुमान है कि 19 के कुंभ की तुलना में दोगुना श्रद्धालु यहां आएंगे। उनके लिए अवस्थापना की सुविधाएं विकसित करने के लिए अभी से कार्य शुरू हो चुका है। 9 आरओबी बनाए गए हैं, नया सिविल टर्मिनल बनाने का कार्य किया गया, 250 से अधिक सड़कों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य हुआ। 114500 शौचालयों का निर्माण हुआ। इस साल भी माघ मेला में अब तक 40 लाख श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। सीएम योगी ने कहा कि माघ मेले को 2025 के प्रयागराज महाकुंभ के पूर्व के रिहर्सल के रूप में सरकार लेकर चल रही है। हमारे सामने 2019 के प्रयागराज को आयोजित करने का उदाहरण है। पहली बार 24 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पहुंचकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। सुरक्षाए स्वच्छता और सुव्यवस्था का क्या मॉडल हो सकता है, ये प्रयागराज कुंभ में देखने को मिला। दुनिया के 100 से अधिक देशों के राजनयिक वहां आए थे। इतने बड़े जनसमुदाय को देखकर सबने व्यवस्था की सराहना की थी। आजादी के बाद पहली बार मौनी अमावस्या पर 5 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई थी। पहली बार आजादी के बाद अक्षय वट, सरस्वती कूप के दर्शन श्रद्धालुओं ने किए थे। उन्होंने कहा कि आज भारत जिस सांस्कृतिक पुनर्जागरण में प्रवेश कर चुका है, उसमें अयोध्या का दीपोत्सव, ब्रज का रंगोत्सव, काशी की देव दीपावली पूरे देश में अपनी पहचान बना रही है। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद, श्रीदेवीपाटन तीर्थ विकास परिषद, ब्रज तीर्थ विकास परिषदए विंध्य धाम तीर्थ विकास परिषद, शुक्रतीर्थ विकास परिषद, चित्रकूट धाम तीर्थ एवं नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद का गठन करके धार्मिक स्थलों के विकास को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम कॉरीडोर पूरा हो चुका है, मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा का 100 साल बाद पुनः प्रतिष्ठापन हुआ है। सोरों.सूकर क्षेत्र का विकास आदि अद्भुत कार्य हुए हैं।

## बहुत जल्द 21 एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा यूपी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन को इस बात की भी जानकारी दी कि बहुत जल्द यूपी 21 एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2017 में प्रदेश में दो एयरपोर्ट वाराणसी और लखनऊ पूरी तरह से क्रियाशील थे। आज 10 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं, जिनसे 150 फ़्लाइट 75 से अधिक डेस्टिनेशन तक हवाई सेवा उपलब्ध करा रही हैं। 2016-17 से 2023 तक हवाई यात्रियों की संख्या में 100 गुना की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि यहां की सदानीरा नदियों में कनेक्टिविटी के लिए इनलैंड वॉटर वेज ऑथिरिटी बनाई है। इसके तहत जनपद वाराणसी में मल्टी मोडल टर्मिनल का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। आज रेल का सबसे बड़ा नेटवर्क हमारे पास है। सीएम ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के बाद गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस की शुरुआत होने जा रही है। बलिया लिंक एक्सप्रेसवे भी बन रहा है। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे बनने जा रहा है। प्रयागराज महाकुंभ से पहले सरकार का प्रयास है कि गंगा एक्सप्रेस को चालू कर दिया जाए। उन्होंने बताया कि लखनऊ कानपुर लिंक एक्सप्रेसवे और बलिया लिंक एक्सप्रेसवे को भारत सरकार के सहयोग से बनाया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में फोर लेन की 1235 प्रोजेक्ट को पिछले सात साल में आगे बढ़ाया गया है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बिजनेस हब और निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बन चुका है। कानून व्यवस्था अच्छी और सरकार की नियत साफहो तो देश और दुनिया के निवेशक निवेश के लिए आना चाहते हैं। जीआईएस 2023 इसका श्रेष्ठ उदहारण है, जिसमें लगभग 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले। आगामी 19 फरवरी को प्रधानमंत्री के करकमलों से 10 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी होने जा रही है। उसी समय हम रिपोर्ट भी पढ़ेंगे कि पिछले निवेश से कितनी नौकरियां लगी हैं, कितने रोजगार का सृजन हुआ है और यूपी में इसका क्या असर पड़ा है। सीएम योगी ने कहा कि यह सब इसलिए संभव हुआ है क्योंकि यूपी में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, ईज ऑफ डुइंग बिजनेस, निवेश अनुकूल नीतियां, सिंगल विंडो सिस्टम तथा जवाबदेह और पारदर्शी नीतियां हैं।

## डबल इंजन की सरकार में ही समन्वय नहीं हैः अखिलेश



**लखनऊ।** विधानसभा सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि राज्यपाल का बजट अभिभाषण सच्चाई से काफी दूर है। उन्होंने कहा कि सरकार अब तक के अपने कार्यकाल में सरकार वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी के टारगेट को पूरा नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि लोकराज लोकलाज से चलता है। अभी तक इस सरकार ने नंबर वन बनने में कई मामलों में रिकार्ड बनाए है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार कार्यवाहक डीजीपी बनाने में, अपना झूठा प्रचार करने में, अपने लोगों के मुकदमे वापस लेने में, बेरोजगारों पर लाठियां चलाने में, भू माफियाओं को संरक्षण देने में जनता को गुमराह करने में, और पीड़ा को प्रताड़ित करने में नंबर वन है। उन्होने अपनी पार्टी को किसानों की पार्टी बताते हुए कहा कि आवारा पशुओं की वजह से किसानों की फसलें चौपट है। फसल बीमा में भी लूट हो रही है। किसान जब अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर सडको पर उतरते है। तो उनपर लाठियां भांजी जा रही है। सरकार सबका साथ तो चाहती है लेकिन सबका विकास नहीं चाहती है। सबके विकास में पीडीए को भी साथ नहीं लिया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार बढ़चढ़ कर निवेश के दावे कर रही है जबकि हकीकत यह है कि देश के नामी गिरामी निवेश दूसरे राज्यों में कर रहे है। उन्होंने कहा सरकार को बताना चाहिए कि भारत सरकार यूपी में कोई एक्सप्रेस वे क्यों नहीं बनाया है। उन्होंने कहा कि हकीकत तो यह है कि डबल इंजन की सरकार में ही समन्वय नहीं है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने भी एक्सप्रेस वे बनाए है जिनकी गुणवत्ता की तुलना आगरा एक्सप्रेस वे से कर ली जाए तो पता चल जायेगा कि कौन सा एक्सप्रेस वे सबसे बेहतर है। उन्होंने कहा कि लोगों को रोजगार देने का दावा कर रही सरकार रोजगार के लिए लोगों का वार जोन इजराइल भेज रही है। अयोध्या मे सत्ता के संरक्षण में जमीनों का गोरखधंधा होने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश के तहसीलों थानों में सुशासन के नाम पर खुली लूट हो रही है। पीड़ित और प्रतड़ित लोगों की रिपोर्ट नहीं दर्ज हो रही है। इससे पूर्व अभिभाषण पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि पीडीए के हितों में असली काम तो सरकार कर रही है।

# किसानों के मुद्दे पर सपा का वाकआउट

**विधान परिषद की कार्यवाही**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी ने बुधवार को विधान परिषद में किसानों के मुद्दे पर सदन से वॉक आउट किया। सपा विधायकों ने किसान की आय दोगुनी न होने और कृषक दुर्घटना बीमा को 10 लाख करने पर जवाब मांगा। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सरकार के उत्तर से संतुष्ट न होने कारण सपा के सभी सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए सदन का त्याग किया।

सपा के लाल बिहारी यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य, डॉ. मान सिंह यादव, आशुतोष सिन्हा, मो. जासमीर अंसारी एवं शहनवाज खान ने प्रदेश के किसानों का मुद्दा नियम 105 के तहत कार्यस्थगन प्रस्ताव के रूप में उठाया। सपा सदस्यों ने आरोप लगाया कि बीजेपी ने किसानों की आय दोगुनी करने का जो वायद किया था, उस पर वह खरी नहीं उतरी। उत्तर प्रदेश में किसानों की दुर्दशा के बारे में सदस्यों ने विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए उन्हें लागत के अनुरूप उपज का लाभ दिलाने व उनकी आय दोगुनी करने की मांग रखी। सूचना की ग्राह्यता पर डॉ. मान सिंह यादव, शाहनवाज खान एवं मुकुल यादव ने अपने विचार व्यक्त किए। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सरकार के उत्तर से संतुष्ट न होने कारण सपा के सभी सदस्यों ने नारेबाजी करते हुये सदन का त्याग किया। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए।

वहीं शून्य प्रहर में ही नियम-105 कार्य स्थगन प्रस्ताव के रूप में बसपा के भीमराव अम्बेडकर ने लखनऊ के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान केजीएमयू में उच्च पदों पर की जा रही भर्ती में आरक्षण अधिनियम 1994 एवं सम्बन्धित शासनादेशों का अनुपालन न किए जाने का मामला उठाया। मंत्री ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया और कहा कि आरक्षण अधिनियम का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है। अधिष्ठाता डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए। निर्दलीय समूह के राजबहादुर सिंह चंदेल, डॉ. आकाश अग्रवाल ने प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक के रिक्त विज्ञापित पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को कार्यभार ग्रहण कराने के संबंध में सूचना दी। शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों की भांति ही सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग कार्यस्थगन प्रस्ताव के रूप में उठाई। ध्रुव कुमार त्रिपाठी एवं सपा के लाल बिहारी यादव ने अपने विचार व्यक्त किए।

## राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव उच्च सदन में ध्वनिमत से पारित

### ● उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** परिषद में बुधवार को राज्यपाल के अभिभाषण (जो विधानमंडल के दोनों सदनों में दिया गया था) पर धन्यवाद का प्रस्ताव लंबी चली चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित हो गया। वहीं इससे पहले धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हमारी सरकार प्रधान मंत्री जन-धन खाता खोलने तथा किसानों को डीबीटी के माध्यम से प्रति वर्ष 6 हजार रुपए सहायता राशि देने का कार्य कर रही है। पीएम सुरक्षा योजना, ग्रामीण एवं शहरी आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन शौचालय योजना एवं पीएम उज्ज्वला योजना में हमारे प्रदेश का प्रथम स्थान है। आयुष्मान कार्ड द्वारा गरीबों को 5 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज दिया जा रहा है। चर्चा में भाग लेते हुए मानवेन्द्र प्रताप सिंह (गुरु जी) ने कहा कि हमारी सरकार रामराज्य स्थापित करने में सफल हुई है। किसानों की स्थिति में बेहद सुधार हुआ है। किसानों की आय दोगुनी हो गई। रोजगार के अवसर बढ़े है। मैं इस धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूं। सपा के स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह सरकार प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा करके जो श्रेय ले रही है लगता है कि राम लला जैसे पहले थे ही नहीं। सरकार शिक्षा मित्रों का मानदेय नहीं बढ़ा रही है। मेडिकल कालेजों में पदों की भर्तियों में अनियमितता हो रही है। इस सरकार में हत्या, बलात्कार, डकैती, चोरी, लूट चरम पर है। मैं इस धन्यवाद प्रस्ताव का विरोध करता हूं। भाजपा के विजय शिवहरे ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। जहां पर रामराज्य की स्थापना हो चुकी है। हमारी सरकार भू-माफियाओं को खत्म करने, कानून व्यवस्था को सुदृढ करने, शिक्षा में सुधार करने तथा प्रत्येक जनपद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना करने का कार्य कर रही है। मैं इस धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूं। चर्चा में भाग लेते हुए मंत्री नरेन्द्र कुमार कश्यप ने कहा कि हमारी सरकार, सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ कार्य रही है, चाहे वह अयोध्या में राम मन्दिर हो, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, सड़कों का चौड़ीकरण तथा प्रत्येक मण्डल में राज्य विश्वविद्यालय स्थापित करने का कार्य कर रही है। मैं इस धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

वन्दना वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार महिला सुरक्षा हेतु बसों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने, पर्यटन को बढ़ावा देने तथा इन्वेस्ट्र समिट का आयोजन कर रोजगार देने का कार्य कर रही। रामराज्य की स्थापना करने का प्रयास कर रही है। मैं इस धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करती हूं। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि हमारी सरकार में कानून व्यवस्था में सुधार आया है, हमने रोजगार देने, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गरीबों को आवास देने, किसानों का गन्ना मूल्य बढ़ाने से लेकर हर घर जल, हर घर नल देने का कार्य कर रही है। अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा के अश्विनी त्यागी, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज, उमेश द्विवेदी तथा सपा के शहनवाज खान आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

## भाजपा सरकार में अपराधियों को मिल रहा है संरक्षण : आराधना मिश्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा 'मोना' ने विधानसभा सत्र के दौरान महिला सुरक्षा को लेकर बुधवार को योगी आदित्यनाथ सरकार को घेरा।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विभिन्न विचारधाराओं की सरकारी रही, सबसे ज्यादा कांग्रेस का शासनकाल रहा, चौधरी चरण सिंह की सरकार रही, समाजवादी पार्टी सरकार का शासन रहा, बहुजन समाज पार्टी की सरकार रही और अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। सबने अपराधियों के साथ अपराधी की तरह व्यवहार किया लेकिन प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के प्रख्यात विश्वविद्यालय बीएचयू में जो छात्राओं के साथ घटना हुई और 3 महीने तक कोई कार्रवाई नहीं हुई तो यह दिखाता है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार में अपराधियों को संरक्षण देकर उनका हौसला बढ़ाया जा रहा है, यह अन्य सरकारों एवं भाजपा सरकार में मूलभूत अंतर हैए खानापूर्ति के लिए एक तरफ एंटी रोमियो स्क्वायड चलाया जा रहा हैए इसके बाबजूद एक साल में महिलाओं पर अपराध बढ़ा हैए सुमंगला योजना एक अच्छी योजना है लेकिन दुर्भाग्य है कि उसमें अधिकांश मामले गलत पाए जा रहे हैं गाजियाबाद में तो यह संख्या 70 प्रतिशत को भी पार कर गई। जिलाधिकारी में अपनी रिपोर्ट भेजी लेकिन कार्यवाही नहीं हुई। यदि सशक्त कार्रवाई होती तो बलिया की जैसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं होती जहां पर 500 में अधिकांश शादियां फर्जी कराई जा रही थी और पैसा निकाला जा रहा था।

मोना ने प्रदेश के गरीब लोगों के प्रति सद्भाव को लेकर भी सवाल उठाए और कहा कि हम भाजपा सरकार से अनुरोध करते हैं कि सरकार जो गरीब है जो पीड़ित है उनके साथ सद्भाव से पेश आए, नो वेंडिंग जोन को लेकर छोटे- छोटे दुकानदारों को जानकारी नहीं होती है। इसका उदाहरण अभी उन्नाव में एक बहुत दुखद घटना में देखने को मिला, जिसमें एक महिला की सब्जी को पुल के नीचे नदी में नगर पालिका के अधिकारियों द्वारा उठाकर फेंक दिया गया। यदि उस महिला को नो वेंडिंग की जानकारी होती तो वह स्वयं वहां दुकान नहीं लगाती।

## सीएम योगी ने किया एसबीआई की विधान भवन शाखा के नवीनीकृत परिसर का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने विधान भवन के गेट नंबर-9 पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा के नवीनीकृत परिसर का बुधवार को फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बैंक की पट्टिका का अनावरण किया।

सीएम ने शाखा का अवलोकन भी किया। उन्होंने दिवंगत सचिवालय कर्मी की पत्नी ललितेश यादव को 15 लाख की बीमा राशि का चेक प्रदान किया। भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक लखनऊ मंडल शरद चाण्डक ने मुख्यमंत्री को बुके और तुलसी का पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने यहां तैनात कर्मचारियों से मुलाकात की और यहां से जुड़ी जानकारी भी ली। उन्होंने समूह फोटो भी खिंचवाई। बैंक द्वारा प्रदेश भर में ओडीओपी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना संजय प्रसाद समेत अनेक प्रशासनिक अधिकारी व बैंक के अधिकारी उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि सचिवालय परिसर में भारतीय स्टेट बैंक की शुरुआत वर्ष 1079 में मुख्य शाखा के एक एक्सटेंशन के रूप में हुई थी। आरबीआई से लाइसेंस प्राप्त होने के पश्चात मार्च 1081 में बैंक की उत्तर प्रदेश सचिवालय शाखा की स्थापना हुई।

# अयोध्या-वाराणसी सहित 17 महानगरों को भी सोलर सिटी बनाएगी प्रदेश सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ग्रामीण इलाकों को भी सोलर ग्राम के रूप में किया जाएगा विकसित**

**उत्तर** प्रदेश में सोलर एनर्जी को प्रोत्साहित कर रही योगी सरकार अयोध्या और वाराणसी के साथ 17 महानगरों को भी सोलर सिटी के रूप में विकसित करेगी। महानगरों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के बाद योगी सरकार का लक्ष्य ग्रामीण इलाकों को सोलर ग्राम के रूप में विकसित करने की योजना पर कार्य करेगी। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने अयोध्या को प्रदेश की पहली सोलर सिटी के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इस पर तेजी से कार्य चल रहा है, जबकि वाराणसी में भी बड़े पैमाने पर सोलर प्लांट लगाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। बुधवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इसकी जानकारी दी। बहुत जल्द उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य बनकर सामने आएगा। इसकी शुरुआत हो चुकी है। अयोध्या को हमारी सरकार सोलर सिटी के रूप में विकसित कर रही है। इसकी शुरुआत भगवान राम के चरणों से हुई है तो स्वाभाविक रूप से सफलता और बेहतर मिलेगी। अयोध्या के सर्किट हाउस की छत पर रूफ टॉप सोलर प्लांट लग चुका है। अयोध्या में 14 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन होने लगा है और बाकी 40 मेगावाट का प्लांट लग चुका है जिसका उत्पादन भी जल्द होने लगेगा। ऊर्जा मंत्री ने अयोध्या में सोलर सिटी को लेकर हुए कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि अयोध्या में 2500 से ज्यादा स्ट्रीट लाइट्स सौर एनर्जी से संचालित होने लगी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने अयोध्या में सोलर बोट का शुभारंभ कर दिया है। कई स्थानों पर वाटर एटीएम सौर ऊर्जा से चलायमान हैं। अयोध्या में लगभग 40 चौराहे ऐसे हैं जहां सोलर ट्री लगाए गए हैं। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि अयोध्या को हमने सोलर सिटी बना दिया है और अगला लक्ष्य सरकारी इमारतों की छतों पर सोलर रूफटॉप प्लांट लगाने का है।

## 2025-26 में आउटसोर्स कर्मियों को 20 परसेंट तक मिलेगा परफॉर्मेंस इंसेटिव्स

**ऊर्जा** मंत्री ने बताया कि यूपीपीसीएल कारपोरेशन के द्वारा राजस्व में वृद्धि के आधार पर आउटसोर्स कार्मिकों को परफॉर्मेंस इंसेंटिव देने की व्यवस्था (प्रोत्साहन योजना) लागू की गई है। प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पात्र पाए गए उपकेंद्रों के संविदा कार्मिकों को परफॉर्मेंस इंसेंटिव्स के तौर पर माह में मिलने वाले पारिश्रमिक पर वर्ष 2024-25 में प्रतिमाह 10 प्रतिशत की राशि दी जाएगी। पुनः यदि उन्हीं उपकेंद्रों पर वर्ष 2024-25 के सापेक्ष आपूर्ति की गई विद्युत के सापेक्ष राजस्व में वृद्धि होती है तो वर्ष 2025-26 में प्रतिमाह 10 प्रतिशत की राशि अतिरिक्त (अर्थात कुल 20 प्रतिशत इंसेंटिव) दी जाएगी। विभागीय कार्य के दौरान मृत्यु होने की दशा में मिलने वाली अनुग्रह राशि को कारपोरेशन द्वारा 5 लाख से बढ़ाकर 7.50 लाख रुपए कर दिया गया है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 8 फरवरी 2024



# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बच्चों ने जागरूकता स्लोगन लिखी उड़ाई पतंगें

● मतदाता जागरूकता स्लोगन लिखी पतंगों के माध्यम से छोटे छोटे प्यारे प्यारे बहुत सारे बच्चे, बोले दादा दादी भूल न जाना, वोट डालने अवश्य जाना

●किसी दूसरे के नाम से फर्जी वोट डालने मत जाना होगा भविष्य बर्बाद, एक साल जेल और जुर्माना

**रूरा कानपुर देहात।** जिला निर्वाचन अधिकारी कानपुर देहात के आदेश के अनुपालन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कानपुर देहात के अनुपालन में नन्हे मुन्ने बच्चों ने स्वनिर्मित पतंगों पर स्लोगन लिखकर रैली निकाली बाद में यही पतंगें उड़ाकर कर आसमान से मतदान का संदेश देकर कौतूहल पैदा किया। प्रधानाध्यापक शनेद्र सिंह तोमर ने सायं समय पतंग के माध्यम से रैली निकाले जाने के दौरान मतदाताओं से किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्भय होकर अपने परिवार और पास पड़ोस के प्रत्येक वोटर को मतदान केंद्र तक ले जाकर मतदान करा कानपुर देहात जनपद के मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की।

राज्य अध्यापक अवार्डी विधि स्नातक नवीन कुमार दीक्षित ने कहा कि निर्वाचन अपराधों की धारा 125 से शत्रुता और विद्वेष फैलाने वाले भाषण देने पर तीन साल जेल और जुर्माना, धारा 135 क से बूथ कैप्चरिंग करने पर तीन साल जेल और जुर्माना भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171बी से गलत वोट डालवाने के लिए रिश्वत देना एक साल जेल और जुर्माना, धारा 171डी और एफसे दूसरे का वोट डालना एक साल जेल और जुर्माना ए171ई से रिश्वत खोरी पर एक वर्ष जेल और जुर्माना 171जी से विपक्षी प्रत्याशी पर मिथ्या चरित्र हनन का आरोप लगाना दण्डनीय अपराध है। हमारे संज्ञान से हमारा निर्वाचन आयोग अनुच्छेद 324 से 329 तक प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निष्पक्ष निर्वाचन के लिए प्रतिबद्ध है माननीय आयोग निर्वाचन अपराधों पर 6 माह से लेकर 3 वर्ष तक के सुसंगत संज्ञेय अपराध की धाराओं में अधिरोपित कराके विधि स्थापित विधिक प्रक्रिया से दंडित कराने का अधिकार रखता है। कठपुतली कला के कलाकार बच्चों में स्नेहा यादव, सपना, प्रान्शी, शान्या, आदर्श, रिया, शिवम, गुड़िया, चेतन, अर्चना, रोशनी, पारुल, शिखा, अभिमन्यु, विशाल, अंकज, अंकुश, स्नेहा एवं शिक्षा कर्मी व राहगीर, ग्रामीण शामिल थे।

# सदन में एमएलसी ने पत्रकारों के हित में उठाई हितकारी मांग

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा। देश के कई राज्यों में पत्रकार सुरक्षा नियम लागू किए गए लेकिन उत्तर प्रदेश में अभी तक पत्रकार सुरक्षा नियम लागू नहीं किया गया है। उत्तर प्रदेश में देश के विभिन्न राज्यों की तरह पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने तथा खबर पालिका के गठन के लिए सबसे पहले संयुक्त श्रमजीव पत्रकार महासंघ के बुन्देलखण्ड अध्यक्ष राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य इकबाल खान वा चित्रकूट धाम मंडल के मंडलीय कार्यालय में 25 तथा 26 सितंबर 2023 को एक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया था जिसमें बांदा के सम्मानित पत्रकार 500 सौ पत्रकार सामिल हुए। हस्ताक्षर अभियान के बाद मंडल कार्यकारणी ने बांदा जिला अधिकारी के माध्यम सहित मुख्यमंत्री को भेजा था जिसमें कहा गया था कि पत्रकार एक ऐसी कड़ी है जो शासन तथा प्रशासन के बीच की कड़ी हैं। इस बीच पत्रकारों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं ।इस दौरान पत्रकारों पर कई प्रकार की धाराएं भी लगते हैं लेकिन जिसको देखते हुए आज तक उत्तर प्रदेश में किसी प्रकार की कोई भी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू नहीं किया गया है जिस पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल सहित मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया था एक उत्तर प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए और हम लोगों पर हो रहे उत्पीड़न पर रोक लगाई जाए। जिसके तहत बांदा जिला अधिकारी के द्वारा आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री को और साथ में राज्यपाल और प्रधानमंत्री को यह अवगत कराया गया था। सयुक्त श्रम जीवी महासंघ की मांगों को देखते हुए बनारस से सपा एमएलसी आशुतोष सिंह द्वारा सदन में जिस समय बजट पास हो रहा था उसे समय अपने कई मुद्दों को रखा उन्ही मुद्दों में एक प्रस्ताव पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के लिए भी रखा और कहा गया है कि पत्रकार एक ऐसी कड़ी होती है जो अपने परिवार की पीड़ा को झेलते हुए भी सबकी पीड़ा को उजागर करता है।

# विकास खण्ड स्तरीय बृहद रोजगार मेला में 127 अभ्यर्थियों का हुआ चयन



**कानपुर देहात।** मिशन निदेशक, उप्र कौशल विकास मिशन लखनऊ के निर्देशानुसार कौशल विकास मिशन, आईटीआई एवं सेवायोजन द्वारा संयुक्त रूप से आज 07.02.2024 को विकास खण्ड स्तरीय बृहद रोजगार मेला आई टी आई अकबरपुर कानपुर देहात में आयोजित किया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि शिवविलास मिश्रा जीए मण्डल अध्यक्ष भाजपा द्वारा किया गया।

उक्त रोजगार मेले में कौशल विकास मिशन एवं आईटीआई उत्तीर्ण व गैर तकनीकी प्रशिक्षार्थियों/अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेले में आर एम मैन पावर शिव शक्ति एग्रीटेक लिमिटिड राकन स्टील आदि कुल 08 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले में कुल 346 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग कियाए जिसमें से उपरोक्त कम्पनियों द्वारा 346 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया गया। उपरोक्त अभ्यर्थियों में से 127 अभ्यर्थियों का चयन किया गयाए जिसमें से शिवविलास मिश्रा जी के करकमलो से 10 अभ्यर्थियों को चयन पत्र वितरित किये गये ।

उपरोक्त कार्यक्रम में कौशल विकास मिशन से प्रियंका सिंह चौहान, जिला कौशल प्रबन्धन, सुनील कुमार प्रधानाचार्य, आईटीआई अकबरपुर, प्लेसमेंट प्रभारी आलोक कुमार, आशुतोष कुमार, जिला कार्यकम प्रबंधक, जिला सेवायोजन कार्यालय से अनुज, विवेक एवं अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधिगण आदि उपस्थिति रहे। अगला रोजगार मेला विकास खण्ड अमरौधा कानपुर देहात में 08.02.2024 को आयोजित किया जायेगा।

# उद्यमियों की शिकायतों का संवेदनशीला के साथ करें निस्तारण: जिलाधिकारी

**फतेहपुर।** जिलास्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में डीएम सी. इंदुमती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। निवेश मित्र पोर्टल में प्राप्त आवेदनों का निस्तारण समय से संबंधित विभाग करें। आवेदन डिफाल्टर श्रेणी में नहीं आने पाए। पीएम रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद के तहत प्राप्त आवेदनों को उद्योग लगाने के लिए ऋण मुहैया कराया जाये। उद्यमियों की शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता के साथ कराया जाए। औद्योगिक इकाइयों में श्रमिकों के लिए स्वयं सहायता समूहों से कैंटीन का संचालन कराया जाये। उपायुक्त उद्योग, उपायुक्त स्वत: रोजगार से समन्वय बनाया जाए। औद्योगिक इकाइयों के श्रमिको के लिए डिस्पेंसरी का संचालन कराने के लिए सीएमओ एवं यूपीसीडा के पदाधिकारी आपस में समंवय बनाकर कार्य करें। औद्योगिक क्षेत्र मलवां के लिए एक फायर स्टेशन बनाने के लिए यूपीसीडा के क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है। सीडीओ, एडीएम (वित्त/राजस्व) अविनाश त्रिपाठी, एसडीएम सदर, बिंदकी अनिल यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी वीर सिंह, उपायुक्त उद्योग चंद्रभान सिंह, यूपीसीडा क्षेत्रीय अधिकारी, सहायक आयुक्त वाणिज्य कर, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, विद्युत, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, जिला उद्यान अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा, एनएचआई, जिला सूचना अधिकारी, उद्यमी कुंवर मदन गांधी, संयोजक आईआईए, प्रदेश उपाध्यक्ष उप्र रईस मिलर्स एसो. गोविन्द बाबू टाटा, उद्यमी मनोज गांधी सहित अधिकारीगण एवं उद्यमी बंधु उपस्थित रहे।

# जिला नोडल अधिकारी ने छात्राओं को दी विधिक जानकारी



छात्राओ को विधिक जानकारी देती जिला नोडल अधिकारी।

● इस अधिनियम से महिलाओं के लिये लिये सुरक्षित वातावरण बनंगा

**संवाददाता।** गुरसहायगंज (कन्नौज)

**नगर** के मोहल्ला रामगंज स्थित अमतुन्ना बानो महिला महाविद्यालय में जिला नोडल अधिकारी की अध्यक्ष में कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होनें कहा कि इस अधिनियम से महिलाओं के लिये सुरक्षित व अनुकूल वातावरण बनेंगा।

बुधवार को आयोजित गोष्ठी में जिला नोडल अधिकारी सिमरन शर्मा नें सैकडों छात्राओं को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के तहत जानकारी देते हुये बताया कि इस अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं को यौन उत्पीडन के विरुद्ध सुरक्षा मिले। कार्यक्रम में आंतरिक परिवाद समिति एवं स्थानीय परिवाद समिति के गठन के बारे में भी बताया गया। इस दौरान महाविद्यालय शिक्षक स्टॉफ डॉ. पूजा श्रीवास्तव, डॉ. रुवी वर्मा, डा. साधना, नूरुल शम्स, नाजनीन, स्मृति दीक्षित, नीतू सिद्दीकी, प्रीती यादव, अमित चौरसिया, जमाल खान, महफूज़ खान, गिरीश चंद्र, मुदसिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

# गाटर में टकराने से महिला प्रधान के पिता की मृत्यु

**मौदहा, हमीरपुर।** बीती रात नगर के अरतरा मार्ग पर एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर स्कूटी से लौट रहे रोजगार सेवक रेलवे लाईन में लगी लोहे की गाटर से टकराने के बाद मृत्यु हो गयी। मृतक के साथ बैठा उसका रिश्तेदार भी घायल हुआ है। मृतक महिला ग्राम प्रधान का पिता भी है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम परछ निवासी राज नारायण गौतम (50) मंगलवार की रात नगर में एक विवाह समारोह में शामिल होने आया था। देर रात्रि जब वह अपनी स्कूटी में अपने रिश्तेदार अवधेश कुमार निवासी चकदहा को बैठा वापस अपने गांव जा रहा था तभी अरतरा मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग में लगी लोहे की गाटर से उनकी स्कूटी टकरा गई जिससे उनके साथ अन्य बाईकों में चल रहे साथियों की मदद से दोनों घायलों को सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने राज नारायण को मृत घोषित कर दिया। मृतक राज नारायण की पहली पत्नी का निधन हो जाने के चलते उसने दूसरा विवाह कर लिया था।

## क्विक न्यूज

### अपर जिलाधिकारी ने मतगणना के लिए बने स्ट्रांग रूम में सभी आवश्यक सुविधाओं हेतु किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**कानपुर देहात।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न करने के लिए मतगणना स्थल, स्ट्रांग रूम, ईवीएम मशीनों की रिसीविंग तथा ट्रेनिंग के लिए अपर जिला अधिकारी प्रशासन अमित कुमार ने अकबरपुर महाविद्यालय अकबरपुर का निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी ने मतगणना के लिए बने स्ट्रांग रूम में सभी आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा मशीनों की रिसीविंग से लेकर उनके उनके रखरखाव के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाए। प्रशिक्षण हेतु बने रूम में भी प्रशिक्षण करने के लिए जो भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जानी है उसे भी समय से पूर्ण कर लिया जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी को नायब तहसीलदार अकबरपुर ने संपूर्ण जानकारी से अवगत कराया। अपर जिलाधिकारी द्वारा महाविद्यालय परिसर में मतगणना हेतु बने विभिन्न कक्षों का भौतिक निरीक्षण भी किया गया।

### कुएं से मिला अज्ञात युवती का शव, हत्या की आशंका

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना अंतर्गत हसनपुर कसार गांव के दक्षिण प्रशांत सिंह गौतम पुत्र रविशंकर सिंह के कुंए में लगभग 20 वर्षीय अज्ञात युवती का शव मिला। बताया जाता है कि बुधवार की सुबह लोग कुंए के समीप जैसे ही पहुंचे तो मांस की बदबूदार गंध मिलने से कुंए में झांक कर देखा तो एक बोरी में शव बंधा हुआ पड़ा था। तभी कुंए में शव पड़े होने की खबर फैलते ही देखने वालो को तांता लगने लगा। उसी समय कुछ लोगों ने पुलिस को सूचित कर दिया। सुल्तानपुर घोष व कौशांबी थाने पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने कुएं से किसी प्रकार से शव को बाहर निकाला और शिनाख्त में जुट गयी। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे सीओ ने बताया कि मृतक युवती की शिनाख्त नहीं हो पायी है। किसी ने युवती को हत्या कर बोरे में शव को भरकर डाल गये हैं। शव लगभग एक सप्ताह पूर्व फेंका गया है। उन्होंने बताया कि मृतका लाल रंग का कुर्ता व काले रंग की सलवार पहने हुए है। रंग गेहुंआ व एकहरा बदन है। शरीर में पानी पड़ने से बाड़ी फूल गयी है जिसके शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। बताया कि फोरेंसिक टीम के माध्यम से जांच पड़ताल करायी जा रही है।

### रोड लाइट लिए मजदूरों को पिकअप ने रौंदा, एक की मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मवई में मंगलवार की रात बेकाबू पिकअप ने रोड लाइट लेकर जा रहे मजदूरों को टक्कर मार दिया जिसमें 15 वर्षीय किशोर की घटनास्थल पर मौत हो गई वहीं तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने चालक को पिकअप सहित हिरासत में ले लिया है। मवई गांव निवासी बलराम मौर्या के पुत्र की बारात झारखंड बेला जा रही थी। बताते हैं कि तभी रोड लाइट ले जाने वाले सचिन पुत्र विजय पाल पासवान (15), आयुष साहू पुत्र रामचंद्र (14) निवासीगण गनेशपुर, सूरज पुत्र राजेश कोरी (14) एवं नितेश पुत्र माथुर कोरी (15) निवासीगण शिवपुर मजरे बाबा का पुरवा गाड़ी से उतरकर रोड किनारे रोड लाइट सही कर रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दिया जिसके चलते नितेश की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं सचिन, सूरज व आयुष घायल हो गए। घटना कर भाग रहे चालक को पुलिस ने वाहन सहित हिरासत में ले लिया है। मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। उधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### कैंसर पीड़ित एसआई की उपचार दौरान मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के धमना गांव निवासी स्व. सूरजपाल सिंह यादव का पुत्र अनिल कुमार सिंह यादव महोबा जनपद के चरखारी थाने में एसआई के पद पर तैनात थे। पिछले कई सालों से वह कैंसर रोग से पीड़ित थे। दो वर्षों से उनका मुंबई में इलाज चल रहा था। उधर मृतक अपने परिवार सहित कानपुर में निजी मकान बनवाकर रह रहे थे। दो दिन पूर्व वह छुट्टी लेकर घर आये थे हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान बुधवार की भोर उनकी मौत हो गई। दो माह पूर्व पति की बीमारी से मानसिक तनाव के कारण पत्नी निधि की भी मौत हो गई थी।

### दो सुतली बम व नकदी के साथ एक गिरफ्तार

**फतेहपुर।** किशनपुर थाने के ग्राम अहमदगंज तिहार मोड़ पर अभियुक्त प्रमोद रैदास पुत्र लक्ष्मण रैदास निवासी जनानतारा मजरे गढ़ा थाना किशनपुर घटना कारित करने के उद्देश्य से अहमदगंज तिहार मोड़ पर मौजूद था। अभियुक्त प्रमोद रैदास को पुलिस ने अहमदगंज तिहार मोड़ से दो जिन्दा सुतली बम व 4180 रूपये नगद व एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफसुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन बाइक सवार की मौत

**फर्रुखाबाद।** मंगलवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सबार तीन की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस नें मौके पर जांच पड़ताल की। थाना मेरापुर के राजेन्द्र नगर के एसआर इंटर कालेज के निकट एक बाइक पर तीन सबार युवक संकिसा की तरफ जा रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन से जोरदार टक्कर लगनें से तीनों की मौके पर ही मौत हो गयी । लेकिन काफी देर बाद उनकी शिनाख्तअभिषेक पाल पुत्र राजवीर निवासी नगला हिम्मत मोर्चा अलीगंज, अजित पाल पुत्र संतोष पाल व पवन पुत्र किशन पाल निवासी भदईया जसरथ एटा के रूप में हुई। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष मेरापुर नवीन कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पंहुचे और जाँच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष नवींन कुमार सिंह नें बताया कि तीनों की मौत हो गयी है। शवों को कब्जे में ले लिया गया है। पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

# मौदहा में 120 फाइलेरिया रोगी पाये जाने से मचा हड़कंप, अभियान दस से

**हमीरपुर।** जिले के मौदहा क्षेत्र में सर्वे में 120 फाइलेरिया के मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। इसके लिये दस फरवरी से 28 तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जायेगा। सीएमओ डा.गीतम सिंह ने बुधवार को बताया कि फाइलेरिया रोग क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान व अस्पताल की ओपीडी में सबसे ज्यादा फाइलेरिया रोगी मौदहा क्षेत्र में पाये गये है इसके लिये नाइट सर्वे भी किया गया था। पहले शासन जिले भर मे फाइलेरिया कार्यक्रम में मरीजो को दवा वितरण करना व टीमो द्वारा उपचार की व्यवस्था की जाती थी मगर अब शासन ने उसी क्षेत्र में अभियान चलाने का आदेश दिया है जहां पर सबसे ज्यादा मलेरिया रोगी पाये जायेगे। इसलिये मौदहा कस्वे में सर्वे में सबसे ज्यादा फाइलेरिया रोगी पाये गये है। जिला मलेरिया अधिकारी आरके यादव ने बताया कि हर साल में फाइलेरिया की दवा का वितरण किया जाता है मगर फाइलेरिया के रोगी इस सर्वे में ज्यादा संख्या में बढ गये है जिससे सभी लोगो को दवा वितरित की जायेगी। इधर शासन ने जब से जिले भर में दवा का छिड़काव बंद किया तब से मलेरिया व फाइलेरिया के मरीजो की संख्या ज्यादा बढती जा रही है।

## हेल्थ वेलनेस सेंटर का नाम बदलकर रखा आरोग्य मंदिर, जांच शुरु

**हमीरपुर।** शासन ने जिले के हेल्थवेलनेस सेंटरों का नाम बदल कर आयुष्मान आरोग्य मंदिर रख दिया है। सीएमओ ने बताया कि मंदिर में जाने से भावनाओं में बदलाव आ जाता है वैसे ही अस्पताल में जाने से मरीजों में नयी आशा जागृति होती है। आरोग्य मंदिरों की संख्या करीब 124 है सभी में सीएचओ की नियुक्ति कर दी गयी है। एक टीम का गठन कर सभी सीएचओ के कार्यप्रणाली की जांच करायी जा रही है।

# समाजवादी पार्टी जनपद में एक जुट होकर अपना प्रत्याशी जिताएगी: चंद्रपाल



**फर्रुखाबाद।** सपा फर्रुखाबाद के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव द्वारा नव मनोनीत जिला महासचिव जहान सिंह लोधी के संबंध में आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने मीडिया के सभी सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे पार्टी में काम भी बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि इलियास मंसूरी भी जिला महासचिव का कार्य देखते रहेंगे, मीडिया द्वारा जब यह सवाल पूछा गया कि इसमें से इन दोनों में से क्या कोई प्रमुख महासचिव रहेगा, उन्होंने कहा दोनों बराबर समक्ष कार्यभार देखेंगे।

उन्होंने गुटबाजी पर जवाब देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी में कोई भी गुटबाजी नहीं है और अगर कोई नाराज है तो उसकी नाराजगी दूर की जाएगी। लोकसभा चुनाव को देखते हुए पूरी पार्टी एक हैऔर हम सभी समाजवादी पार्टी के घोषित प्रत्याशी डॉ नवल किशोर शाक्य को फर्रुखाबाद जनपद से जिता कर भेजेंगे। मीडिया के एक सवाल पर जब यह पूछा कि पार्टी में क्या कोई अंदरूनी कलह है इस पर उन्होंने जवाब दिया कि कोई भी अंदरूनी कलह नहीं है, समाजवादी पार्टी फर्रुखाबाद जनपद में एकजुट एक है।

नव मनोनीत जिला महासचिव जहान सिंह लोधी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा की पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है वह उसका निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। वरिष्ठ सपा नेता रामानंद प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, पुष्पेंद्र यादव, रमेश चंद कठेरिया, जिला प्रवक्ता विवेक यादव, अल्पसंख्यक जिला मुख्यालय अध्यक्ष साजिद अली खान, जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग अजय कश्यप, सौरभ कटियार, विधान सभा अध्यक्ष भोजपुर नरेंद्र सिंह यादव, नंदकिशोर दुबे, रजत क्रांतिकारी हरिओम दयाल, अजय यादव, शिवशंकर शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जिला परियोजना अधिकारी के नेतृत्व मे छात्राओं ने देखा अमूल प्लांट

● देखा किस तरह से दूषित पानी को शुद्ध करता है: ईटीपी प्लांट



**कानपुर देहात।** जिला गंगा समिति कानपुर देहात के तत्वाधान में नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत गंगा एवं अन्य नदियों के संरक्षण हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी एण्के द्विवेदी के निर्देशन में राजकीय हाई स्कूल बारा के छात्र छात्राओं को कराया गया भ्रमण। वनाधिकारी एके. द्विवेदी द्वारा बच्चों को भ्रमण के लिए रवाना करते हुए कहा कि आप सभी को इंडस्ट्रियल भ्रमण के दौरान किसी भी अनावश्यक वास्तुको ना छुएऔर ना ही उसे छेड़ और सावधानी वरते साथ में बच्चों को संबोधित करते हुए कहां की नमामि गंगे योजना का मुख्य उद्देश्य है कि हमारी मां गंगा एवं उनकी सहायक नदियों को प्रदूषण से मुक्त करना व जलीय जीवो का संरक्षण ही मुख्य उद्देश्य है जिसमें हम सभी को आगे आकर नदियों के संरक्षण एवं जलीय जीवो के वाचाव कार्य में सहयोग प्रदान करना होगा । प्रभगीय वनाधिकारी द्वारा वताया गया की भ्रमण कार्यक्रम जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे विवेक कुमार सैनी के नेतृत्व में कराया गया ।

जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति विवेक कुमार सैनी द्वारा बताया गया कि अमूल दूध फैक्ट्री में कार्यरत असिस्टेंट इंजीनियर पीयूष चौधरी एवं केमिस्ट शैलेंद्र सिंह के द्वारा विद्यालय की छात्राओं को मिल्क प्लांट में लगे ईटीपी (एफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट) जिससे फैक्ट्री के पानी को शोधित किया जाता है क्रमानुसार फैक्ट्री के दूषित पानी को किस तरह शुद्ध किया जाता औरए हर एक पहलू के बारे में छात्राओं को दिखाया गया। मिल्क प्लांट में लगे एटीपी प्लांट में फैक्ट्री के दूषित पानी को किस तरह से इकट्ठा किया जाता है और उसका किस तरह से शुद्धिकरण किया जाता इसके बारे मे दिखाया गया। छात्राओं को बीओडी सीओडी के बारे में केमिस्ट शैलेंद्र सिंह के द्वारा बताया गया कि शुद्ध पानी में बीओडी और सीओडी की मात्रा क्रमश: 30 मिलीग्राम प्रति लीटर 250 मिलीग्राम प्रति लीटर होती है।

# पुलिस ने सरेआम गुंडागर्दी कर जान से मारने की धमकी देने वाले चार दबंग युवको को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने सरेआम गुंडागर्दी कर जान से मारने की धमकी देने वाले चार दबंग युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कोतवाली फतेहगढ़ की शिव कॉलोनी जेएनवी रोड निवासी नितेश राठौर पुत्र रामप्रताप सिंह उम्र करीव 25 वर्षीय, सिन्धु उर्फ सुप्लेन्द्र पुत्र रामप्रताप उम्र करीव 34 वर्षीय, रामप्रताप सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह उम्र करीव 58 वर्षीय एवं कोतवाली छिबरामऊ के ग्राम चंदरपुर निवासी 28 वर्षीय रमनेश पुत्र संतोष को काफी मशक्कत से गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध कोतवाली फतेहगढ़ के सिपाही शशिकांत पांडे ने अपराध सीएलए एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी है। अभियुक्तों ने एक राय होकर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरि श्याम सिंह उपनिषद मोहम्मद सरताज सिपाही शशिकांत पांडे एवं आर्य चौधरी पर हमला किया। साथ गाली-गलौज मारपीट करते हुए सिपाही शशिकांत पांडे की वर्दी फाड़ दी। लोक कृत्यो में बाधा डालकर जाम लगाकर अवरोध उत्पन्न किया। जिससे जनता में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। इसी दौरान पुलिस पार्टी पर हमलावर होकर जान से मारने की धमकी दी।



# बजाज शुगर को मिला भारत की सबसे बड़ी एकीकृत चीनी मिल का पुरस्कार

● बजाज हिन्दुस्थान मिल ने जीता पुरस्कार

**संवाददाता।** पलिया कलां (लखीमपुर)




**बजाज** समूह की कंपनी बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड ने चीनी और इथेनॉल के लिए अग्रणी समाचार और सूचना बाजारए चीनीमंडी से श्भारत में सबसे बड़ी एकीकृत चीनी मिल, श्रेणी में पुरस्कार जीता है। बजाज शुगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने नई दिल्ली में हाल ही में संपन्न श्शुगर एंड इथेनॉल इंडिया कॉन्फ्रेंस के 2024 संस्करण में कंपनी की ओर से पुरस्कार स्वीकार किया। प्रसिद्ध अभिनेत्री भाग्यश्री पटवर्धन ने पुरस्कार प्रदान किया।

पुरस्कार पर खुशी व्यक्त करते हुएए बजाज शुगर के प्रबंध निदेशकए अजय कुमार शर्मा ने इस सम्मान के लिए उत्तर प्रदेश में संचालित 14 चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति करने वाले 5 लाख से अधिक किसानों सहित सभी कर्मचारियों और हितधारकों को श्रेय दिया। श्मैं हमारे सम्मानित समूह अध्यक्ष (कुशाग्र एन बजाज) के कुशल मार्गदर्शन का भी उल्लेख करना चाहूंगा। इसके अतिरिक्त, मैं अपने सभी कर्मचारियों को उनकी प्रतिबद्धता के लिए और हमारे मूल्यवान किसानों को उनके निरंतर समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूं। हम हमेशा महाद्वीप में शीर्ष चीनी उत्पादन कंपनी थे और यह पुरस्कार दिखाता है कि हम हैं और बने रहेंगे, श्री शर्मा ने कहा।

क्या भारत 2025 तक 20: इथेनॉल सम्मिश्रण लक्ष्य हासिल कर सकता है चुनौतियाँ और अवसर सम्मेलन में, अग्रवाल ने इस विषय पर पैनल वक्ता के रूप में भाग लियास इथेनॉल के प्रति चीनी क्षेत्र के योगदान पर एक प्रश्न के उत्तर में, अग्रवाल ने बताया किए लंबे समय में, चीनी क्षेत्र में देश के इथेनॉल.मिश्रण कार्यक्रम के लिए भारी संभावनाएं हैं क्योंकि इसमें घरेलू उपलब्धता का लाभ है।

बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड के पास देश में चीनी और इथेनॉल की सबसे बड़ी स्थापित उत्पादन क्षमता है। हमारी 14 चीनी मिलें और 6 डिस्टिलरीज उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित हैं और लगभग 10,000 लोगों को रोजगार देती हैं। लगभग 500,000 किसान हमें गन्ने की आपूर्ति करते हैं। कंपनी की कुल गन्ना पेराई क्षमता 1.36 लाख टन प्रति दिन और आसवन क्षमता 800 किलोलीटर प्रति दिन है। बजाज शुगर इथेनॉल का अग्रणी निर्माता भी है हरित ईंधन जो भारत मे तेजी से विकसित हो रहे हैं ऊर्जा बाजार में क्रांति लाने वाले तत्पर है।

# एससी, एसटी की जातियां सामाजिक, आर्थिक स्थिति के मामले में एक समान नहीं हो सकतीं

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने बुधवार को कहा कि सभी अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) अपने सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक दर्जे के हिसाब से समरूप नहीं हो सकतीं। न्यायालय इसका परीक्षण कर रहा है कि क्या राज्य कोटा के अंदर कोटा देने के लिए अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को उप-वर्गीकृत कर सकते हैं। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 23 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा, वे (एससी और एसटी) एक निश्चित उद्देश्य के लिए एक वर्ग हो सकते हैं। लेकिन, वे सभी उद्देश्यों के लिए एक वर्ग नहीं हो सकते हैं। शीर्ष अदालत ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य मामले में 2004 के पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ के फैसले पर फिर से विचार करने के संदर्भ में सुनवाई कर रही है, जिसमें यह कहा गया था कि एससी और एसटी समरूप समूह हैं। फैसले के मुताबिक, इसलिए, राज्य इन समूहों में अधिक वंचित और कमजोर जातियों को कोटा के अंदर कोटा देने के लिए एससी और एसटी के अंदर वर्गीकरण पर आगे नहीं बढ़ सकते हैं। पीठ ने कहा, इस अर्थ में एकरूपता है कि उनमें से प्रत्एक अनुसूचित जाति से संबंधित है। लेकिन आपका तर्क यह है कि समाजशास्त्रीय, आर्थिक विकास, सामाजिक उन्नति, शिक्षा उन्नति के संदर्भ में भी कोई एकरूपता नहीं है।

पीठ में न्यायमूर्ति बार गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी, न्यायमूर्ति पंकज मिथल, न्यायमूर्ति मनोज मिश्र और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र मिश्रा भी शामिल हैं। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चिन्नैया फैसले के निष्कर्षों का विरोध किया और कहा कि यह राज्य को आरक्षण के क्षेत्र को उचित रूप से उप-वर्गीकृत करके उचित नीति तैयार करने से रोकता है और अवसर की समानता की संवैधानिक गारंटी को कम करता है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार सैकड़ों वर्षों से भेदभाव झेल रहे लोगों को समानता दिलाने के लिए सकारात्मक कार्वाई के उपाय के रूप में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की घोषित नीति के लिए प्रतिबद्ध है।

दूसरे दिन की कार्यवाही की शुरुआत में, वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने वंचित वर्गों के बीच वास्तविक समानता सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को एससी और एसटी को उप-वर्गीकृत करने का अधिकार दिए जाने के पक्ष में तर्क दिया। उन्होंने कहा, 21वीं सदी में हम उन लोगों के लिए समानता की बात कर रहे हैं जो सदियों से अपमानित और वंचित रहे हैं।

सिब्बल ने 2004 के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें अनुसूचित जाति को गलत तरीके से एक समरूप समूह माना गया है। सिब्बल ने कहा कि पंजाब में लगभग 32 प्रतिशत एससी आबादी है और राज्य को समाज के सबसे कमजोर वर्ग के समर्थन के लिए विशेष व्यवस्था करने से नहीं रोका जा सकता है। पीठ ने संपत्ति रखने और चुनाव लड़ने जैसे कई अधिकारों के लिए कोई योग्यता निर्धारित नहीं करने के संबंध में संविधान निर्माताओं की सराहना की। सुनवाई बृहस्पतिवार को भी जारी रहेगी। मंगलवार को, शीर्ष अदालत ने कहा कि वह अपने 2004 के फैसले की वैधता की जांच करेगी जिसमें कहा गया था कि राज्यों के पास कोटा देने के लिए एससी और एसटी को आगे उप-वर्गीकृत करने की शक्ति नहीं है। इसने स्पष्ट कर दिया कि वह मात्रात्मक डेटा से संबंधित तर्कों में नहीं पड़ेगा जिसके कारण पंजाब सरकार को कोटा के अंदर 50 प्रतिशत कोटा प्रदान करना पड़ा। पीठ 23 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है जिसमें पंजाब सरकार द्वारा दायर एक प्रमुख याचिका भी शामिल है जिसमें पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 2010 के फैसले को चुनौती दी गई है। उच्च न्यायालय ने पंजाब कानून की धारा 4(5) को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया था जो वाल्मिकियों और मजहबी सिखों को अनुसूचित जाति का 50 फीसदी आरक्षण देती थी। अदालत ने कहा था कि यह प्रावधान ई वी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य के मामले में उच्चतम न्यायालय के 2004 के पांच सदर्स्ईय संविधान पीठ के फैसले का उल्लंघन करता है।



## उच्चतम न्यायालय ने अपनी रजिस्ट्री से वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख नहीं करने को कहा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को अपने रजिस्ट्री अधिकारियों से अदालत के उस हालिया आदेश का पालन करने को कहा जिसमें निर्देश दिया गया था कि वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा को बंद किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति हिमा कोहली की अध्यक्षता वाली पीठ ने 10 जनवरी को शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को अदालती मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा को तुरंत बंद करने का निर्देश दिया। बुधवार को जारी एक परिपत्र में उच्चतम न्यायालय ने कहा, अदालत के निर्देशों के अनुपालन में रजिस्ट्री के सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को आदेश का पालन करने का निर्देश दिया जाता है कि अब से अदालत के समक्ष दायर याचिका, कार्यवाही के पक्षों की अर्जियों में जाति या धर्म का उल्लेख नहीं किया जाएगा, भले ही निचली अदालतों के समक्ष ऐसा कोई विवरण प्रस्तुत किया गया हो। शीर्ष अदालत ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) जैसे बार निकायों के सदस्यों से निर्देशों का ध्यान रखने को कहा। पीठ ने 10 जनवरी को सभी उच्च न्यायालयों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि उच्च न्यायालयों या उनके अधिकार क्षेत्र के तहत अधीनस्थ अदालतों के समक्ष दायर किसी भी याचिका में पक्षकारों, अर्जियों में किसी वादी की जाति या धर्म का उल्लेख न हो। पीठ में न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह भी शामिल थे। पीठ ने कहा, हमें इस अदालत या निचली अदालतों के समक्ष किसी भी वादी की जाति या धर्म का उल्लेख करने का कोई कारण नहीं दिखता है। इस तरह की प्रथा को त्याग दिया जाना चाहिए और इसे तुरंत बंद किया जाना चाहिए।

# सोरेन ने सत्ता का घोर दुरुपयोग किया ईडी ने पीएमएलए अदालत से कहा

**भाषा। रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके एक करीबी सहयोगी के बीच व्हाट्सऐप चैट रिकॉर्ड पेश किया, जिसमें कथित तौर पर भारी रकम के साथ राज्य सरकार के अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती से संबंधित जानकारी पर चर्चा की गई थी। प्रवर्तन निदेशालय ने 48 वर्षीय झामुमो नेता को उनकी पांच दिन की रिमांड अवधि की समाप्ति पर पेश करते हुए रांची में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत के समक्ष यह दलील दी। ईडी ने विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत को सूचित किया कि सोरेन के खिलाफ उसकी जांच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता द्वारा रांची में धोखाधड़ी से प्राप्त की गई 8.5 एकड़ जमीन तक सीमित नहीं है, बल्कि उनसे (सोरेन) जुड़ी कई अन्य संपत्तियां भी हैं। इस पर अदालत ने सोरेन की हिरासत पांच दिन के लिए बढ़ा दी। ईडी ने सोरेन को 31 जनवरी को लगभग सात घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तारी से पहले उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।जांच एजेंसी ने अदालत को बताया कि जिस दौरान सोरेन उसकी हिरासत में थे, कई अन्य संपत्तियों का विवरण भी सामने आया, जिसके बारे में आरोपी व्यक्ति हेमंत सोरेन न तो सही जानकारी दे रहे हैं और न ही सहयोग कर रहे हैं।

ईडी ने कहा कि वह बुधवार को भी इस मामले में छापेमारी कर रही है और वह सोरेन का सामना राजस्व विभाग के उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद से कराना चाहती थी, जिसे उसने इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री के साथ कथित तौर पर लगभग 8.5 एकड़ के 12 भूखंड हासिल करने की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने अदालत को सूचित किया कि सोरेन को उनके और उनके करीबी सहयोगी बिनोद सिंह के बीच व्हाट्सऐप पर हुई चैट दिखाई गई। इसने दावा किया कि यह अत्यधिक आपत्तिजनक थी और इसमें कई संपत्तियों का विवरण था तथा कई गोपनीय दस्तावेज थे। एजेंसी ने दावा किया कि इस चैट में न केवल कई संपत्तियों के संबंध में



गोपनीय जानकारी का आदान-प्रदान शामिल है, बल्कि स्थानांतरण और तैनाती, सरकारी रिकॉर्ड साझा करने आदि से संबंधित अन्य आपत्तिजनक जानकारी भी शामिल है, जिसमें बड़ी मात्रा में धन का लेनदेन किया गया प्रतीत होता है। ईडी ने दावा किया कि बिनोद सिंह ने अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती के अलावा झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के कई प्रवेश पत्र साझा करने के संबंध में कई अन्य व्यक्तियों के साथ भी व्हाट्सऐप चैट की थी। सोरेन और बिनोद सिंह के बीच व्हाट्सऐप पर हुई बातचीत की कुछ तस्वीरें पेश करते हुए ईडी ने कहा कि ए केवल कुछ नमूने हैं और ऐसी बातचीत 530 से अधिक पृष्ठों में है। ईडी ने सोरेन का रिमांड बढ़ाए जाने का अनुरोध करते हुए अदालत को बताया कि सोरेन ने 8.5 एकड़ की अचल संपत्ति से जुड़े सबूतों को बाधित करने में सत्ता का घोर दुरुपयोग किया।

## ईडी ने उत्तराखंड के पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत से जुड़े परिसरों पर धनशोधन मामले में छापे मारे

देहरादून। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन की जांच के संबंध में बुधवार को कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत से जुड़े परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। अधिकारिक सूत्रों ने बताया देहरादून में रावत के आवास सहित उत्तराखंड, दिल्ली और हरियाणा में कई स्थानों पर छापे मारे गए। सूत्रों के अनुसार, दून इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के परिसर और वीरेंद्र कंडारी और नरेंद्र के. वालिया के तौर पर पहचाने गए व्यक्ति भी इस कार्वाई के दायरे में आए। रावत (63) ने 2022 के उत्तराखंड विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़ दी थी और कांग्रेस में शामिल हो गए थे।ईडी की जांच रावत और उनके सहयोगियों के खिलाफ दो अलग-अलग मामलों और आरोपों से जुड़ी है, जिसमें राज्य के कॉर्बेट बाघ अभयारण्य में पेड़ों की अवैधे कटाई और निर्माण तथा नेता एवं उनके परिवार से जुड़े ट्रस्ट द्वारा संचालित एक शैक्षणिक संस्थान के लिए देहरादून जिले में भूमि धोखाधड़ी से हासिल करना शामिल है। उक्त भूमि को रावत की पत्नी दीप्ति रावत और कुछ अन्य व्यक्तियों द्वारा धोखाधड़ी से हासिल किया गया था और उस पर श्रीमती पूर्णा देवी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा दून इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के लिए भवन का निर्माण किया गया था।

## आतंकी लांडा और रिंदा के तीन सहयोगी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब में आतंकवादियों लखबीर सिंह लांडा और हरविंदर सिंह रिंदा के तीन गुर्गों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि पंजाब पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने उनके कब्जे से दो पिस्तौल एवं 10 कारतूस भी बरामद किए।लांडा फिलहाल कनाडा में रह रहा है जबकि रिंदा पाकिस्तान में है। यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान जोबनजीत सिंह उर्फ जोबन, बिक्रमजीत सिंह उर्फ बिक्का और कुलविंदर सिंह उर्फ काला के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि खुफिया सूचनाओं पर कार्वाई करते हुए पुलिस टीम ने उनके स्थान का पता लगाया और अमृतसर के सफीपुर गांव के पास से तीनों को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए दो आरोपियों का आपराधिक इतिहास है और लंबे समय से फरार थे। प्रदेश पुलिस प्रमुख ने बताया कि बिक्का हत्या के प्रयास से संबंधित दो आपराधिक मामलों में भी वांछित है। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी सीमावर्ती राज्य की शांति और सद्भाव को बिगाड़ने के लिए अपने विदेशी आकाओं के निर्देश पर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे।

## ज्ञानवापी मामले में सुनवाई 12 फरवरी तक के लिए टली

**प्रयागराज।** इलाहबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर स्थित व्यास जी का तहखाने में हिंदुओं को पूजा अर्चना की अनुमति देने के खिलाफ अंजुमन इंतेजामिया की अपील पर सुनवाई 12 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी।वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने व्यास जी के तहखाने में पूजा अर्चना करने की अनुमति संबंधी वाराणसी की अदालत के 31 जनवरी के आदेश के खिलाफ पिछले शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपील दाखिल की थी।न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने इस मामले में सुनवाई के बाद सुनवाई 12 फरवरी के लिए टाल दी। अगली सुनवाई 12 फरवरी को होगी।

## सामूहिक धर्मांतरण कराने के आरोपी पादरी समेत अब तक 10 लोग गिरफ्तार

**बाराबंकी।**बाराबंकी जिले के देवा क्षेत्र में प्रार्थना सभा के नाम पर कथित रूप से सामूहिक धर्मांतरण कराने के मामले में पुलिस ने 16 लोगों को नामजद करते हुए एक पादरी समेत अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि गत सोमवार को देवा थाना क्षेत्र के चकरार मजरे रेंदुआ पल्हरी गांव स्थित एक प्रार्थनागृह और चर्च में अवैध रूप से धर्मांतरण कराने के आरोप में 16 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। उनमें से अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि छह अन्य की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए लोगों में कर्नाटक के मेंगलूरू निवासी कथित पादरी फादर डोमिनिक पिन्टो और अयोध्या के निवासियों सरजू प्रसाद गौतम, पवन कुमार, सूरज गौतम, घनश्याम गौतम, सुरेन्द्र पासवान, राहुल राजपूत, राम जनम रावत, धर्मेन्द्र कोरी तथा सुनील पासी को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# अयोध्या को विश्वस्तरीय शहर बनाना है

**भाषा।** अयोध्या

**अयोध्या** स्थित भव्य मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह संपन्न होने के बाद अब शहर के पुनर्विकास के अगले चरण पर काम शुरू करने को लेकर तैयारी जोरों पर है। एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य विरासत को ध्यान में रखते हुए इसे विश्वस्तरीय शहर बनाने का है। अयोध्या के संभाग आयुक्त गौरव दयाल नेसाक्षात्कार में यह भी कहा सरकार ने 22 जनवरी के कार्यक्रम के संबंध में जो व्यापक लक्ष्य तय किए थे उन्हें सफलता पूर्वक हासिल किया गया। उन्होंने कहा, चार सड़क मार्ग, पूरे शहर का सौंदईकरण, जन सुविधाओं का निर्माण, बहु-स्तरीय पार्किंग सुविधाएं, शयनगृह, शौचालय, सभी हितधारकों से बात करके रेस्तरां का उन्नयन...इन सभी चीजों का ध्यान रखा गया।

> अयोध्या स्थित भव्य मंदिर मे रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद अब शहर के पुनर्विकास के अगले चरण पर काम शुरू करने को लेकर तैयारी जोरों पर है। एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य विरासत को ध्यान में रखते हुए इसे विश्वस्तरीय शहर बनाने का है



दयाल ने कहा, अब अगले चरण में चार बड़ी परियोजनाओं पर काम किया जाएगा, जिसमें पंचकोसी और चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग का चौड़ीकरण और पुनर्विकास शामिल है, दोनों मार्गों को 21 मीटर चौड़ा किया जाएगा। इसके अलावा चौरासीकोसी परिक्रमा मार्ग और रिंग रोड का भी पुनर्विकास और चौड़ीकरण किया जाएगा। इन तीर्थयात्रा परिपथ पर पहले ही बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की जा चुकी है। इन सड़कों का विकास भी राम पथ की तरह किया जाएगा। रामपथ के साथ सड़कों को चौड़ा करने की कवायद को अंजाम तक पहुंचाने में एक साल का समय लगा और इस जनवरी में काम पूरा हो पाया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इस परियोजना में 2200 दुकानों समेत कुल 3,100 संपत्तियां प्रभावित हुई। इसके अलावा बहुत पुरानी इमारतों और अन्य ढांचे को या तो आंशिक रूप से या फिर पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। दयाल ने कहा कि पंचकोसी मार्ग और चौदहकोसी मार्ग पर भी बेहद खूबसूरत इमारतें थीं और हमने जितना संभव हो सका, इन्हें बचाने की कोशिश की और कई पेड़ों को प्रत्यावर्तन के जरिए बचाया गया।

हालांकि, स्थानीय प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि शहर में बनाए गए तीन नए सड़क मार्गों का स्वरूप एक समान हो। इन पर सजावटी लैंप लगाए गए हैं, जिनके डिजाइन में अयोध्या की झलक है। उन्होंने कहा, हमने सड़कों की हर एक चीज के लिए बेहद सावधानी से योजना बनाई है। मैंने सभी बड़ी एजेंसियों से कहा, मुझे पारंपरिक चीजें के बारे में न बताएं, यह बताएं कि आप अयोध्या के लिए क्या कुछ नया बना सकते हैं। अयोध्या में राम पथ और भक्ति पथ के किनारे की इमारतों के आगे के भाग को अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने एक समान स्वरूप दिया है।अयोध्या के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण पर दयाल ने कहा कि इसका उद्देश्य अयोध्या को ैसभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त और विरासत के साथ एक विश्व स्तरीय शहर बनाना है जो हमारे लोकाचार, परंपराओं और संस्कृति को भी प्रतिबिंबित करेगौ। इस शहर में विश्व स्तरीय परिवहन व्यवस्था , राम मंदिर और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों तक सुगमता के साथ पहुंचने की व्यवस्था और अच्छी सड़कें होंगी। उन्होंने कहा कि कोशिश रहेगी कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आने वाले लोगों को शहर की अच्छी यादें लेकर जाएं।

दयाल ने शानदार नए हवाई अड्डे और रेलवे स्टेशन की नई इमारत का उदाहरण दिया जो अंदर से आधुनिक हैं लेकिन पारंपरिक दिखती हैं।

## पेज 1 का शेष

### मोदी का..

उन्हें कोई आरक्षण भी नहीं मिलता।' मोदी ने कांग्रेस पर देश को बांटने के लिए कहानियां गढ़ने का आरोप लगाते हुए सवाल किया कि देश को इतना तोड़ा गया, क्या यह कम नहीं है जो अब उत्तर और दक्षिण को तोड़ने के लिए बयान दिए जा रहे हैं? उन्होंने कहा, 'कांग्रेस के पास अपने नेताओं और नीतियों की गारंटी नहीं है लेकिन वह मोदी की गारंटी पर सवाल उठा रही है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को देश की समस्याओं के बारे में पता था लेकिन उन्होंने उनके समाधान के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा, हम एक कठिन समय से बाहर आए हैं और देश को समस्याओं से बाहर लाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इस तरह का माहौल बनाया कि भारतीय परंपराओं का पालन करने वालों को हेय नजरों से देखा गया। उन्होंने कांग्रेस पर गुलामी की मानसिकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए सवाल किया, अगर आप अंग्रेजों से प्रभावित नहीं थे तो अंग्रेजों की बनाई दंड संहिता आपने क्यों नहीं बदली, अंग्रेजों के जमाने के सैकड़ों कानून इतने दशकों बाद भी क्यों चलते रहे और लाल बत्ती संस्कृति खत्म क्यों नहीं हुई? उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस ने बाबा साहेब आंबेडकर को भारत रत्न देने के योग्य नहीं समझा और अपने ही परिवार के लोगों को भारत रत्न देती रही, वह हमें आज उपदेश दे रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर को भारत रत्न सम्मान तब मिला जब केंद्र में भाजपा के समर्थन वाली एक सरकार बनी।

### कर्नाटक के....

तमिलनाडु में लगाए गए हैं और पार्टी इसकी निंदा नहीं कर रही है। यहां भी ऐसे पूरे पेज के विज्ञापनों के साथ वही भाषा अपनाई गई है।' भाजपा ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी में केरल पर केंद्र सरकार के 'वित्तीय प्रतिबंध' के खिलाफ केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के विरोध को 'करदाताओं के पैसे से संचालित उच्च राजनीतिक नाटक' करार दिया है और केरल सरकार की उस कहानी में छेद करने की कोशिश की है कि केंद्र सरकार... केरल के वित्तीय संकट के लिए जिम्मेदार इसमें कहा गया है कि केंद्र के खिलाफ प्रस्तावित विरोध कुछ और नहीं बल्कि मोदी सरकार पर अपनी 'विफलता' थोपने की 'सरासर राजनीति' है क्योंकि लोग केरल में सत्तारूढ़ गठबंधन से 'नाराज' हैं। विरोध प्रदर्शन में उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार, कर्नाटक राज्य के कई सांसद, मंत्री और विधायक शामिल हुए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों में कर हस्तांतरण और सहायता अनुदान में कर्नाटक के साथ 'अन्याय' किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि केंद्र 15वें वित्त आयोग के तहत कर्नाटक को कथित तौर पर हुए 1.87 लाख करोड़ रुपये के नुकसान को ठीक करे। सिद्धारमैया ने कहा कि यह विरोध भाजपा के खिलाफ नहीं बल्कि कर्नाटक के साथ भेदभाव है। भाजपा के इस आरोप को खारिज करते हुए कि विरोध का उद्देश्य उत्तर-दक्षिण विभाजन को बढ़ावा देना है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि देश एकजुट हो लेकिन दक्षिणी राज्यों के साथ कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि केंद्र 15वें वित्त आयोग के तहत कर्नाटक को कथित तौर पर हुए 1.87 लाख करोड़ रुपये के नुकसान को ठीक करे। सिद्धारमैया ने कहा कि यह विरोध भाजपा के खिलाफ नहीं बल्कि कर्नाटक के साथ भेदभाव है।

### कश्मीर....

सीआरपीसी की धारा 144 लगाकर इसी तरह के प्रतिबंध भी लगाए गए थे। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला को भी पार्टी के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजौरी के सुंदरबनी इलाके में जाने से रोका गया।नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष ने कहा कि वह पार्टी के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए राजौरी के सुंदरबनी इलाके का दौरा करने की योजना बना रहे थे, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा, 'यहां तक कि उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) भी मेरे साथ (पार्टी) कार्यालय में गए जैसे किसी अपराधी को ले जाया जा रहा हो। यह पहली बार है कि एसडीपीओ मेरे साथ मेरे घर से कार्यालय तक व्यक्तिगत रूप से यह देखने के लिए गए कि मेरा वाहन कोई अन्य मोड़ न ले।' पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने पहले के बयान को दोहराया कि लोकतंत्र को जम्मू-कश्मीर तक पहुंचने की अनुमति नहीं है। अब्दुल्ला ने कहा, 'उन्होंने एक बार फिर इसे साबित कर दिया है। वे कह रहे हैं कि हर कोई राजनीतिक गतिविधियां करने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन यह केवल उनके लिए है जो भाजपा और उसकी सरकार की प्रशंसा कर रहे हैं। हम जैसे लोग जो सरकार के पिट्ठू नहीं हैं या भाजपा की चापलूसी में शामिल नहीं हैं, उन्हें इस प्रकार के प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है। हम अब ऐसी चीजों के आदी हो गए हैं।'

### आरएलडी...

चुनावी गणित से पता चलता है कि भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम मतदाताओं के प्रभुत्व वाली सीटों पर आरएलडी को लुभाने की इच्छुक है और इस तरह तीन सीटों की पेशकश की थी। सूत्रों का कहना है कि आरएलडी और एसपी के बीच गठबंधन में सीटों के बंटवारे और एसपी की इस जिद को लेकर खटास आ गई कि उसके उम्मीदवारों को आरएलडी के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ना चाहिए। रालोद के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, 'कैराना, मुजफ्फरनगर और बिजनौर में रालोद चुनाव चिह्न के तहत उम्मीदवारों को चुनाव लड़ाने को सपा की प्राथमिकता मामले को जटिल बनाती है।' आरएलडी ने अपनी ओर से शुरू में कैराना और बिजनौर सीटों के लिए एसपी के सुझावों पर सहमति व्यक्त की थी, लेकिन मुजफ्फरनगर और हाथरस को लेकर उसे बाधाओं का सामना करना पड़ा। हालांकि भाजपा के साथ कथित चर्चाएं अपुष्ट हैं, राजनीतिक क्षेत्र अनुमानों और गणनाओं से गर्म है। मामले को बढ़ाते हुए संभावित गठबंधन पर चर्चा का संकेत देते हुए, आरएलडी विधायकों को अचानक दिल्ली बुलाया गया। हालाँकि, अनिश्चितताओं के बीच, दिल्ली से एक संदेश ने धैर्य रखने का आग्रह किया, जिसमें सुझाव दिया गया कि रालोद नेतृत्व अगले कदम से पहले अपने विधायकों के इनपुट का इंतजार कर रहा है। सीट आवंटन से परे व्यापक चर्चा में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के लिए भारत रत्न की मान्यता और राज्य सरकार में हिस्सेदारी की आकांक्षाएं शामिल हैं, जो चल रही बहुआयामी बातचीत को दर्शाती हैं। विशेष रूप से, रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह की सोशल मीडिया पर स्पष्ट चुप्पी, विशेष रूप से गणतंत्र दिवस के बाद निर्धारित कार्यक्रमों के स्थगन के साथ अनिश्चितता के माहौल में योगदान करती है। हालांकि, रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने रालोद के एनडीए में शामिल होने की किसी भी धारणा को खारिज कर दिया और इंडिया गठबंधन के प्रति पार्टी की निष्ठा की पुष्टि की।

### उत्तराखंड..

कुप्रथाओं पर रोक लगाने का प्रावधान है। इसके तहत विवाह का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है और ऐसा नहीं करने पर सरकारी सुविधाओं से वंचित करने का प्रावधान है। पति-पत्नी के जीवित रहते दूसरे विवाह को पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है जबकि सभी धर्मों में विवाह की न्यूनतम उम्र लड़कों के लिए 21 वर्ष और लड़कियों के लिए 18 वर्ष निर्धारित की गई है। वैवाहिक दंपत्ति में यदि कोई एक व्यक्ति बिना दूसरे व्यक्ति की सहमति के अपना धर्म परिवर्तन करता है तो दूसरे व्यक्ति को उस व्यक्ति से तलाक लेने व गुजारा भत्ता लेने का पूरा अधिकार होगा। पति-पत्नी के तलाक या घरेलू झगड़े के समय पांच वर्ष तक के बच्चे की अभिरक्षा उसकी माता के पास ही रहेगी। सभी धर्मों में पति-पत्नी को तलाक लेने का समान अधिकार होगा। बेटा और बेटी का संपत्ति में समान अधिकार होगा। संपत्ति में अधिकार के लिए वैवाहिक और लिव-इन से पैदा बच्चों में भेदभाव को समाप्त करते हुए हर बच्चे को वैध बच्चा माना जाएगा। लिव-इन का पंजीकरण भी अनिवार्य होगा। इससे पहले, विधेयक पर चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस तथा बहुजन समाज पार्टी (बसपा)के सदस्यों ने विधेयक के कुछ प्रावधानों पर आपत्ति व्यक्त करते हुए उसे सदन की प्रवर समिति को सौंपने की मांग की थी। बसपा विधायक मोहम्मद शहजाद ने इस मुददे पर सदन में एक प्रस्ताव भी पेश किया था। हालांकि, यह प्रस्ताव सदन में ध्वनिमत से खारिज हो गया। यूसीसी पर अधिनियम बनाकर उसे प्रदेश में लागू करना 2022 में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा जनता से किए गए प्रमुख वादों में से एक था। वर्ष 2000 में अस्तित्व में आए उत्तराखंड में लगातार दूसरी बार जीत दर्ज कर इतिहास रचने के बाद भाजपा ने मार्च 2022 में सत्ता संभालने के साथ ही मंत्रिमंडल की पहली बैठक में यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति के गठन को मंजूरी दे दी थी।

# नीतीश ने की मोदी से मुलाकात कहा अब कभी राजग नहीं छोड़ेंगे

भाषा। नई दिल्ली



**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। यह जनता दल यूनाइटेड (जदयू) प्रमुख कुमार के विपक्षी इंडिया गठबंधन का पिछले महीने साथ छोड़कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलकर बिहार में सरकार बनाने के बाद, दोनों नेताओं की पहली मुलाकात थी। कुमार ने दोहराया कि वह अब फिर राजग का साथ नहीं छोड़ेंगे। मोदी के साथ अपनी बैठक के बाद, कुमार ने गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की तथा माना जाता है कि उन्होंने बिहार से संबंधित कई शासन और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की।

जदयू प्रमुख कुमार ने बाद में पत्रकारों से संक्षिप्त टिप्पणी में, 2013 में भाजपा के साथ संबंध तोड़ने से पहले, 1995 से भाजपा के साथ अपने जुड़ाव को याद किया और कहा कि उन्होंने इसे दो बार छोड़ा होगा, लेकिन अब ऐसा कभी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, अब कभी नहीं। हम यहीं (राजग में) रहेंगे। यह बैठक कुमार के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा 12 फरवरी को विधानसभा में विश्वास मत का सामना करने से पांच दिन पहले हुई है। कुमार ने आठ मंत्रियों के साथ शपथ ली थी, जिनमें भाजपा और जदयू के तीन-तीन मंत्री शामिल थे और मंत्रिपरिषद का विस्तार होना है।

दोनों दलों को लोकसभा चुनाव से पहले कई पेचीदा राजनीतिक मुद्दों से निपटना होगा, जिसमें उनके और उनके छोटे सहयोगियों के बीच चुनाव लड़ने के लिए संसदीय सीटों का वितरण भी शामिल है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और जदयू ने बिहार में 17-17 सीट पर चुनाव लड़ा था, जबकि तत्कालीन लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) ने छह सीट पर चुनाव लड़ा था। लोजपा अब दो गुटों में विभाजित है। राजग में अब बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा भी शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि एक विचार यह भी है कि कुमार चाहते हैं कि बिहार विधानसभा को भंग कर दिया जाए ताकि इसका चुनाव अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव के साथ हो सके, लेकिन हो सकता है कि भाजपा, इस विचार के प्रति उतनी उत्साहित नहीं हो। विधानसभा में भाजपा की सीट संख्या जदयू से अधिक है। सीट-बंटवारे के मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर, कुमार ने इसे अधिक तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि भाजपा नेता इससे अवगत हैं। बिहार में राज्यसभा की छह सीट खाली हो रही हैं, जिनके लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है।

## बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा : पद नहीं छोड़ेंगे

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने बुधवार को नाराजगी जाहिर करते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि वह 12 फरवरी को बजट सत्र शुरू होने से पहले अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। प्रदेश की नवगठित राजग सरकार ने चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता ने जोर देकर कहा कि वह 12 फरवरी को बजट सत्र शुरू होने से पहले त्यागपत्र नहीं देंगे। इसी दिन विधानसभा में नीतीश कुमार सरकार विश्वास मत हासिल करेगी। चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, मैं इस्तीफा नहीं देने जा रहा हूं। मैं 12 फरवरी को विधानसभा में रहूंगा और नियमों के मुताबिक सदन की कार्यवाही चलाऊंगा। उन्हें बताया गया कि महागठबंधन से प्रदेश में सत्ता छीनने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव लंबित होने पर कोई भी अध्यक्ष कुर्सी पर नहीं रह सकता। उन्होंने उत्तर दिया, नियमों के अनुसार, विधानसभा अध्यक्ष को अविश्वास प्रस्ताव नोटिस मिलने के 14 दिन के भीतर निर्णय करना चाहिए। यह नोटिस मुझे आज ही मिला है। राजग के पास मामूली बहुमत है और मुख्य विपक्षी दल के अध्यक्ष की अध्यक्षता में होने वाले शक्ति परीक्षण से सावधान है। भारतीय जनता पार्टी के नेता ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर कहा, चौधरी को यह पता होना चाहिए कि सदन के नेता के तौर पर, मुख्यमंत्री के पास यह तय करने की शक्ति है कि सदन के एजेंडे में पहले कौन सा काम शामिल किया जाए। इसलिए, राजद नेता को ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है, जिसमें उन्हें अध्यक्ष पद से हटा दिया जाए। यह उन पर निर्भर है कि उन्हें अपमान का सामना करना है या इस्तीफा देकर अपना गौरव बचाना है। संयोग से, भाजपा नेता विजय कुमार सिन्हा ने भी इसी तरह 2022 में इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था, जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजग छोड़ दिया था और महागठबंधन के साथ नई सरकार बनाई थी। बिहार की नई राजग सरकार में उप मुख्यमंत्री बने सिन्हा ने अविश्वास मत से बचते हुए सदन में इस्तीफे की घोषणा की थी। इस बार, भाजपा नेता और पूर्व मंत्री नंद किशोर यादव तथा अमरेंद्र प्रताप सिंह विधानसभा अध्यक्ष पद की दौड़ में बताए जा रहे हैं।

## रिकॉर्ड रिटर्न दे रही है सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां रिकॉर्ड रिटर्न दे रही हैं और इनपर निवेशकों का भरोसा बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि देश में 2014 में 234 सार्वजनिक उपक्रम थे लेकिन आज इनकी संख्या 254 है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां रिकॉर्ड रिटर्न दे रही हैं और इनपर निवेशकों का भरोसा बढ़ रहा है। बीएसई में सार्वजनिक उपक्रमों का सूचकांक बीते दो साल में दोगुना हो गया है। बीएसई पीएसयू सूचकांक में पिछले दो साल में लगभग 106 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। बीएसई सेंसेक्स ने 25.22 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में भी इस दौरान अच्छी तेजी देखी गई। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का आरोप लगाने वाले पहले वह यह बताएं कि एमटीएनएल, बीएसएनएल, एयर इंडिया को किसने बर्बाद किया था।

# मणिपुर के मेइती संगठनों ने सीमा पर बाड़ लगाने का स्वागत किया

● नगा-कुकी संगठनों ने विरोध किया

भाषा। इंफाल

**मणिपुर** के मेइती संगठनों ने 1,643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने के सरकार के फैसले का स्वागत किया है जबकि नगा और कुकी संगठनों ने कहा कि यह फैसला उन्हें स्वीकार्य नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में मंगलवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार सीमाओं को अभेद्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, पूरी 1,643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया गया है। बेहतर निगरानी के लिए, सीमा पर एक गश्ती मार्ग भी बनाया जाएगा।

यह कदम भारत-म्यांमा सीमा पर प्रचलित मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को समाप्त कर सकता है। एफएमआर के तहत भारत-म्यांमा सीमा के पास रहने वाले लोगों को बिना किसी दस्तावेज के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर तक जाने की अनुमति है। मणिपुर की कम से कम 398 किलोमीटर की सीमा म्यांमा से लगती है जिसमें 10 किलोमीटर की सीमा पर पहले ही बाड़ लगाई जा चुकी है।

नागरिक समाज संस्थाओं के संयुक्त संगठन कोऑर्डिनेटिंग कमेटी (सीओसीओएमआई) ने भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने के फैसले का स्वागत किया लेकिन साथ ही आगाह किया कि इस प्रक्रिया के दौरान राज्य के किसी भी भूमि क्षेत्र से समझौता न किया जाए। सीओसीओएमआई के सहायक मीडिया समन्वयक एम. धनंजय ने पीटीआई-भाषा से कहा, अगर यह (सीमा पर बाड़) 30-40 साल पहले किया गया होता तो हिंसा नहीं होती जो कि आज हम देख रहे हैं। उन्होंने कहा, निस्संदेह खुली सीमा के कारण मादक पदार्थों की व्यापक स्तर पर तस्करी हुई जिससे युवाओं की जान को खतरा है और अवैध शरणार्थियों की बाढ़ आने से बड़े जनसांख्यिकीय बदलाव हुए जिससे मेइती एवं राज्य की नगा मूल आबादी को खतरा पहुंच रहा है।

धनंजय ने कहा, सीमा को बाड़ लगाकर सील किया जाना चाहिए। हम इसका स्वागत करते हैं लेकिन यह इस तरीके से किया जाना चाहिए कि राज्य का कोई भी भूमि क्षेत्र न गंवाना पड़े। इंफाल घाटी के मेइती समूह सीमा पर बाड़ लगाने की लगातार मांग करते रहे हैं। उनका आरोप है कि आदिवासी उग्रवादी अकसर खुली सीमा के माध्यम से भारत में प्रवेश करते हैं। मेइती समूहों का यह भी आरोप है कि बिना बाड़ वाली अंतरराष्ट्रीय सीमा का फायदा उठाकर भारत में मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही है।

राज्य में नगा संस्थाओं ने इस घटनाक्रम पर चिंता व्यक्त की है और कहा है कि सीमा पर बाड़बंदी तथा एफएमआर को रद्द करना उन्हें स्वीकार्य नहीं है। राज्य के शीर्ष नगा संगठन यूनाइटेड नगा काउंसिल (यूएनसी) के अध्यक्ष एन. लोर्हो ने पीटीआई-भाषा से कहा, हम सीमा पर बाड़ लगाने और एफएमआर को रद्द करने के खिलाफ हैं। केंद्रीय मंत्री ने जो कुछ भी कहा है, वह यूएनसी को स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा, जहां तक म्यांमा से मणिपुर में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध शरणार्थियों का मुद्दा है तो हम केंद्रीय गृह मंत्री से वैकल्पिक समाधान और इनसे निपटने के लिए अन्य तरीके ढूंढ़ने का अनुरोध करते हैं। इस बीच, कुकी संगठनों ने भी भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने का विरोध किया। कुकी इन्पी मणिपुर ने जनवरी में कहा था कि अचानक बाड़ लगाने से जटिल चुनौतियों का समाधान नहीं होगा।

# मोदी सरकार में रामराज्य की स्थापना: भाजपा

● कहा, कांग्रेस के समय लाइसेंस परमिट कोटा राज और लूटराज था

**नई दिल्ली।** आजादी के बाद देश में कांग्रेस के शासनकाल में केवल लाइसेंस परमिट राज और लूटराज होने का आरोप लगाते हुए भाजपा ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दस साल के शासन में अयोध्या में राम मंदिर ही स्थापित नहीं हुआ है, बल्कि देश में रामराज्य भी स्थापित हुआ है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड में केवल उन स्थानों से निकाली जा रही है जो बांग्लादेशी घुसपैठियों के केंद्र हैं।

वह वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम केंद्रीय बजट, लेखनुदानों की मांगों, अनुदानों की अनुपूरक मांगों, जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र अंतरिम बजट, जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के लिए लेखानुदानों की मांगों और जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों पर सदन में चर्चा में भाग ले रहे थे। दुबे ने कहा कि आजादी के बाद पिछले करीब 75-77 साल में 60 साल कांग्रेस की सरकारें रहीं, ऐसे में देश में नीतियों को लेकर भाजपा को जिम्मेदार कैसे ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 1947 से 1990 तक जहां कांग्रेस की सरकारों के समय लाइसेंस परमिट कोटा राज रहा, जब केवल कांग्रेस समर्थक उद्योगपतियों को ही उद्यम करने का अधिकार होता था, तो 2004 से 2014 तक संप्रग की सरकारों के समय लूट राज रहा जिसमें 2जी स्पेक्ट्रम समेत अनेक घोटाले सामने आए।

दुबे ने आरोप लगाया, कांग्रेस की सरकारों ने मुस्लिम तुष्टीकरण के अलावा देश के आम जनमानस के बारे में सोचने की कभी कोशिश ही नहीं की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी की सरकार में 2014 से 2024 तक के दस साल में राम मंदिर ही स्थापित नहीं हुआ, बल्कि देश में रामराज्य भी स्थापित हुआ।

दुबे ने पिछले दिनों कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के अलग देश वाले कथित बयान के परोक्ष संदर्भ में कहा कि कांग्रेस की टुकड़े टुकड़े गैंग वाली सोच की वजह से बंगाल से अलग बांग्लादेश और पंजाब से अलग पाकिस्तान देश बनाया गया था और अब फिर से विभाजन की बात हो रही है। उन्होंने कहा कि पूरा देश एक है, उत्तर से लेकर दक्षिण तक पूरे देश में पूजा-पाठ संस्कृत भाषा में ही होता है, ऐसे में विभाजन की बात हो रही है।

दुबे ने कहा कि दक्षिण भारत के चोल वंश के शासकों ने सनातन धर्म का पूरी दुनिया में प्रसार किया लेकिन विपक्ष के लोग इसकी बात नहीं करते। द्रमुक के सदस्य आपत्ति जताते देखे गए। दुबे ने कहा कि कोयला, सोना, अभ्रक, एल्युमिनियम समेत समस्त संसाधन उत्तर भारत के राज्यों में हैं, लेकिन क्या हमने कभी कांग्रेस पर इनका इस्तेमाल दक्षिण भारत में नहीं होने देने के लिए दबाव बनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश में दो बड़ी यात्राएं की हैं।

दुबे ने कहा कि देश में पुनर्जागरण के लिए सोमनाथ से अयोध्या तक यात्रा निकाली गई थी जिसके परिणामस्वरूप अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाया गया, तो कन्याकुमारी से कश्मीर तक दूसरी यात्रा निकालकर यह संदेश दिया गया कि एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं हो सकते और इसके नतीजतन अनुच्छेद 370 को समाप्त किया गया। दोनों ही संकल्पों को सिद्धि तक पहुंचाया गया और दोनों ही यात्राओं में मोदीजी की सहभागिता थी। दुबे ने कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि वहीं कांग्रेस की यात्रा का उद्देश्य आपदा में अवसर खोजना है। पूरे देश को पता है कि मणिपुर के हालात बहुत खराब हैं, लेकिन यह टुकड़े टुकड़े गैंग वाली कांग्रेसी मानसिकता थी कि यात्रा को मणिपुर से शुरू किया गया।

## दिग्विजय सिंह के करीबी कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हुए

**गुना।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के करीबी माने जाने वाले कांग्रेस नेता सुमेर सिंह बुधवार को यहां केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए। दिग्विजय सिंह के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान, सुमेर सिंह को राज्य लोक सेवा आयोग (पीएससी) के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया था। कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि उन्हें दिग्विजय सिंह के परिवार का सदस्य माना जाता है। सुमेर सिंह 2010-15 के दौरान कांग्रेस से गुना के जिला पंचायत अध्यक्ष भी चुने गए थे। उन्होंने बताया कि सुमेर सिंह के साथ उनके बेटे धनंजय सिंह समेत कई समर्थक भी भाजपा में शामिल हुए। गुना सर्किट हाउस में कांग्रेस सदस्य सिंधिया की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए। सिंधिया स्वयं भी 2020 में भाजपा में शामिल हुए थे। हाल के मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 230 सीटों में से 163 सीट पर जीत दर्ज की।

## नौका के जरिए कुवैत से मुंबई में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

**मुंबई।** नौका के जरिए कुवैत से मुंबई पहुंचने वाले तीन लोगों को पुलिस ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को नौका से मुंबई पहुंचे तीनों लोगों ने बोट को गेटवे ऑफ इंडिया पर रोका था। प्रथम दृष्टया नौका में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। नौका से आए तीनों लोग तमिलनाडु के निवासी हैं। अधिकारी ने बताया कि नौका मिलने के बाद कोलाबा पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा, पुलिस ने भारत में प्रवेश के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन नहीं करने के लिए पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) नियमों की धारा 3 (ए) के साथ दंडात्मक धारा 6 (ए) के तहत एक मामला दर्ज करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। तीनों व्यक्ति दो वर्ष पहले काम के सिलसिले में कुवैत गए थे। उन्हें कुवैत ले जाने वाले एजेंट ने कथित तौर पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया जिसके बाद वे वहां से भाग आए।

# अन्नाद्रमुक ने कहा, भाजपा के लिए हमारे दरवाजे बंद

**चेन्नई।** तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी पार्टी ऑल इंडिया अन्नाद्रमुक मुनेत्र कषगम ने लोकसभा चुनाव के वास्ते भाजपा के साथ गठबंधन से इनकार करते हुए बुधवार को कहा कि उसने पहले ही भारतीय जनता पार्टी के लिए अपने दरवाजे बंद कर दिए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि भाजपा के दरवाजे अन्नाद्रमुक के लिए खुले हैं। शाह की इस टिप्पणी पर पार्टी के वरिष्ठ नेता डी. जयकुमार ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता ने अपनी पार्टी का रुख बता दिया है।

अन्नाद्रमुक के संगठन सचिव जयकुमार ने कहा, अमित शाह ने कहा है कि उनकी पार्टी के दरवाजे अन्नाद्रमुक के लिए खुले हैं। जहां तक हमारी पार्टी के रुख की बात है, भाजपा एक समय सहयोगी पार्टी थी। अब, यह एक ऐसी पार्टी है जिसका हम खुलकर विरोध करते हैं। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई का नाम लिए बिना, अन्नाद्रमुक नेता ने आरोप लगाया कि द्रविड़ दिग्गज सी. एन. अन्नादुरई और अन्नाद्रमुक की पूर्व प्रमुख दिवंगत जे. जयललिता का उन्होंने अनादर किया।

इतने बड़े नेताओं के खिलाफ अन्नामलाई की आलोचना जारी रही, बावजूद इसके कि उनकी पार्टी ने इसकी कड़ी निंदा की थी। जयकुमार ने कहा, हम भाजपा को कैसे स्वीकार कर सकते हैं? पार्टी कार्यकर्ता और लोग भाजपा के साथ हाथ मिलाने के खिलाफ हैं। जब हमने भाजपा से अपना नाता तोड़ा था, तो पार्टी कार्यकर्ताओं ने राज्यभर में पटाखे फोड़े थे, यह हमारे कार्यकर्ताओं की भावनाओं को दर्शाता है कि वे भाजपा के साथ कोई गठबंधन नहीं चाहते हैं। जयकुमार ने कहा, पार्टी के इस संकल्प कि भाजपा के साथ कभी गठबंधन नहीं होगा, का राज्यभर में पार्टी कार्यकर्ताओं और लोगों ने स्वागत किया। जहां तक हमारा सवाल है, हमने भाजपा के लिए अपने दरवाजे बंद कर दिए हैं।



भोपाल में मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नरेन्द्र सिंह तोमर से बजट सत्र के दौरान मिलते हुए।

# नए भारत की भोर है, इंडिया में मोदी वन्स मोर है : ईरानी

**नई दिल्ली।** भाजपा की सांसद एवं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस के पूर्ववर्ती प्रतिनिधियों की छत्रछाया में अमेठी लोकसभा क्षेत्र विकास से कोसों दूर रहा, वहीं उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस क्षेत्र में विकास की भोर हुई है। अमेठी लोकसभा क्षेत्र से सांसद ईरानी ने लोकसभा में अंतरिम बजट पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि गांधी परिवार ने इस क्षेत्र पर 48 साल राज किया, लेकिन सुल्तानपुर जिले में 2011 तक 62 प्रतिशत परिवार बिजली से वंचित थे और 83.8 प्रतिशत घरों में शौचालय नहीं था।

लेकिन भाजपा-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने के बाद अमेठी को रेलवे का पहला रैक और मिट्टी जांच प्रयोगशाला आदि का तोहफा मिला। ईरानी ने कहा कि मोदी सरकार में अमेठी में 10 लाख लोगों के बैंक खाते खोले गए, जो गांधी परिवार के सदस्य के प्रतिनिधित्व के दौरान इससे वंचित रह गए थे। उन्होंने कहा कि नेता यदि मोदी जैसा हो तो इतिहास बनते और गढ़ते देखा जा सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण, रामलला का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह जैसे कार्य प्रधानमंत्री के हाथों होने थे। उन्होंने कहा, देश ने राष्ट्रसेवक को रामसेवक के रूप में अयोध्या में देखा। कुछ ऐसे हैं जिन्होंने प्रभु को भी नकारा और (समारोह के) आमंत्रण को भी ठुकराया। ईरानी ने कहा, अड़तालीस साल गांधी खानदान ने राज किया, लेकिन अमेठी में वे न तो शौचालय दे सके, न बैंक खाता और न आवास सुविधा, यहां तक कि इस दौरान अमेठी के 200 से अधिक कारखाने बंद हो गए, जबकि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में छह हजार से अधिक एमएसएमई उपक्रम शुरू हुए हैं। चालीस गांव तो ऐसे हैं, जहां बिजली तब मिली, जब मोदी सरकार आई।

# गुजरात विधानसभा ने स्कूलों में भगवद्गीता पढाने के संबंध में प्रस्ताव पारित किया

**गांधीनगर।** गुजरात विधानसभा ने बुधवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर राज्य की भाजपा नीत सरकार से स्कूलों में भगवद्गीता पढ़ाने के शिक्षा विभाग के हालिया फैसले के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया। आप ने प्रस्ताव का स्वागत किया और इसे अपना समर्थन दिया, वहीं कांग्रेस सदस्यों ने शुरू में अपना विरोध दर्ज कराया, लेकिन बाद में मतदान के दौरान इसका समर्थन किया, जिसके बाद सदन में सरकार का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो गया। पिछले साल दिसंबर में, राज्य शिक्षा विभाग ने घोषणा की थी कि भगवद्गीता के आदर्शों और मूल्यों को अगले शैक्षणिक वर्ष से कक्षा छठी से 12वीं तक के स्कूलों में पढ़ाया जाएगा।

यह प्रस्ताव शिक्षा राज्य मंत्री प्रफुल्ल पंशेरिया ने सदन में पेश किया। पंशेरिया ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 छात्रों में भारत की समृद्ध और विविध संस्कृति और ज्ञान प्रणालियों तथा परंपराओं के प्रति गर्व और जुड़ाव की भावना पैदा करने पर जोर देती है। पंशेरिया ने कहा कि कक्षा छठी से 8वीं तक, इसे सर्वांगी शिक्षण विषय की पाठ्यपुस्तक में कहानी और पाठ के रूप में पेश किया जाएगा। कक्षा 9वीं से 12वीं तक कहानियों और पाठ के रूप में भगवद्गीता की शिक्षाओं को पहली भाषा पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

प्रस्ताव पर कांग्रेस विधायक किरीट पटेल ने आरोप लगाया कि भाजपा नीत सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए यह प्रस्ताव लाई है। कांग्रेस विधायक दल के नेता अमित चावड़ा ने कहा कि उनकी पार्टी इस प्रस्ताव के खिलाफ है क्योंकि भाजपा नीत सरकार इसे प्रचार पाने के लिए लेकर आई है। इस बीच, विधानसभा को सूचित किया गया कि राज्य में 5.70 लाख से अधिक बच्चे कुपोषित हैं।

प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायकों द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री भानुबेन बाबरिया ने बताया कि राज्य में 5.70 लाख कुपोषित बच्चों में से लगभग 4.38 लाख बच्चे कम वजन श्रेणी के हैं, जबकि 1.31 लाख बच्चे गंभीर रूप से कम वजन की श्रेणी में आते हैं। बाबरिया ने 2023 के अंत तक का डेटा देते हुए लिखित उत्तर में कहा कि अहमदाबाद के अत्यधिक शहरीकृत जिले में कुपोषित बच्चों की संख्या सबसे अधिक (56,941) है, इसके बाद आदिवासी बहुल दाहोद (51,321), बनासकांठा (48,866), पंचमहल (31,512), खेड़ा (28,800), सूरत (26,682) और भावनगर (26,128) हैं। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कुपोषण दूर करने के लिए कई कदम उठा रही है। तीन से छह वर्ष की आयु के बच्चों को आंगनवाड़ियों में गर्म नाश्ता और दोपहर का भोजन दिया जाता है।

# गन्ना किसानों का 2022-23 में 99 फीसद भुगतान, अब नही हो रहे आंदोलन: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को बताया कि 2022-23 में देश में गन्ना किसानों का 99 प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है और देश में अब गन्ना किसानों का कोई आंदोलन नहीं चल रहा है। सरकार ने यह भी कहा कि भुगतान न करने वाली तीनी चीनी मिलों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी।

गोयल जनता दल (यू) के महाबली सिंह के उस सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें उन्होंने पूछा था कि किसानों के गन्ना मूल्यों का भुगतान एक-एक, दो-दो साल नहीं हो पाता है, इसके लिए सरकार क्या कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गत कई वर्षों से गन्ना किसानों का बकाया भुगतान समय पर हो रहा है और यही वजह है कि देश में गन्ना किसानों का कोई आंदोलन इन दिनों नहीं चल रहा है। उन्होंने पिछली सरकार और मौजूदा सरकार में गन्ना उत्पादन और भुगतान के आंकड़ों के हवाले से कहा कि वर्ष 2013-14 में गन्ना किसानों का कुल भुगतान 57 हजार करोड़ रुपए हुआ था, लेकिन 2022-23 में गन्ने का उत्पादन भी डेढ़ गुना बढ़ गया है, जिसके कुल मूल्य 1.15 लाख करोड़ रुपए में से करीब 1.14 लाख करोड़ रुपए (99 प्रतिशत) का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अब मात्र 516 करोड़ रुपए गन्ना किसानों के बाकी हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की तीन चीनी मिलों ने भुगतान नहीं किया है और इसे लेकर कार्वाई हो रही है। गोयल ने कहा कि गन्ना उत्पादन और चीनी मिलों के नजरिए से पिछले करीब 10 वर्ष में स्थिति बिल्कुल बदल गई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गन्ना उत्पादन से जुड़े विषयों को बहुमुखी सोच और दूरदर्शी परिणाम की दृष्टि से जांचा परखा है।

# अंतरिक्ष से जुड़ी रक्षा क्षमता के लिए सशस्त्र बलों ने 25 हजार करोड़ रुपए की योजना बनाई: सीडीएस

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़ी अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए 25,000 करोड़ रुपए की धनराशि निर्धारित की है, जिसमें निगरानी उपग्रहों के निर्माण से लेकर सुरक्षित संचार नेटवर्क तक शामिल है। एसआईए-इंडिया द्वारा आयोजित डेफसैट सम्मेलन और एक्सपो को संबोधित करते हुए जनरल चौहान ने अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए भारत के निजी उद्योगों से इस अवसर का उपयोग देश को उभरते दोहरे उपयोग-क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए करने का आग्रह किया।

सशस्त्र बलों की जरूरतों का उल्लेख करते हुए उन्होंने उद्योग से मल्टी-सेंसर उपग्रहों, लॉन्च-ऑन-डिमांड सेवाओं और भू स्टेशन का एक मजबूत नेटवर्क विकसित कर खुफिया, निगरानी और टोही (आईएसआर) क्षमताओं को बढ़ाने में भागीदार बनने का आग्रह किया। जनरल चौहान ने नाविक (उपग्रह आधारित स्वदेशी दिशा-सूचक प्रणाली) को मजबूत करके स्वदेशी पोजिशनिंग, दिशा-सूचक और टाइमिंग (पीएनटी) सेवाओं को विकसित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, भारतीय सशस्त्र बल अपनी पीएनटी आवश्यकताओं के लिए विदेशी प्रणालियों पर निर्भर नहीं रह सकते। नेविगेशन, सिंक्रोनाइजेशन के साथ-साथ लंबी दूरी की भागीदारी के लिए पीएनटी सेवाओं को लेकर सुरक्षित, विश्वसनीय और टिकाऊ नाविक प्रणाली के निर्माण की आवश्यकता होगी।

भारत में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के निदेशक शैलेश नायक और सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी उद्घाटन समारोह में उपस्थित थे। जनरल चौहान ने कहा, भविष्य की हमारी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, अगर मैं एक मोटा अनुमान लगाऊं तो आने वाले कुछ वर्षों में हमारा परिव्यय 25,000 करोड़ रुपए से अधिक होगा। निजी उद्योग के लिए इस अवसर का इस्तेमाल करने का यह सही समय है। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी उद्योग के लिए यह अमृतकाल हो सकता है। मुझे लगता है कि अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए अब एक अत्यधिक सक्षम आत्मनिर्भर रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि उच्च गति वाला, सुरक्षित, उपग्रह सहायता प्राप्त संचार विकास का एक अन्य क्षेत्र है। जनरल चौहान ने कहा, विश्वसनीय और टिकाऊ कवरेज प्रदान करने के लिए उपग्रह इंटरनेट की शुरुआत, 5जी पारिस्थितिकी तंत्र को सक्षम करने वाले उपग्रह, स्वचालित उपग्रह और एलईओ उपग्रहों की दिशा में निवेश करने की आवश्यकता है।

# पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए आज मतदान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को मतदान होगा और ऐसा माना जा रहा है कि दौड़ में सबसे आगे चल रहे पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को सेना का समर्थन प्राप्त है। आम चुनाव की पूर्व संध्या पर बुधवार को हिंसा की घटनाएं भी हुईं। बलूचिस्तान प्रांत में चुनाव कार्यालयों को निशाना बनाकर किए गए दो बम विस्फोटों में कम से कम 25 लोग मारे गए और 42 अन्य घायल हो गए। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के जेल में होने के कारण, शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभर सकती है।



खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के उम्मीदवार निर्दलीय के रूप से चुनाव लड़ रहे हैं क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने उनकी पार्टी को उसके चुनाव चिह्न क्रिकेट बल्ला से वंचित करने संबंधी निर्वाचन आयोग के फैसले को बरकरार रखा है। बृहस्पतिवार को होने वाले चुनाव में 74 वर्षीय शरीफ की नजर रिकॉर्ड चौथी बार प्रधानमंत्री बनने पर होगी। बिलावल भुट्टो-जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी भी शामिल है। बिलावल भुट्टो-जरदारी को पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा घोषित किया गया है।

पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए लगभग 6,50,000 सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस चुनाव में 12.85 करोड़ से अधिक पंजीकृत मतदाता मतदान करेंगे। रेडियो पाकिस्तान की खबर के अनुसार, मतदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगभग 6,50,000 सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। इनमें पुलिस, नागरिक सशस्त्र बल और सशस्त्र बल के जवान शामिल हैं। मतदान बृहस्पतिवार की सुबह आठ बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे तक जारी रहेगा।

पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) के अनुसार कुल 12,85,85,760 पंजीकृत मतदाता वोट देने के पात्र हैं। नेशनल असेंबली के लिए 5,121 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं जिनमें से 4,807 पुरुष, 312 महिलाएं और दो ट्रांसजेंडर शामिल हैं।

चार प्रांतीय विधानसभाओं के लिए 12,695 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 12,123 पुरुष, 570 महिलाएं और दो ट्रांसजेंडर शामिल हैं। ईसीपी के एक अधिकारी ने बताया कि पीठासीन अधिकारी, जिन्हें पहले से ही मजिस्ट्रेट की विशेष शक्तियां दी गई हैं, पुलिस और सैन्यकर्मियों की सुरक्षा में मतदान सामग्री को मतदान केंद्रों तक ले जाएंगे। आयोग के आंकड़ों के अनुसार, पंजाब में सबसे अधिक 7,32,07,896 पंजीकृत मतदाता हैं, सिंध में 2,69,94,769, खैबर पख्तूनख्वा में 2,19,28,119, बलूचिस्तान में 53,71,947 और राजधानी इस्लामाबाद में 10,83,029 मतदाता हैं।

## चिली के पूर्व राष्ट्रपति सबैस्टियन पिनेरा का दुर्घटना में निधन

**विना डेल मॉर ( चिली )।** चिली के पूर्व राष्ट्रपति सबैस्टियन पिनेरा का मंगलवार को हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे और दो बार राष्ट्रपति पद संभाल चुके थे। चिली की गृह मंत्री कैरोलिना टोहा ने पूर्व राष्ट्रपति के निधन की पुष्टि की, हालांकि हेलीकॉप्टर दुर्घटना के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। पिनेरा 2010 से 2014 और फिर 2018 से 2022 तक देश के राष्ट्रपति पद पर आसीन हुए और उनके कार्यकाल में कोविड-19 महामारी के अलावा भूकंप तथा सुनामी जैसी चुनौतियां सामने आईं। लोगों को कोविड-19 महामारी से सुरक्षित रखने के लिए देश में तेजी से टीकाकरण अभियान चलाने का श्रेय उन्हें ही दिया जाता है। देश में अक्टूबर 2019 में शिक्षा, स्वास्थ्य और पेंशन प्रणालियों के खिलाफ व्यापक प्रदर्शन हुए थे और उस दौरान प्रदर्शनकारियों पर पुलिस के बल प्रयोग से पिनेरा की छवि धूमिल हुई थी।

# पाक के बलूचिस्तान में विस्फोटों में तीस लोगों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान में आम चुनाव से एक दिन पहले बुधवार को बलूचिस्तान प्रांत में चुनाव कार्यालयों को निशाना बनाकर किए गए दो बम विस्फोटों में कम से कम 40 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। पहली घटना में, पिशिन जिले में निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर एक भीषण विस्फोट में 20 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। एक घंटे से भी कम समय के बाद, किला अब्दुल्ला क्षेत्र में जमीयत उलेमा इस्लाम (जेयूआई) के चुनाव कार्यालय के बाहर एक और बम विस्फोट हुआ, जिसमें 10 लोगों की जान चली गई और 22 अन्य घायल हो गए। दोनों विस्फोटों की जिम्मेदारी किसी समूह या व्यक्ति ने नहीं ली है।



बलूचिस्तान के पंजगुर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अब्दुल्ला जहरी ने बताया कि उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के चुनाव कार्यालय के बाहर एक बैग में बम रखा गया था जिसमें टाइमर लगा था। कुछ घायलों की हालत गंभीर है और उन्हें इलाज के लिए क्वेटा ले जाया गया है। जहरी ने कहा, आतंकवादी लोगों को मतदान केंद्रों पर जाने से रोकने के लिए उम्मीदवारों को निशाना बना रहे हैं, लेकिन चुनाव तय समय पर हो यह सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ाई जा रही है। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, किला अब्दुल्ला क्षेत्र में जेयूआई उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय में विस्फोट होने से भारी क्षति हुई। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने दो विस्फोटों की पुष्टि की और कहा कि बृहस्पतिवार को होने वाले चुनाव के लिए प्रांत में सुरक्षा और बढ़ा दी गई है। ईसीपी के एक प्रवक्ता ने कहा, इन आतंकी हमलों के अपराधियों को पकड़ा जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी।

बलूचिस्तान के गृह मंत्री जान अचकजई ने हमलों की निंदा की और कहा कि चुनाव तय कार्यक्रम के अनुसार होंगे। कार्यवाहक गृह मंत्री गौहर इजाज ने पिशिन में निर्दलीय उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय के बाहर हुए विस्फोट की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले अफगानिस्तान और ईरान की सीमा से लगे बलूचिस्तान में हिंसा चरम पर है। मंगलवार को प्रांत के विभिन्न इलाकों में सुरक्षा चौकियों, चुनाव प्रचार कार्यालयों और रैलियों पर 10 ग्रेनेड हमले किए गए।

# पाकिस्तान के आम चुनाव में लगभग 6,50,000 सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बृहस्पतिवार को होने वाले आम चुनाव के लिए लगभग 6,50,000 सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस चुनाव में 12.85 करोड़ से अधिक पंजीकृत मतदाता मतदान करेंगे। देश में आम चुनाव से एक दिन पहले बुधवार को बलूचिस्तान प्रांत में चुनाव कार्यालयों को निशाना बनाकर किए गए दो बम विस्फोटों में कम से कम 25 लोग मारे गए और 42 अन्य घायल हो गए। रेडियो पाकिस्तान की खबर के अनुसार मतदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगभग 6,50,000 सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। इनमें पुलिस, नागरिक सशस्त्र बल और सशस्त्र बल के जवान शामिल हैं। मतदान बृहस्पतिवार की सुबह आठ बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे तक जारी रहेगा।

पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) के अनुसार कुल 12,85,85,760 पंजीकृत मतदाता वोट देने के पात्र हैं। नेशनल असेंबली की सीट के लिए 5,121 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं जिनमें से 4,807 पुरुष, 312 महिलाएं और दो ट्रांसजेंडर शामिल हैं। चार प्रांतीय विधानसभाओं के लिए 12,695 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 12,123 पुरुष, 570 महिलाएं और दो ट्रांसजेंडर शामिल हैं।

पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) के एक अधिकारी ने बताया कि पीठासीन अधिकारी, जिन्हें पहले से ही मजिस्ट्रेट की विशेष शक्तियां दी गई हैं, पुलिस और सैन्यकर्मियों की सुरक्षा में मतदान सामग्री को मतदान केंद्रों तक ले जाएंगे। पंजाब में सबसे अधिक 7,32,07,896 पंजीकृत मतदाता हैं, इसके बाद सिंध में 2,69,94,769, खैबर पख्तूनख्वा में 2,19,28,119, बलूचिस्तान में 53,71,947 और राजधानी इस्लामाबाद में 10,83,029 मतदाता हैं।

# मालदीव से विदेशी सैन्य टुकड़ी को जल्द वापस भेजा जाएगा: राष्ट्रपति मुइज्जू

**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने बुधवार को कहा कि मालदीव अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाकर जल्द ही उस बिंदु पर पहुंच जाएगा जहां किसी विदेशी सैन्य टुकड़ी की उपस्थिति नहीं होगी। उन्होंने कुछ सप्ताह पहले भारत से मांग की थी कि वह मालदीव से अपने सैनिकों को वापस बुला ले। भारत विरोधी रुख अपनाकर सत्ता में आए मुइज्जू ने एक दिन पहले घोषणा की थी कि मालदीव पानी के भीतर सर्वेक्षण करने के लिए देश की क्षमताओं को बढ़ाने के अलावा समुद्री, हवाई और स्थलीय क्षेत्रों सहित अपने सभी क्षेत्रों पर स्वायत्त नियंत्रण बनाए रखेगा। चीन समर्थक नेता के रूप में देखे जा रहे मुइज्जू ने राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले संबोधन में कहा था कि भारतीय सैन्य कर्मियों के पहले समूह को 10 मार्च से पहले मालदीव से वापस भेज दिया जाएगा और शेष दो विमानन प्लेटफॉर्म पर तैनात सैन्य कर्मियों की 10 मई से पहले वापसी हो जाएगी।

वर्तमान में, 88 भारतीय सैन्यकर्मी मुख्य रूप से दो हेलीकॉप्टर और एक विमान संचालित करने के लिए मालदीव में हैं, जिन्होंने सैकड़ों चिकित्सा निकासी और मानवीय मिशन को अंजाम दिया है। भारतीय प्लेटफॉर्म पिछले कुछ वर्षों से मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराते रहे हैं। न्यूज पोर्टल सनडॉटएमवी के अनुसार, बुधवार को रईस गे जावाबू मंच पर मुइज्जू से विदेशी सैनिकों को बाहर निकालने के लिए प्रयासों के बारे में पूछा गया। इस मंच के तहत जनता अपने प्रतिनिधियों से सीधे सवाल पूछ सकती है। मुइज्जू ने कहा, मैं लोगों को आश्वस्त करता हूं कि मालदीव को उस बिंदु पर ले जाया जाएगा, जहां देश में कोई विदेशी सैन्य टुकड़ी नहीं होगी।

यह उल्लेख करते हुए कि मालदीव में स्थित भारतीय सैन्य टुकड़ी को बाहर निकालने के लिए आवश्यक सभी प्रयास आधिकारिक तौर पर उनके पदभार ग्रहण करने के दिन (17 नवंबर, 2023) से शुरू हो गए थे, मुइज्जू ने कहा कि इस संदर्भ में चर्चा, कूटनीतिक सिद्धांतों के अनुसार तेज गति से आगे बढ़ रही है।

न्यूज पोर्टल ने मुइज्जू के हवाले से कहा, उम्मीद है कि एक विमानन प्लेटफॉर्म पर तैनात सैन्य कर्मियों को 10 मार्च तक और शेष प्लेटफॉर्म पर तैनात सैन्यकर्मियों की मई में वापसी हो जाएगी। मौजूदा प्रयास मालदीव के लोगों की क्षमताओं को बढ़ाने से संबंधित हैं। मुइज्जू ने कहा कि मालदीव के लोगों के लिए आपातकालीन चिकित्सा निकासी और देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र की निगरानी की व्यवस्था करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुइज्जू ने सितंबर 2023 के चुनावी मुकाबले में विदेशी सैनिकों को वापस भेजने के वादे के साथ जीत हासिल की थी।

# अमेरिकी सीनेट में यूक्रेन को सहायता देने संबंधी प्रस्ताव गिरा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट में राष्ट्रपति जो बाइडन की अपील के बावजूद रिपब्लिकन पार्टी के समर्थन वापस लेने के कारण सीमा प्रवर्तन उपायों और यूक्रेन को मदद देने संबंधी एक प्रस्ताव मंगलवार को गिर गया। बाइडन ने इस प्रस्ताव के गिरने के लिए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जिम्मेदार ठहराया है। राष्ट्रपति बाइडन की टिप्पणियों के कुछ मिनटों बाद सीनेट में रिपब्लिकन नेता मिच मैक्कॉनेल संसद भवन से बाहर आए और उन्होंने इस प्रस्ताव के गिरने की पुष्टि की। संसद पर ट्रंप का प्रभाव बढ़ रहा है और बाइडन की विदेश नीति बेअसर साबित हो रही है जिसमें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूरोप में अपना दबदबा बढ़ाने से रोकना अहम है। अब कोई निधि न होने के कारण पेंटागन युद्ध के तीसरे साल में प्रवेश करने पर यूक्रेन को और हथियारों की खेप नहीं भेज पा रहा है। रूस के युद्ध लड़ रहा यूक्रेन हथियारों और सैन्य कर्मियों की कमी से जूझ रहा है।

बाइडन ने कहा, यूक्रेन को कोई नई मदद दिए बिना गुजर रहे हर सप्ताह, हर महीने का मतलब है कि यूक्रेन के पास रूसी आक्रमण से अपना बचाव करने के लिए तोप के कम गोले, कम हवाई रक्षा प्रणाली, कम उपकरण है। बाइडन ने यूक्रेन के लिए सहायता के साथ ही अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर अवैध शरणार्थियों को रोकने के लिए 60 अरब डॉलर की योजना पर सीनेट के नेताओं के साथ महीनों तक बातचीत की। रिपब्लिकन पार्टी के इस प्रस्ताव को खारिज करने के बाद राष्ट्रपति और सांसदों के पास अब कांग्रेस के जरिए यूक्रेन को सहायता देने का कोई साफ रास्ता नहीं बचा है। बाइडन ने इस प्रस्ताव के गिरने के लिए ट्रंप को जिम्मेदार ठहराया है जो नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिक पार्टी की तरफ से उनके प्रतिद्वंद्वी हैं। सीनेट में बहुमत के नेता चक शूमर ने मंगलवार को अमेरिकी सीनेट में एक निराशाजनक दिन बताया।

## ईयू के शीर्ष राजनयिक कीव में, रूस ने पूरे यूक्रेन में मिसाइल एवं ड्रोन हमले

**कीव।** रूस ने पूरे यूक्रेन में क्रूज एवं बैलेस्टिक मिसाइल तथा ड्रोन से बुधवार की सुबह हमले किए जिनमें तीन लोगों की मौत हो गई और एक गर्भवती महिला सहित 14 अन्य घायल हो गए। रूस ने ये हमले राजधानी कीव समेत तीन शहरों को निशाना बनाकर किए। हमले ऐसे समय हुए जब यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक जोसेप बोरेल यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य सहायता एवं आर्थिक समर्थन को लेकर चर्चा कर रहे हैं। गोला, बारूद एवं कर्मियों की कमी से जूझ रहे यूक्रेन को पश्चिम की मदद की सख्त दरकार है। कुछ दीर्घकालिक विदेशी फंडिंग भी संदेह के घेरे में है। 24 फरवरी को युद्ध के दो साल पूरे हो जाएंगे। यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने कहा कि उन्होंने सुबह के समय किए गए हमलों के दौरान 64 में से 44 ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराया। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि इस हमले में कीव में दो लोगों की मौत हो गई।

## कर्ट कैम्पबेल अमेरिका के नए उप विदेश मंत्री नियुक्त

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने एशिया मामलों के संबंध में राष्ट्रपति जो बाइडन के शीर्ष सहायक कर्ट कैम्पबेल की उप विदेश मंत्री के पद पर नियुक्ति पर मुहर लगा दी है और उन्हें ऐसा व्यक्ति बताया जिनके पास इस पद पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का काफी अनुभव है। अमेरिकी सीनेट ने अमेरिका-एशिया भागीदारी में अनुभवी माने जाने वाले कैम्पबेल (67) के नाम पर मंगलवार को मुहर लगाई। उन्हें पांच के मुकाबले 92 मत मिले। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं कर्ट कैम्पबेल को नया उप विदेश मंत्री बनने पर बधाई देता हूं और विक्टोरिया नुलैंड का आभार व्यक्त करता हूं जो कार्यवाहक के रूप में इस पद पर काम करती रही हैं। विभाग और देश को इस अहम वक्त में उनकी कूटनीतिक विशेषज्ञता और नेतृत्व से लाभ मिलेगा। इससे पहले, अमेरिकी सीनेटर बेन कार्डिन ने कहा, कैम्पबेल का विशिष्ट करियर उन्हें इस पद पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए गहरा अनुभव प्रदान करता है।

# दक्षिणी फिलीपीन में भूस्खलन, छह लोगों की मौत, 46 अन्य लापता

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपीन में सोने की खदान वाले एक गांव में भूस्खलन होने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई जबकि 46 अन्य लापता हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। लापता होने वाले लोगों में सोने की खदान में काम करने वाले मजदूर भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों, पुलिस और स्वयंसेवकों ने संयुक्त रूप से मिलकर मंगलवार रात डवाओ डी ओरो प्रांत के सुदूर शहर मैको के पहाड़ी गांव मसारा में भूस्खलन की चपेट में आने से घायल हुए 31 ग्रामीणों को वहां से निकाला। उन्होंने अधिक भूस्खलन की आशंका के कारण एक रात पहले तलाशी अभियान स्थगित करने के बाद बुधवार सुबह फिर से अभियान शुरू किया। आपदा प्रतिक्रिया बल के अधिकारियों ने कहा कि भूस्खलन के बाद से 750 से अधिक परिवारों को राहत केंद्रों में ले जाया गया है।

डवाओ डी ओरो प्रांत के प्रवक्ता एडवर्ड मकापीली ने कहा कि लापता लोगों में 27 खनिक भी शामिल थे, जो दो बसों में सवार थे और अपने घर जाने का इंतजार कर रहे थे। एडवर्ड मकापीली ने कहा कि इंतजार कर रहे लोगों में से आठ खनिक बस की खिड़कियों से कूद गए या दूर जा गिरे और बच गए। भूस्खलन के समय तीसरी बस रवाना हो चुकी थी। हाल के सप्ताहों में क्षेत्र में रुक-रुककर होने वाली मूसलाधार बारिश कम हो गई है और पिछले तीन दिनों से मौसम साफ बना हुआ था। एडवर्ड मकापीली ने कहा, यह सब इतना जल्दी हो गया। उन्होंने अचानक भूस्खलन के चलते मलबे को अपनी ओर गिरते देखा। क्षेत्रीय सैन्य प्रवक्ता कर्नल रोजा रोसेटे-मैनुअल ने टेलीफोन पर बताया कि गंभीर रूप से घायल तीन पीड़ितों को हेलीकॉप्टर से निकाला जाएगा। आपदा प्रतिक्रिया विभाग के अधिकारियों के अनुसार हाल के हफ्तों में बाढ़ और भूस्खलन संबंधी घटनाओं के कारण एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों की मौत हो गई है।



अबु धाबी में बनकर तैयार हिन्दू मन्दिर 14 फरवरी को आम लोगों के लिए द्वार खोलेगा।

# न्यू जर्सी ने भारत के साथ सांस्कृतिक आर्थिक संबंध मजबूत करने के लिए आयोग स्थापित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्यू जर्सी राज्य के गवर्नर फिल मर्फी ने भारत के लिए एक आयोग की स्थापना करने वाले शासकीय आदेश पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए, जिसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के साथ द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने का जिम्मा सौंपा जाएगा। शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर के तुरंत बाद मर्फी ने कहा कि पूर्व अमेरिकी राजनयिक वेस्ले मैथ्यूज की अगुवाई वाले न्यू जर्सी-भारत आयोग में 40 से अधिक सदस्य होंगे।

मर्फी ने कहा, मैं आने वाली पीढ़ियों के लिए न्यू जर्सी और भारत के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए न्यू जर्सी-भारत आयोग की स्थापना करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा, 2019 में भारत की मेरी यात्रा के बाद हम न्यू जर्सी और भारत के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं...। इस आयोग का उद्देश्य न्यू जर्सी और भारत के बीच सांस्कृतिक और शैक्षणिक आदान-प्रदान और सतत दीर्घकालीन आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देना है।

भारत के महावाणिज्यदूत बिनय श्रीकांत प्रधान ने कहा, न्यू जर्सी के साथ हमारी साझेदारी कई मायनों में अलग है। यह भारत के आर्थिक लचीलेपन, अत्यधिक सफल भारतीय-अमेरिकी समुदाय की उपस्थिति और अमेरिका की नवाचार की भावना के गतिशील अभिसरण की एक संभावित कहानी है, जो सभी क्षेत्रों में अवसरों को बढ़ावा देती है। भारत, न्यू जर्सी का दूसरा सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेशक है और इसकी प्रवासी आबादी में अधिकतर भारतीय हैं। पिछले दो दशक में भारत ने न्यू जर्सी में दो अरब डॉलर का निवेश किया है जिससे जीव विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे अहम क्षेत्रों में करीब 6,000 नौकरियां पैदा करने में मदद मिली है।

# श्रीलंका के आर्थिक विकास के लिए विदेशी संबंधों का पुनर्मूल्यांकन महत्वपूर्ण: राष्ट्रपति विक्रमसिंघे

**भाषा।** कोलंबो

**श्रीलंका** के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने भूराजनीतिक रुझानों के अनुरूप श्रीलंका के विदेशी संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करने और दिवालिया राष्ट्र के लिए अधिकतम आर्थिक लाभ की आवश्यकता को बुधवार को रेखांकित किया। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने संसद के नए सत्र के उद्घाटन पर अपने नीतिगत भाषण के दौरान कहा कि इसके प्रमुख घटक के रूप में भारत के सहयोग से त्रिंकोमाली को आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए एक कार्यक्रम पहले ही शुरू किया जा चुका है। विक्रमसिंघे ने कहा, मौजूदा जरूरतों और भूराजनीतिक रुझानों के मद्देनजर हमारे विदेशी संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करना जरूरी है। विदेशी संबंधों पर नए सिरे से गौर करते हुए आर्थिक संभावनाओं का लाभ उठाने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

उन्होंने कहा, इसलिए, देश की आर्थिक ताकत को बढ़ाने वाली नई विदेश नीतियों को अपनाना और सभी राष्ट्रों के साथ गुटनिरपेक्ष नीतियों और मित्रता को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। हमारी विदेश नीति की दिशा समसामयिक युग के अनुरूप विकसित हो रही है। विक्रमसिंघे ने उत्पादों को विदेशी बाजारों में प्रवेश की सुविधा प्रदान करने को लेकर आर्थिक संबंधों का नया नेटवर्क स्थापित करने की दिशा में अब तक उठाए गए कदमों को रेखांकित किया और कहा कि लक्ष्य कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) करना है।

श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने मंगलवार को कहा था कि देश की 2024 के अंत तक भारत के साथ एफटीए स्थापित करने की योजना है, जबकि इंडोनेशिया, मलेशिया, वियतनाम और चीन के लिए भी साल के अंत तक इसी तरह के मुक्त व्यापार समझौते पर काम किया जाएगा। हाल में थाईलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए और सिंगापुर के साथ मुक्त व्यापार समझौता पूरी तरह से चालू है।

राष्ट्रपति ने कहा कि श्रीलंका को भी क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसीईपी) में शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, हम यूरोपीय संघ (ईयू) में व्यापार विविधता की सामान्य प्रणाली से जुड़ेंगे। श्रीलंका और भारत ने पिछले साल अक्टूबर में कोलंबो में 12वें दौर की आर्थिक और प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते पर बातचीत फिर से शुरू की। राजनीतिक स्तर पर और ट्रेड यूनियन के विरोध के कारण 2016 और 2018 के बीच कई दौर की बातचीत के बाद वार्ता रुक गई थी।

## ब्रिटेन में भारतीय मूल की राजनीतिज्ञ श्रीला फ्लेदर का निधन

**लंदन।** भारतीय मूल की शिक्षिका एवं राजनीतिज्ञ श्रीला फ्लेदर का मंगलवार को ब्रिटेन में निधन हो गया। वह 89 वर्ष की थीं। श्रीला शिक्षिका एवं राजनीतिज्ञ होने के साथ ही हाउस ऑफ लॉर्ड्स में अपनी खूबसूरत साड़ियों के लिए जानी जाती थीं और वह विंडसर की बैरोनेस फ्लेदर तथा बर्कशायर की मेडेनहेड के रूप में एक लाइफ पीयर थीं। लाइफ पीयर वह पदवी होती है जो किसी अन्य स्थानांतरित नहीं की जा सकती और ब्रिटिश प्रधानमंत्री द्वारा यह पदवी प्रदान की जाती है। मेमोरियल गेट्स काउंसिल की आजीवन अध्यक्ष के रूप में, उन्होंने विश्व युद्ध के दौरान लगभग 50 लाख राष्ट्रमंडल सैनिकों द्वारा युद्ध में दी गई सेवा के लिए श्रद्धांजलि स्वरूप लंदन के हाइड पार्क कॉर्नर में प्रतिष्ठित मेमोरियल गेट्स के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके परिवार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, बैरोनेस फ्लेदर एक पथप्रदर्शक थीं।

# अमेरिका में भारतीय छात्रों पर हमले जारी, एक और छात्र मृत मिला

**भाषा।** न्यूयॉर्क (अमेरिका)

**अमेरिका** में भारतीय छात्रों पर एक के बाद एक हमले की परेशान करने वाली घटनाएं सामने आ रही हैं। इंडियाना राज्य में स्थित प्रतिष्ठित पर्ज्यू विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रहा एक भारतीय छात्र मृत पाया गया है जबकि शिकागो शहर में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) की पढ़ाई कर रहे एक और भारतीय छात्र के साथ बेरहमी से मार-पीट की गई। रविवार से भारतीय छात्रों पर हमले की एक के बाद एक घटनाएं सामने आई हैं और अकेले 2024 में ही ऐसी छह घटना दर्ज की गई है।

विश्वविद्यालय की स्वतंत्र समाचार एजेंसी द पर्ज्यू एक्स्पोनेंट के अनुसार, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रहा समीर कामथ (23) सोमवार को वारेन काउंटी में मृत पाया गया। एजेंसी ने वारेन काउंटी के कोरोनर जस्टिन ब्रमेट के हवाले से बताया कि कामथ का शव क्रोज ग्रोव में पाया गया। मैसाच्युसेट्स विश्वविद्यालय, एमहर्स्ट से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री लेने के बाद कामत ने 2021 में पर्ज्यू विश्वविद्यालय में दाखिला लिया। उसे 2025 में डॉक्टरेट की उपाधि मिलनी थी। वहीं, एक अन्य घटना में अमेरिका के शिकागो शहर में आईटी की पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्र सैयद मजाहिर अली के साथ उसके घर के समीप अज्ञात लोगों ने बेरहमी से मार-पीट की।

सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में चार फरवरी की रात को तीन लोगों को सैयद मजाहिर अली का पीछा करते देखा गया। एक्स पर पोस्ट एक अलग वीडियो में अली की नाक और चेहरे से खून निकलते हुए और उसके कपड़ों पर खून के धब्बे देखे जा सकते हैं। करीब छह महीने पहले हैदराबाद से अमेरिका आए अली ने एबीसी7 आईविटनेस न्यूज को बताया कि एक हमलावर ने उस पर बंदूक तानी थी। वीडियो फुटेज में अली रात को अपने घर की ओर पैदल जाते हुए देखा गया और उसके हाथ में एक पैकेट था,इस दौरान तीन पुरुष उसका पीछा कर रहे थे। अली ने कहा कि हमलावरों ने उसे आंख और नाक, पसलियों और कमर पर मुक्के मारे। एबीसी7 की खबर में कहा गया है कि उसे एक स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया जहां उसका इलाज किया गया। एक्स पर मिली जानकारी के अनुसार, अली इंडियाना वेस्लेयान यूनिवर्सिटी से सूचना प्रौद्योगिकी में परास्नातक कर रहा है। उसने कहा कि वह इस हमले को भुला नहीं पाएगा। उसने चैनल से कहा, अमेरिका मेरे सपनों का देश रहा है और मैं यहां अपने सपने पूरे करने और परास्नातक की पढ़ाई करने के लिए आया हूं। इस घटना से मुझे सदमा लगा है। खबर में कहा गया है कि पुलिस ने किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

शिकागो में भारत के महावाणिज्य दूत ने एक्स पर कहा कि महावाणिज्य दूत सैयद मजाहिर अली और भारत में उनकी पत्नी सैयदा रुकैया फातिमा रिजवी के संपर्क में है तथा उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। दूतावास ने मामले की जांच कर रहे स्थानीय प्राधिकारियों से भी संपर्क किया है। अली की पत्नी ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से उन्हें अपने तीन नाबालिग बच्चों के साथ अमेरिका आने में मदद करने का अनुरोध किया है। बीते सप्ताह ओहायो राज्य में लिंडनर स्कूल ऑफ बिजनेस का 19 वर्षीय छात्र श्रेयस रेड्डी बेनिगर मृत पाया गया। हालांकि, स्थानीय प्राधिकारियों ने किसी साजिश की आशंका से इनकार किया है। इंडियाना के पर्ज्यू विश्वविद्यालय का ही एक और भारतीय छात्र नील आचार्य 28 जनवरी को लापता होने के कुछ दिन बाद मृत पाया गया। इस घटना से कुछ दिन पहले ही जॉर्जिया के लिथोनिया शहर में एक नशेडी ने 25 वर्षीय भारतीय छात्र विवेक सैनी की हथौड़े से वार कर हत्या कर दी थी। पिछले महीने इलिनॉय अर्बाना-शैंपेन विश्वविद्यालय में 18 वर्षीय अकुल बी. धवन मृत पाया गया था। उसमें हाइपोथर्मिया के लक्षण पाए गए थे।

# बुलंदी पर बुमराह



**भाषा।** दुबई

**इंग्लैंड के** खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद जसप्रीत बुमराह बुधवार को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए। विशाखापत्तनम में इस 30 साल के गेंदबाज ने नौ विकेट लेकर पैट कमिंस, कागिसो रबाडा और रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ दिया। वह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले देश के चौथे खिलाड़ी है।

इससे पहले बिशन सिंह बेदी, अश्विन और रविंद्र जडेजा रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे हैं। बुमराह ने इस रैंकिंग में अश्विन की जगह ली जो पिछले 11 महीने से इस सूची में शीर्ष पर थे। टेस्ट मैच में 499 विकेट लेने वाले अश्विन तीसरे स्थान पर खिसक गए। बुमराह के नाम 881 रेटिंग अंक है। वह सबसे ज्यादा रेटिंग अंक हासिल करने के मामले में अश्विन (904) और जडेजा

### आईसीसी रैंकिंग: नंबर 1 टेस्ट बॉलर बनने वाले पहले भारतीय पेस बने अश्विन तीसरे स्थान पर-बल्लेबाजों की सूची में विशाखापत्तनम में दोहरा शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी 37 पायदान ऊपर 29वें स्थान पर पहुंच गए

(899) के बाद चौथे स्थान पर है। अश्विन और जडेजा मार्च 2017 में संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे।बल्लेबाजों की सूची में विशाखापत्तनम में दोहरा शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल 37 पायदान ऊपर 29वें स्थान पर पहुंच गए जबकि दूसरी पारी में शतक लगाने के बाद शुभमन गिल 14 पायदान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली विशाखापत्तनम टेस्ट के बाद आठ स्थान ऊपर चढ़कर 22वें पायदान पर आ गए है। उन्होंने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 76 और 73 रन की पारी खेली थी। इंग्लैंड के युवा लेग स्पिनर रेहान अहमद 14 पायदान ऊपर 70वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि अपने शुरुआती दोनों टेस्ट मैचों में 50 रन और पांच विकेट लेने वाले इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी बने टॉम हार्टले दोनों सूची में सुधार करने में सफल रहे। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में 103 से 95वें स्थान जबकि गेंदबाजी में 63वें से 53वें स्थान पर आ गए। इस रैंकिंग में श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच खेले गए मैच को भी शामिल किया गया है। मैच में आठ विकेट लेने वाले श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या तीन स्थान के सुधार के साथ करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गए है।

# उदय और मुझे पूरा भरोसा था

## अंडर-19 विश्व कप सेमीफाइनल में जीत के बाद सचिन धास ने कहा

**भाषा।** बेनोनी

**दक्षिण अफ्रीका** के खिलाफ अंडर-19 विश्व कप सेमीफाइनल में 96 रन की पारी खेलने वाले आक्रामक बल्लेबाज सचिन धास ने कहा कि 245 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 32 रन पर चार विकेट गंवाने के बावजूद उन्होंने और कप्तान उदय सहारन ने कभी भरोसा नहीं छोड़ा। भारत ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका पर रोमांचक जीत से नौवीं दफा अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया। सचिन ने 95 गेंद में 96 रन की पारी खेली जबकि उदय ने 124 गेंद में 81 रन बनाकर भारत को इस मुश्किल हालत से उबरने में मदद की। सचिन ने मैच खत्म होने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हमारी योजना अंत तक बल्लेबाजी करने की थी। हमें पूरा भरोसा था कि हम जीत तक पहुंच सकते हैं। लेकिन हम क्रीज पर डटे नहीं रह सके, कोई बात नहीं लेकिन हमने मैच जीता और यही मायने रखता है। मैं उदय को बता रहा था कि हम अंत तक खेलेंगे। उन्होंने कहा, हमें लगा कि हम समय लेकर अपनी पारी को आगे बढ़ाएंगे और प्रतिद्वंद्वी के गेंदबाजी आक्रमण को समझेंगे। हमारे बीच जो बातचीत हुई, वह लंबे समय तक बल्लेबाजी करने की थी ताकि हम मैच का नतीजा अपने हक में



करवा सकें। इन दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 171 रन की भागीदारी निभाई जिससे टीम लक्ष्य के करीब पहुंची।सचिन ने कहा, दक्षिण अफ्रीका अच्छी गेंदबाजी कर रहा था। इसलिए यह थोड़ा कठिन था। लेकिन उदय और मुझे भरोसा था और हमें लगा कि एक बड़ी भागीदारी हमें मैच में जीत दिला सकती है।

### उदय ने कप्तानी और बल्लेबाजी में दिखाई मानसिक मजबूती

नई दिल्ली,। अंडर-19 विश्व कप में भारतीय टीम को फाइनल मे पहुंचाने मे अहम भूमिका निभाने वाले उदय सहारन ने अपनी बल्लेबाजी और कप्तानी मे दबाव मे ना बिखरने वाली मानसिक मजबूती दिखाई है। पिछले साल जूनियर एशिया कप के चयन से पहले अंडर-19 चैलेंजर टूर्नामेंट मे उनका बल्ला नही चल रहा था जिससे उनके पिता संजीव सहारन राष्ट्रीय टीम मे इस खिलाड़ी की जगह को लेकर चिंतित हो गए थे।संजीव ने पीटीआई-भाषा से कहा, उदय रन नही बना पा रहा था जिससे मै चिंतित था। वह हालांकि मुझसे कहता था कि पापा आप चिंता मत करिए, मै लय हासिल कर लूंगा। इससे उदय का आत्मविश्वास झलकता था। मै ऐसा इसलिए नही कह रहा हूं कि उदय मेरा बेटा है लेकिन आप 19 साल की उम्र में इस तरह की परिपक्वता की उम्मीद नही कर सकते है। सेमीफाइनल मे मंगलवार को भारतीय टीम 245 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 32 रन पर चार विकेट गंवा कर मुश्किल में थी। सहारन (81) ने सचिन धास (96) के साथ पांचवे विकेट के लिए 171 रन की शानदार साझेदारी कर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। भारतीय टीम लगातार पांचवी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल मे पहुंची है।

# पिता के सपने को पूरा कर रहे सचिन

**नई दिल्ली।** सचिन धास की पुलिस अधिकारी मां नहीं चाहती थीं कि वह क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करें लेकिन उनके पिता जानते थे कि वह इस खेल के लिए ही बना है। दक्षिण अफ्रीका में खेले जा रहे अंडर-19 विश्व कप में महाराष्ट्र के बीड जिले का यह खिलाड़ी टीम के सबसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरा है। टीम में फिनिशर की भूमिका निभाने वाले सचिन ने 100 से अधिक की स्ट्राइरेट से 294 रन बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विश्व कप के सेमीफाइनल में जीत के लिए 245 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 32 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे लेकिन सचिन (96) ने कप्तान उदय सहारन (81) के साथ पांचवें विकेट के लिए 171 रन की शानदार साझेदारी कर टीम की जीत की नींव रखी। उनकी इस पारी से भारत लगातार पांचवीं बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में



पहुंचा। सचिन के करियर के शुरुआती दिनों में आकार देने वाले बीड के सबसे लोकप्रिय को में से एक शेख अजहर ने कहा, हमारे पास यहां (बीड में) केवल आधी पिचें (लगभग 11 गज) हैं। सचिन साढ़े चार साल की उम्र में अपने पिता के जब यहां आए थे तब उन्होंने भी आधी पिचों पर प्रशिक्षण लिया था। इस खिलाड़ी का नाम महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से प्रेरित है और वह मैदान पर तेंदुलकर की तरह 10 नंबर के साथ जर्सी पहनते हैं। वह हालांकि विराट कोहली के प्रशंसक है। सचिन के पिता संजय ने पीटीआई-भाषा से कहा, जब 2005 में उसका जन्म हुआ तो मैंने उनका नाम सचिन तेंदुलकर के नाम पर रखा क्योंकि मैं उनका बहुत बड़ा प्रशंसक था, लेकिन वह विराट कोहली को भी बहुत पसंद करता है।

उन्होंने कहा, सचिन का कोई दोस्त नहीं है। मैं ही उसका दोस्त हूँ। वह किसी शादी, किसी जन्मदिन में कहीं नहीं गया। मैंने ऐसा कुछ नहीं करने दिया जिससे उसका ध्यान क्रिकेट से हटे। उन्होंने कहा, उसकी मां पुलिस में है तो वह बहुत अनुशासित है। इस बीच संजय के पास बेटे की शानदार पारी के लिए बधाई देने के लिए लगातार फोन कॉल आ रहे थे। सचिन की मां सुरेखा 2010 में महाराष्ट्र पुलिस से जुड़ी और वह अब सहायक पुलिस निरीक्षक के पद पर है। संजय ने कहा, एक पुलिस अधिकारी के तौर पर उनके काम के घंटे तय नहीं हैं और वह कभी नहीं चाहती थीं कि सचिन का पूरा ध्यान क्रिकेट पर रहे। इस बात को लेकर बीच मतभेद थे लेकिन मैं जानता था कि मेरा बेटा क्रिकेटर ही बनेगा। उन्होंने हंसते हुए कहा, धीरे-धीरे वह समझ गई और अब ड्यूटी के बीच में अपने फोन पर विश्व कप के मैच देखती है। सचिन के अभ्यास के घंटों के बारे में पूछे जाने पर संजय ने कहा, वह सुबह चार घंटे और शाम को साढ़े तीन घंटे अभ्यास करता है, इसमें जिम का समय भी शामिल है। मुझे कोच अजहर को श्रेय देना चाहिए। उनके बिना हमने यह दिन नहीं देखा होता।

# अगले दो टेस्ट मैचों से भी बाहर रह सकते हैं कोहली

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और चौथे टेस्ट मैच से भी बाहर रह सकते हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोहली व्यक्तिगत कारणों से ही पहले दो टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। उनका धर्मशाला में सात से 11 मार्च तक होने वाले अंतिम टेस्ट मैच में खेलना भी संदिग्ध है लेकिन बीसीसीआई अभी इतने आगे के बारे में नहीं सोच रहा है, क्योंकि यह मैच एक महीने बाद शुरू होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच 15 से 19 फरवरी के बीच राजकोट में जबकि चौथा मैच 23 से 27 फरवरी के बीच रांची में खेला जाएगा। कोहली के मित्र और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने हाल में अपने यूट्यूब चैनल पर खुलासा किया था कि भारत का यह दिग्गज बल्लेबाज दूसरी बार पिता बनने वाला है और इसलिए वह इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल पा रहे हैं। बीसीसीआई के सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, बीसीसीआई फिर से स्पष्ट करना चाहता है कि जब भी परिवार के मामलों की बात आती है तो बोर्ड हमेशा क्रिकेटर का साथ देता है तथा विराट कब वापसी करना चाहते हैं यह उनका फैसला होगा। फिलहाल उनके श्रृंखला में खेलने की संभावना नहीं दिख रही है। दूसरा बड़ा सवाल जसप्रीत



बुमराह के कार्यभार प्रबंधन का है। उन्होंने दूसरे टेस्ट मैच में 33 ओवर किए थे जिम नौ विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।तीसरे टेस्ट मैच का परिणाम श्रृंखला में अहम भूमिका निभा सकता है और इसलिए राजकोट में होने वाले मैच में बुमराह को विश्राम देना आसान नहीं होगा। उन्हें हालांकि रांची में होने वाले मैच में विश्राम दिया जा सकता है।केएल राहुल की तीसरे मैच में वापसी तय है और ऐसे में रजत पाटीदार को बाहर बैठना पड़ेगा जबकि श्रेयस अय्यर को एक और मौका मिलना सुनिश्चित है। रविंद्र जडेजा भी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से अच्छी तरह से उबर रहे हैं लेकिन उनके राजकोट में अपने घरेलू मैदान पर खेलने की संभावना कम है।तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को कार्यभार प्रबंधन के तहत दूसरे टेस्ट मैच में विश्राम दिया गया था और वह तीसरे टेस्ट मैच में वह मुकेश कुमार की जगह अंतिम एकादश में शामिल होंगे।

# अमित पंघाल, आकाश स्ट्रैंड्जा मुक्केबाजी के क्वार्टर फाइनल में

सोफिया (बुल्गारिया)। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल, राष्ट्रीय चैंपियन आकाश और अभिमन्यु लौरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां 75वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अमित ने 51 किग्रा भार वर्ग में यूक्रेन के रुडिक मैक्सीम के खिलाफ शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया और 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज की। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला शुक्रवार को मंगोलिया के एल्डारखिशिग बटुल्गा से होगा।आकाश (71 किग्रा) को हालांकि फ्रांस के ट्राओरे माकन की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाज ने पहले दो राउंड में अच्छा खेल दिखाया था जिसके दम पर वह 3-। से जीत दर्ज करने में सफल रहे। उनका अगला मुकाबला शुक्रवार को आयरलैंड के मैकीवर यूजीन से होगा। अभिमन्यु (80 किग्रा) ने फ्रांस के मोनी राफेल के खिलाफ अपनी पहुंच का अच्छा फायदा उठाया और करारे मुक्के जमाए जिनका उनके प्रतिद्वंद्वी के पास कोई जवाब नहीं था। हरियाणा के इस मुक्केबाज ने 5-0 के अंतर से जीत हासिल की। वह शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में चीन के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता तुओहेटेरबीके तंगलातिहान से भिड़ेंगे। क्वार्टर फाइनल के मुकाबले गुरुवार से शुरू हो जाएंगे जिसमें महिला वर्ग में निखत जरीन (50 किग्रा) का मुकाबला फ्रांस की लखदिरी वासिला से, साक्षी (57 किग्रा) का उज्बेकिस्तान की मामाजोनोवा खुमोराबोनू से और अरुंधति चौधरी (66 किग्रा) का सर्बिया की माटोविच मिलिना से होगा। ुगनू (86 किग्रा) और सागर (92 किग्रा से अधिक) क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान के क्रमश: जालोलोव समंदर और ज़ोकिरोव जखोंगिर से भिड़ेंगे।

# रोडियोनोवा और पिगोसी मुंबई ओपन से बाहर, सहजा-वैष्णवी की भारतीय जोड़ी हारी

मुंबई। अरीना रोडियोनोवा और लोरा पिगोसी को बुधवार को यहां एल एवं टी मुंबई ओपन की एकल स्पर्धा में हार का सामना करना पड़ा। इससे शीर्ष पांच वरीय खिलाड़ी टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाने में विफल रहीं। चौथी वरीय रोडियोनोवा को नीदरलैंड की अरियाना हार्टोनो से 4-6, 4-6 से जबकि पांचवीं वरीयता प्राप्त पिगोसी को आस्ट्रेलिया की स्टोर्म हंटर से 3-6, 3-6 से पराजय झेलनी पड़ी। युगल स्पर्धा में सहजा यमलापल्ली और वैष्णवी अदकर की भारतीय जोड़ी को दूसरी वरीयता प्राप्त सबरीना संतामारिया और डालिला जाकुपोविच की जोड़ी से 3-6, 6-7 से हार मिली। गुरूवार को यमलापल्ली ने पहले दौर में शीर्ष वरीय काइला डे को हराकर उलटफेर किया था। अब वह एकल स्पर्धा के दूसरे दौर में पोलिना कुदेरमेतोवा से भिड़ेंगी।

# हौसलों का संग और निगाहें पैरालंपिक पर



### पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मानसी जोशी, मंदीप कौर और पलक कोहली की निगाहें 20 से 25 तक पटाया में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन से इस साल के अंत में होने वाले पैरालंपिक में जगह बनाने पर लगी हैं

मुंबई> भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मानसी जोशी, मंदीप कौर और पलक कोहली की निगाहें 20 से 25 तक पटाया में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन से इस साल के अंत में होने वाले पैरालंपिक में जगह बनाने पर लगी हैं। भारत ने पिछले साल हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में ऐतिहासिक 111 पदकों में से 21 पदक बैडमिंटन में हासिल किए थे जिसमें मानसी और मंदीप ने एकल में कांस्य पदक जीते थे। महिलाओं की एसएल3-एसयू5 युगल स्पर्धा में मानसी ने टी मुरूगेसन के साथ रजत पदक और मंदीप ने मनीषा रामदास के साथ कांस्य पदक जीता था।

मानसी ने प्रायोजक द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पीटीआई से कहा, हम सभी विश्व चैम्पियनशिप में खेलेंगे जिसके लिए हम 17 फरवरी को जा रहे हैं। यह फाइनल है, यह पैरालंपिक क्वालीफिकेशन वर्ष का अंत है। उन्होंनेकहा, क्वालीफिकेशन प्रक्रिया 31 मार्च को खत्म हो रही है, इस दिन से हमारी रैंकिंग और रेस टू पेरिस यही पर रूक जाएगी। इसलिए यह विश्व चैम्पियनशिप हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। मंदीप ने कहा, हमें पैरा एशियाई खेलों से पहले ट्रेनिंग करने का ज्यादा समय नहीं मिला था। लगातार टूर्नामेंट हो रहे हैं। लेकिन विश्व चैम्पियनशिप से पहले हमें ट्रेनिंग के लिए करीब दो महीने मिले और हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उम्मीद है कि हम अपना शत प्रतिशत देंगे। इक्कीस साल की पलक हड्डी में ट्यूमर से उबर चुकी हैं, उन्होंने कहा कि वह आगामी चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार हैं। पलक ने कहा, इस साल मेरा लक्ष्य पेरिस पैरालंपिक है। मैं पेरिस में पोडियम स्थान के अलावा प्रदर्शन के बारे में नहीं सोच रही हूं। उन्होंने कहा, पिछला साल मेरे लिए वापसी के बारे में रहा था। 2022 में मुझे नहीं पता था कि आगे मेरी जिंदगी में क्या होगा। मैं जीवन के उस दौर में संघर्ष कर रही थी, नहीं पता था कि मैं कल रहूंगी या नहीं। पलक ने कहा, लेकिन दिन बीतते रहते हैं और आप मजबूत होते रहते हैं।

# सैफ अंडर-19 महिला फाइनल में भारत का सामना मजबूत बांग्लादेश से

ढाका। भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को यहां जब सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के फाइनल में मेजबान बांग्लादेश से भिड़ेगी तो उसकी निगाह मिथक तोड़कर खिताब हासिल करने पर होगी। भारत में महिला फुटबॉल में सुधार के बावजूद आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। भारतीय महिला टीम को सैफ प्रतियोगिताओं में एक से अधिक बार खिताब से हाथ धोना पड़ा था। वह पिछले साल ही सैफ अंडर-20 प्रतियोगिता के फाइनल में बांग्लादेश से हार गई थी। ऐसे में भारतीय टीम के पास अपने रिकॉर्ड में सुधार करने का यह शानदार मौका है। भारतीय टीम ने वर्तमान प्रतियोगिता में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने ग्रुप चरण में भूटान (10-0) और नेपाल (4-0) को आसानी से हराया था लेकिन बांग्लादेश से वह एकमात्र गोल से हार गई थी।

# भारतीय ट्रैप निशानेबाज रबात शॉटगन विश्व कप में क्वालीफिकेशन मार्क से चूके

नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाज भोवनीश मेंदिरत्ता और जोरावर संधू मोरक्को के रबात में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप शॉटगन में दूसरे दिन पुरुष ट्रैप क्वालीफायर में 118 अंक के स्कोर से क्रमश: 16वें और 19वें स्थान पर रहे। छठे और फाइनल स्पॉट के लिए शूटऑफ मार्क 119 अंक का था। महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में भी निराशा ही हाथ लगी क्योंकि राजेश्वरी कुमार 113 अंक से आठवें स्थान पर रहीं। छठा और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान 114 अंक पर था।सभी छह भारतीय निशानेबाज इस तरह पदक की दौड़ से बाहर हो गए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।